# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 1 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 255 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




हजारीबाग में मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार तस्कर

## संक्षिप्त समाचार

### बीसीसीएल कर्मी की संदिग्ध अवस्था में मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पुटकी कोलियरी में कार्यरत बीसीसीएल कर्मी अर्जुन कोड़ा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना के तीसरे दिन भी परिजन शव के साथ पीबी एरिया कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। वे मृतक के आश्रित को तत्काल नियोजन, मामले की उच्चस्तरीय जांच और उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। धरनास्थल पर स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों का लगातार समर्थन मिल रहा है।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मानगो थाना क्षेत्र स्थित दाईगुटु कावेरी रोड पर उर्मिला देवी के मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस घटना में घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि आग लगने के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा घर उसकी चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया।

### छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के बरगण्डा क्षेत्र में शनिवार को इंटर की एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। छात्रा ने किराए के कमरे में फांसी के फंदे से लटक जान दे दी। इससे पहले उसने अपने मोबाइल फोन से फैमिली को मैसेज किया। उसमें लिखा-जहर खा ली हूं, बचा पाओगे तो बचा लो। परिजन जब उसके कमरे पर पहुंचे तो अंदर छात्रा फांसी के फंदे से लटकी मिली। छात्रा ने ऐसा क्यों किया, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक की पत्थर से वार कर हत्या

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बड़ाजामदा थाना क्षेत्र में एक युवक की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय रवि सांडिल उर्फ चंडी के रूप में हुई है, जो एक अधूरे मकान की छत पर सो रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेजा है। घटनास्थल से खून से सना पत्थर और एक चाकू बरामद किया गया है।

### ऑनलाइन गेम की लत ने ली जान

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के झुमरी गांव में ऑनलाइन गेमिंग की लत एक परिवार के लिए त्रासदी बन गई। यहां 20 वर्षीय युवक ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मनोज यादव के पुत्र मोहित यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मोहित ऑनलाइन गेमिंग में काफी रुचि रखता था। इसी को लेकर वह लंबे समय से मानसिक दबाव में चल रहा था। बीती रात उसने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया।

## सीबीआइ ने रिश्वत लेते सेना के हवलदार और उसके रिश्तेदार को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने सेना के हवलदार मुकेश कुमार राय व उसके सहयोगी रिश्तेदार दिनेश कुमार राय को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। सीबीआइ ने आरोपितों की निशानदेही पर उसके घर में भी तलाशी ली जहां से डिजिटल डिवाइस आदि की बरामदगी हुई है। अब सीबीआइ उक्त इलेक्ट्रानिक उपकरणों की जांच करेगी जिससे और जानकारी सामने आएगी। सीबीआइ को आशंका है कि सेना में संगठित रूप से रिश्वत उगाही का खेल चल रहा है जिसकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को सीबीआइ ने शनिवार को रांची स्थित विशेष अदालत में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार सेना के हवलदार मुकेश कुमा राय रांची हवाई अड्डे के समीप रक्षा भूमि एनओसी आरएंडओ एफएलटी यूनिट, 56 एपीओ में पदस्थापित है। उसपर सेनाभूमि पर बने रहे अपार्टमेंट को पूरा करने के एवज में ठेकेदार से पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। रिश्वत की दूसरी किस्त की राशि लेते वक्त सीबीआइ ने उसे दबोचा है। इस मामले में सीबीआइ में 30 जनवरी 2026 को कांड संख्या आरसी 0242026सी004/26 में प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता रांची के हटिया के सिंहमोड़ कल्याणपुर निवासी शिवम उर्फ बिशु हैं। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि सेना की जमीन पर बन रहे सुदर्शन अपार्टमेंट की ढलाई व निर्माण कार्य पूरा करने के एवज में उनसे आरोपित हवलदार मुकेश कुमार राय ने पांच लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इस मांग के बदले में ठेकेदार शिवम उर्फ बिशु ने हवलदार को 13 जनवरी को 50 हजार रुपये की रिश्वत दे दी थी। कुल मांग की किस्त के रूप में हवलदार ने ठेकेदार पर डेढ़ लाख रुपये और देने का दबाव बनाया। बातचीत के क्रम में हवलदार ने 30 जनवरी के 50 हजार रुपये की दूसरी किस्त स्वीकारने पर सहमति जताई। शिकायत मिलने के बाद सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज की और हवलदार की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। 30 जनवरी को हवलदार मुकेश कुमार राय व उसके रिश्तेदार सहयोगी दिनेश कुमार राय ने जैसे ही 50 हजार रुपये रिश्वत में ली, सीबीआइ ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उनके आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया गया, जहां से दस्तावेज, डिजिटल उपकरण आदि मिले हैं। अब सीबीआइ दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। मामले की जांच जारी है।

## 40 लाख के मादक पदार्थ जब्त, आठ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 40 लाख रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। यह कार्रवाई दो थानों में की गई, जिसमें कुल आठ नशे के तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पहली कार्रवाई हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र में हुई। यहां से लगभग 166 ग्राम ब्राउन शुगर, साढ़े तीन लाख रुपए नकद, दो मोटरसाइकिल और छह मोबाइल फोन जब्त किए गए। जब्त ब्राउन शुगर का बाजार मूल्य करीब 20 लाख रुपए आंका गया है। इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सावन कुमार, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार, अनिल कुमार, संतोष कुमार साव, योगेश प्रसाद और धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। ये सभी हजारीबाग और चतरा जिले के निवासी हैं। दूसरी कार्रवाई टाटीझरिया थाना क्षेत्र में की गई। बोधा जंगल से अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त की गई जिसमें लगभग 60 पेटी विदेशी शराब शामिल है। इसका बाजार मूल्य करीब 20 लाख रुपए बताया जा रहा है। इस मामले में एक आरोपी रामचंद्र साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने 60 पेटी विदेशी शराब के साथ एक पिकअप बोलेरो भी जब्त की है। कुल मिलाकर लगभग 40 लाख रुपए के अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं और आठ आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि नशे के खिलाफ यह कार्रवाई पिछले कई दिनों से लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## वन विभाग की सतर्कता से लाखों का गांजा बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** जिले के कुंजला क्षेत्र में वन विभाग की सतर्कता से नारियल की आड़ में की जा रही गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा हुआ है। अवैध लकड़ी तस्करी की सूचना पर सड़कों पर वाहनों की जांच के दौरान वन विभाग की गश्ती टीम ने एक संदिग्ध ट्रक को रोका, जिसकी तलाशी में लाखों रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया गया है। जांच के दौरान ट्रक के ऊपर बड़ी मात्रा में नारियल लदा पाया गया जबकि नीचे बोरे में छिपाकर भारी मात्रा में गांजा रखा गया था। आशंका जताई जा रही है कि नारियल लोड कर मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही थी ताकि किसी को शक न हो। कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक, खलासी सहित एक अन्य व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही प्रभारी वनपाल प्रवीण कुमार सिंह ने तत्काल खूंटी थाना प्रभारी अशोक सिंह और एनडीपीएस थाना को सूचित किया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की। बाद में ट्रक को खूंटी एनडीपीएस थाना के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि वन विभाग के कर्मियों द्वारा सड़क से गांजा लदे ट्रक को जब्त किया गया है। गांजे का वजन कराए जाने के बाद उसकी कीमत का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल ट्रक नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है और फरार तस्करों की तलाश तेज कर दी गई है। इस कार्रवाई से वन विभाग की सतर्कता और समन्वय की सराहना की जा रही है, वहीं क्षेत्र में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप मच गया है।

## फायरिंग की दो घटनाओं का खुलासा, पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई फायरिंग की दो अलग-अलग घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इन मामलों में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने बताया कि पहली घटना 19 जनवरी की रात हुसैनाबाद थाना अंतर्गत कजरात नावाडीह गांव में हुई थी। यहां अवैध शराब कारोबार को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट और हवाई फायरिंग हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की और दोषियों की पहचान की। दूसरी घटना 20 जनवरी को जपला के एके सिंह कॉलेज परिसर में सामने आई। परीक्षा के दौरान छात्रों के बीच आपसी विवाद हो गया। आरोप है कि छात्र आयुष कुमार सिंह उर्फ सिद्धू ने अपने साथियों को बुलाकर छात्र सत्यम कुमार सिंह के साथ मारपीट की और हवाई फायरिंग भी की जिससे कॉलेज परिसर में अफरातफरी मच गई। घायल छात्र के आवेदन पर पुलिस ने जांच शुरू की। एसडीपीओ ने दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए अपने नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया। इस टीम ने मानवीय सूचना, तकनीकी शाखा और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान टीम ने दोनों घटनाओं में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए। गिरफ्तार आरोपी रौशन कुमार सिंह की निशानदेही पर फायरिंग में इस्तेमाल किया गया एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और मारपीट में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जब्त की गई। पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## घर बैठे अपडेट होगा आधार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** रांची विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सेमिनार हॉल में शनिवार को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के निदेशक राजेश कुमार सिन्हा का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. डीके सिंह की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों और शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में राजेश कुमार सिन्हा ने आधार से जुड़े नवीनतम तकनीकी बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 28 जनवरी को आधार मोबाइल ऐप का पूर्ण संस्करण लॉन्च कर दिया गया है। इस ऐप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अब नागरिकों को छोटे-बड़े सुधारों के लिए आधार सेवा केंद्रों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

## प्रेशर हॉर्न और बाइक साइलेंसर पर चला बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** राजधानी रांची में शनिवार को ट्रैफिक एसपी और ग्रामीण एसपी की अगुवाई में शहर में 250 से ज्यादा प्रेशर हॉर्न और करीब 400 साइलेंसर पर बुलडोजर चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर 700 से ज्यादा साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न जब्त किए थे। रांची ट्रैफिक पुलिस द्वारा हाल के दिनों में प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाई साइलेंसर को लेकर बड़ा अभियान चलाया गया था। इस दौरान 700 से ज्यादा बाइक सवारों का चालान काटा गया। साथ ही साइलेंसर के साथ-साथ प्रेशर हॉर्न को भी जब्त किए गए। शनिवार को साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न को रांची पुलिस लाइन में नष्ट किया गया। इसके लिए बाकायदा सभी 700 प्रेशर हॉर्न और साइलेंसर पर एक साथ बुलडोजर चलाकर उसे पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया गया। रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर कार या बाइक में लगाना ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है। इसकी वजह से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। शिकायत मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस के द्वारा एक बड़ा अभियान चलाया गया और एक महीने के भीतर ही 700 से ज्यादा प्रेशर हॉर्न और साइलेंसर को जब्त किया गया। उसे शनिवार को पुलिस लाइन में बुलडोजर चलाकर सभी को नष्ट कर दिया गया। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि यह अभियान अब ग्रामीण क्षेत्र में भी चलाया जाएगा ताकि लोगों को राहत मिल सके। मौके पर मौजूद रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के द्वारा न सिर्फ प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर को जब्त किया गया बल्कि उसमें लगने वाले विभिन्न तरह के लाइट्स जो सड़क पर ड्राइविंग के दौरान व्यवधान पैदा करते थे उन्हें भी नष्ट किया गया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि यह प्रक्रिया उन लोगों के लिए सबक है, जो नियमों का उल्लंघन कर अपने बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर सहित विभिन्न तरह के प्रतिबंधित उपकरण लगाते हैं। बता दें कि हाल के दिनों में रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह को कई बुजुर्गों ने यह शिकायत की थी कि खासकर अस्पताल के बाहर और रात के समय मोडिफाइड साइलेंसर की वजह से बाइक काफी तेज आवाज करती है, जिसकी वजह से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह की शिकायतें अन्य लोगों के द्वारा भी ट्रैफिक एसपी तक पहुंचाई गई थी। जिसके बाद एक बड़ा अभियान चलाकर यह कार्रवाई की गई।

## प्रशासन के लिए दोतरफा चुनौती बना बाउंड्री विवाद

### वकीलों के बाद अब स्वास्थ्यकर्मियों का आंदोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** बार एसोसिएशन और सदर अस्पताल परिसर के बीच रास्ते को लेकर चल रहा बाउंड्री वॉल विवाद अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। एक तरफ जहां एसएसपी के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने अपनी दो दिवसीय हड़ताल समाप्त कर दी, वहीं दूसरी ओर सदर अस्पताल के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी दीवार तोड़े जाने के विरोध में सड़क पर उतर आए हैं। इस आंदोलन को आईएमए और झारखंड के अन्य डॉक्टर संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। दरअसल सदर अस्पताल परिसर और बार एसोसिएशन के बीच बने रास्ते को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर पक्की दीवार का निर्माण कराया था। दीवार खड़ी किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं ने दो दिनों तक कामकाज ठप रखा। शुक्रवार को एसएसपी द्वारा दीवार तोड़े जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद वकीलों ने हड़ताल समाप्त कर दी। लेकिन जैसे ही दीवार हटाने की बात सामने आई, सदर अस्पताल के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने कड़ा विरोध शुरू कर दिया।

## एआई के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा झारखंड

### देवघर के एसटीपीआई में युवाओं को मिल रही विशेष ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**देवघर।** आज के समय में लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। क्योंकि लोग मानते हैं कि आने वाले समय में पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव और भी बढ़ने वाला है। इसी को ध्यान में रखते हुए छोटे शहरों से लेकर बड़े महानगरों तक लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति जागरूक करने के लिए भारत सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। फरवरी महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कार्यक्रम से पहले देश के विभिन्न हिस्सों में एआई के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को देवघर में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गये। देवघर के जसीडीह में स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया संस्थान के माध्यम से युवाओं को प्रतिदिन एआई से जुड़ी विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही उन्हें इस नई तकनीक के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल अरविंद कुमार ने बताया कि आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पास इतनी क्षमता है कि कोई भी व्यक्ति अपने अच्छे आइडिया के आधार पर आगे बढ़ सकता है। एआई के इस युग में अनुभव की अनिवार्यता नहीं है बल्कि अच्छे विचार ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि तीन से चार दशक पहले आईटी की चर्चा होती थी लेकिन आने वाले समय में सिर्फ एआई की ही बात होगी। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले कुछ महीनों में देवघर स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया के भवन और परिसर को और विकसित किया जाएगा। इस ट्रेनिंग सत्र की अवधि बढ़ाई जाएगी और ऐसे विशेषज्ञ स्टाफ की बहाली की जाएगी जो युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विशेष ट्रेनिंग प्रदान कर सकें। वहीं जन-एआइ संस्था के संस्थापक मदन पाडके ने बताया कि आम जनजीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सही उपयोग कैसे किया जाए, इसे लेकर वे अपने छात्रों को विशेष प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस विषय को लेकर सरकार के साथ भी लगातार विस्तृत बातचीत की जा रही है। देवघर के एसटीपीआई संस्थान में युवाओं को एआई की ट्रेनिंग दे रहीं प्रशिक्षक माधुरी ने बताया कि अब तक करीब साढ़े तीन सौ युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी जानकारी दी जा चुकी है। फिलहाल 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जबकि आने वाले सत्रों में सभी आयु वर्ग के लोगों को ट्रेनिंग देने की योजना है।


Reg No. JHENG/25/A4874

THE EASTERN VOICE

Another Launching from NAVBIHAR TIMES GROUP

THE EASTERN VOICE

'English Daily Newspaper

Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand

Email Id-theeasternv@gmail.com

Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (Bihar Jharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)

Contact:- 6206165107, 7295863300

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में खाकी असुरक्षित! महिला समेत 5 अपराधियों ने एएसआई को घेरकर पीटा

**जहानाबाद, एजेंसी।** जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। ताजा मामला वाणावर थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां समकालीन अभियान में गश्ती पर निकले एएसआई सोनू कुमार को अपराधियों ने घेरकर उनकी पिस्टल छीन ली और मारपीट कर जख्मी कर दिया। मामले में एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाणावर थाने में कार्यरत एएसआइ समकालीन अभियान के तहत क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार एक महिला सहित पांच लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट करते हुए सरकारी पिस्टल छीन ली। मारपीट में जख्मी पुलिसकर्मी का इलाज मखदुमपुर रेफरल अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि पिस्टल बरामद कर लिया गया है साथ ही साथ घटना को अंजाम देने वाले सभी लोगों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ने यह भी बताया कि घटना में शामिल सभी आरोपी दो बाइक पर सवार थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस यह भी जांच कर रही है कि अपराधियों ने इस घटना को किस उद्देश्य से अंजाम दिया और इसके पीछे कहीं कोई आपराधिक गिरोह तो सक्रिय नहीं है। इस घटना के बाद जिले में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी।

### नालंदा थानाध्यक्ष ने महिला को पीटा, बाल खींचकर थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल

**थरथरी (नालंदा), एजेंसी।** नालंदा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में थरथरी थानाध्यक्ष पर एक महिला के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया जा रहा है। वायरल फुटेज में थानाध्यक्ष महिला का बाल खींचते और थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस वर्ष 2014 के एक पुराने मामले में आरोपित राम बच्चन को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंची थी। गिरफ्तारी के दौरान घर की एक महिला ने पुलिस से गिरफ्तारी का कारण पूछ लिया। इसी बात से नाराज होकर थानाध्यक्ष ने कथित तौर पर महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी में ही महिला का बाल खींचकर थप्पड़ मार दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला पेशे से आंगनबाड़ी सेविका है। घटना के समय वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल से पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली पुलिस से संयम, मर्यादा और संवेदनशीलता की अपेक्षा की जाती है, खासकर महिलाओं के मामलों में। इस तरह का व्यवहार पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। मामले पर नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि घटना उनके संज्ञान में आई है। जांच का जिम्मा एसडीपीओ हिलसा को सौंपा गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह का व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चार मेडल जीतकर जिले को गौरवान्वित किया

**सहरसा, एजेंसी।** बिहार के मधुबनी जिले में 27 से 30 जनवरी तक आयोजित अंडर- 15 बालक बालिका राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सहरसा जिला ने चार मेडल प्राप्त किया,जिसमें राधा कुमारी ने 58 किलोग्राम में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।वही रक्षा कुमारी 41 किलोग्राम में ब्रांउज मेडल प्राप्त किया।दोनों बरहसेर गांव की रहने वाली है जबकि पंचगछिया निवासी रमेश कुमार 41 किलोग्राम में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।सहरसा जिला कुश्ती संघ सचिव नेशनल कोच हरेंद्र सिंह मेजर ने कहा बरहसेर पंचायत मुखिया प्रदीप ठाकुर उर्फ लल्लू जी ने पंचायत सरकार भवन में सभी जांबाज पहलवानों को एक सेट जर्सी के साथ एक हजार रूपया देखकर सम्मानित किये। कड़ी मेहनत का परिणाम आज सुदूर गांव में लड़की भी कुश्ती खेलना आरंभ कर दी है जो पहले सपना था।जिले में सभी खेलों को कुश्ती पीछे छोड़कर आगे बढ़ गई।इस ऐतिहासिक उपलब्धियों पर जिले के तमाम खेल संघ,सहरसा कुश्ती संघ के तमाम पदाधिकारी ने सभी जांबाज पहलवानों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# नए गन्ना किसानों को फ्री में मिलेगा बीज

## 15 दिन कें अंदर रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश



**पटना, एजेंसी।** सरकार नई चीनी मिल लगाने से पहले गन्ने की खेती का रकबा बढ़ाने के लिए हर जतन कर रही है। प्रयास है कि अधिक से अधिक गन्ना की खेती को बढ़ाया जाए, ताकि मिलों को गन्ना की कमी नहीं रहे।

इसके लिए जिन इलाकों में गन्ना की खेती नहीं होती है, वहां के किसानों को पांच एकड़ तक गन्ना की खेती करने के लिए निशुल्क गन्ना बीज दिया जाएगा। गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के सेंथिल कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र में गन्ने की खेती नहीं है, उसे डेवलप किया जाए। गन्ना की खेती करने के लिए किसानों के बीच प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि वह गन्ना की खेती करने के लिए जागरूक हो सकें।

उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के बकाये मूल्य का 15 दिनों के अंदर भुगतान किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राज्य के सभी गन्ना किसानों का 15 दिनों के अंदर रजिस्ट्रेशन कराने का सख्त निर्देश दिया।

इसके पहले उन्होंने ईख मूल्य भुगतान, मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना, यांत्रिकरण योजना, गुड़ प्रोत्साहन योजना, चीनी मिलों की समस्या, नई चीनी मिलों की स्थापना और अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका लाभ उन किसानों को कैसे मिले, इसके बारे सोंचना होगा।

वहीं, गन्ना आयुक्त अनिल कुमार झा ने कहा कि प्रमाणित बीज उत्पादन प्रोत्साहन कार्यक्रम मद का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे हर हालत में प्राप्त करना है।

बेहतर करने वालों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में संयुक्त गन्ना आयुक्त जेपीएन सिंह, सभी चीनी मिलों के महाप्रबंधक, सभी उपनिदेशक, सहायक निदेशक सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल-जमाव की समस्या के निराकरण हेतु संबंधित अभियंताओं को सर्वेक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर योजनाएं तैयार करने का निर्देश पिछले वर्ष 30 दिसंबर को दिया गया था। शुक्रवार को जल संसाधन विभाग और गन्ना उद्योग विभाग ने निर्देश के अनुपालन की संयुक्त रूप से समीक्षा की।

गन्ना कृषि क्षेत्रों से संबंधित नहरों, नहर संरचनाओं तथा स्लुइस गेट, पुलिया निर्माण, नाला उड़ाही (सफाई) एवं अतिक्रमण मुक्ति के लिए जिलों में सर्वेक्षण हो रहा है।

पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और समस्तीपुर में अब तक कुल 72 योजनाएं चिह्नित हुई हैं, जिनके क्रियान्वयन से 61,590 एकड़ क्षेत्र को जल-जमाव से मुक्ति मिलेगी।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव एसके मल्ल ने सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कर विभाग को रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि प्राथमिकता के आधार पर योजनाएं बनाई जा सकें।

## छपरा जंक्शन पर 'ऑपरेशन आहट' कारगर, आठ नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू; तीन मानव तस्कर गिरफ्तार

**छपरा, एजेंसी।** वाराणसी रेल मंडल के छपरा जंक्शन पर ऑपरेशन आहट के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। छपरा जंक्शन की सीआईबी, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और एसोसिएशन फॉर वॉलंट्री एक्शन (एवीए) की संयुक्त टीम ने मानव तस्करी के एक मामले का पर्दाफाश करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि बाल मजदूरी के लिए पंजाब ले जाए जा रहे आठ नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है।

आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई कर्मभूमि एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12407) में की गई। मुखबिर से सूचना मिली थी कि उक्त ट्रेन से कुछ नाबालिग बच्चों को मजदूरी के लिए दूसरे राज्य, विशेष रूप से पंजाब, ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर वाराणसी रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त और गोरखपुर के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त (अपराध) के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। ट्रेन के छपरा जंक्शन पर पहुंचते ही संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान आठ नाबालिग बच्चों को तीन व्यक्तियों के साथ संदिग्ध स्थिति में पाया गया। पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि बच्चों को जालंधर (पंजाब) में बाल मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा था। इसके बाद मौके से तीनों मानव तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कटिहार निवासी रंजीत कुमार सोनी, मधेपुरा निवासी मोहम्मद कमाल और पूर्णिया निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है।

रेस्क्यू किए गए सभी बच्चे बिहार के कटिहार और पूर्णिया जिलों के विभिन्न गांवों के रहने वाले बताए गए हैं, जिनकी उम्र 13 से 17 वर्ष के बीच है। बच्चों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें काम दिलाने के बहाने दूसरे राज्य ले जाया जा रहा था।

इस पूरी कार्रवाई में सीआईबी, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और एवीए के अधिकारियों व कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरपीएफ छपरा की उप निरीक्षक नंदिनी कुमारी ने बताया कि मामले की विधिसम्मत जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### इंटरमीडिएट परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पूर्व ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश की मिलेगी अनुमति : डीएम

**गोपालगंज, एजेंसी।** इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उच्चस्तरीय बैठक की गई, जिसमें परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर विस्तृत रणनीति तय की गई। यह बैठक मुख्य सचिव, बिहार सरकार, अपर मुख्य सचिव गृह एवं शिक्षा विभाग, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष तथा परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में संपन्न हुई।

बैठक में जानकारी दी गई कि इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 02 फरवरी से प्रारंभ होकर 13 फरवरी तक जिले के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पूर्व ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। प्रथम पाली के अभ्यर्थियों को सुबह 09:00 बजे तथा द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों को दोपहर 01:30 बजे तक हर हाल में परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वे सभी केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों के साथ बैठक कर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देशों से अवगत कराएंगे और निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई



**गोपालगंज, एजेंसी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश गर्ग ने की। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गर्ग ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और मानवता का जीवंत संदेश है। उन्होंने कहा कि आज जब सामाजिक सौहार्द को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं, ऐसे समय में गांधी जी के विचार ही देश को जोड़ने का कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नफरत के खिलाफ प्रेम और हिंसा के खिलाफ अहिंसा की राह पर चलने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कटिहार, 30 जनवरी (हि.स.)। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में साप्ताहिक शुक्रवारीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 73 आवेदकों ने जिलाधिकारी को अपनी फरियाद सुनाई।

इनमें सबसे अधिक मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित प्राप्त हुए, जिनकी संख्या लगभग 40 रही। इनमें मुख्यतः भूमि मापाई, मुआवजा प्राप्ति, भूमि अतिक्रमण मुक्ति, भूदान, अवैध कब्जा निवारण, नामांतरण, वासगीत पर्चा निर्गमन तथा ए.सी.पी. के लाभ से जुड़े मामले शामिल रहे।

अन्य विभागों से प्राप्त आवेदनों में पुलिस अधीक्षक व उपाधीक्षक, एसडीओ, सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एडीएसएस, विद्युत आपूर्ति, थानाध्यक्ष, बीडीओ और स्थापना कार्यालय से संबंधित मामले शामिल थे।

जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान कई आवेदकों की समस्याओं का समाधान आन द स्पॉट किया गया, तथा शेष मामलों के शीघ्र निपटारे को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सप्ताह में सोमवार एवं शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालय में पदाधिकारी जनसामान्य से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करते हैं। नागरिक संबंधित कार्यालय में जाकर अपनी समस्याओं का निदान प्राप्त कर सकते हैं।

# चचेरे भाई ने नाबालिग को किया प्रेग्नेंट, आरोपी को 20 साल की सजा



**हाजीपुर, एजेंसी।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश ने एक किशोरी के साथ करीब डेढ़ वर्षों तक दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बनाने के मामले में उसके चचेरे भाई और उसके एक साथी को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास और 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि लालगंज थाना क्षेत्र की 16 वर्षीय किशोरी को उसके अपने चचेरे भाई गुड्डू सहनी लालगंज स्थित अपने दोस्त के खाली मकान में मार्च 2021 में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना को किसी को नहीं बताने को लेकर उसे काफी धमकी दे दिया। डर कर वह किसी को कुछ नहीं बताई।

इसके बाद फिर कुछ दिनों बाद युवक उसे अपने मौसी के घर ले गया। वहां देर रात उसकी मां का तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर वहां से लेकर चला। रास्ते में अपने दोस्त बजरंगी सहनी को बुला लिया और फिर दोनों उसे अपने दोस्त के घर पर ले गए। वहां दोनों ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

इसके बाद सितंबर 2022 में किशोरी के पेट में दर्द होने लगा। तब उसकी मां ने जांच करवाई। इस दौरान पता चला कि वह गर्भवती है। इस पर किशोरी ने अपनी मां को आपबीती बताई।

इसके बाद उसकी मां गुड्डू सहनी से पूछताछ करने गई तो गुड्डू सहनी उसे 04 हजार रुपए देकर गर्भपात कराने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसकी मां ने महिला थाने में गुड्डू सहनी और उसके दोस्त बजरंगी सहनी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई।

मामले में पुलिस के जांच कराने पर किशोरी के गर्भवती होने की पुष्टि होने के बाद इन दोनों के विरुद्ध 04 नवंबर 2021 को न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया।

इस मामले में दोनों के विरुद्ध न्यायालय में 10 नवंबर 2021 को संज्ञान लेकर 31 जनवरी 2023 को आरोप गठित किया गया। इसी बीच पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया।

बच्चा का आनुवंशिक परीक्षण कराया गया, जिसमें गुड्डू सहनी को उसके जैविक पिता होने की पुष्टि की गई। मामले में विशेष लोक अभियोजक के पीड़िता की नई दिल्ली के गुरु तेग बहादुर नगर सर्वोदय कन्या विद्यालय के प्राचार्य संगीता बत्रा सहित 11 साक्षियों एवं 18 प्रदर्श के कराए गए परीक्षण-प्रतिपरीक्षण के बाद दोनों को 27 जनवरी को दोषी करार दिया गया था।

इस मामले में सजा की बिंदू पर 30 जनवरी को सुनवाई के बाद लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 6 में दोनों आरोपितों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास और 50-50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

अर्थदंड की राशि पीड़िता को भुगतान करने का आदेश दिया गया है। जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन के सहयोग से स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान ने पीड़िता की काउंसलिंग और कानूनी सहायता प्रदान की जा रही थी।

डायरेक्टर सह सचिव सुधीर कुमार शुक्ला ने विशेष न्यायाधीश एवं विशेष लोक अभियोजक के प्रति त्वरित न्याय देने के लिए आभार व्यक्त किया है।

# ब्रेकअप के बाद लड़की को दी इंस्टाग्राम पर गाली, प्रेमिका ने प्रेमी से करवा दी छात्र की हत्या

**आरा, एजेंसी।** नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड से इंटर के एक छात्र का अपहरण कर पहले उसकी पिटाई की गई, फिर गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया गया। शुक्रवार की देर रात छात्र का शव मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहिया रेलवे अंडरपास पुल के समीप से बरामद किया गया।

मृतक के शरीर पर कई जगह हल्के जख्म के निशान पाए गए हैं। काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया, जिसके बाद स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया।

मृत छात्र की पहचान बड़हरा थाना क्षेत्र के एकवना गांव वार्ड संख्या नौ निवासी दुकानदार उपेन्द्र कुमार सिंह के 16 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार सिंह के रूप में हुई है। सन्नी इंटर का छात्र था। उसका परिवार वर्तमान में नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा में मकान बनाकर रह रहा है।

घटना के मूल में इंस्टाग्राम पर एक लड़की को गाली-गलौज किए जाने को लेकर उपजे विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस लड़की के कथित प्रेमी मुख्य आरोपित बादल समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामले में साजिश के तहत हत्या किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। मृतक के चचेरे भाई संदीप कुमार ने बताया कि फरीदाबाद में रहने वाली अंकिता नामक युवती का पहले सन्नी के एक चचेरे भाई से प्रेम-प्रसंग था, जिसका सन्नी विरोध करता था। बाद में अंकिता का बादल नामक युवक से भी प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर सन्नी ने गुस्से में इंस्टाग्राम पर अंकिता को गाली दे दी थी।



इसके बाद अंकिता ने अपने दूसरे प्रेमी बादल को शर्त के साथ सन्नी की हत्या करने के लिए उकसाया। उसने कहा था कि जब तक सन्नी को नहीं मारोगे, तब तक शादी नहीं करेंगे। इसी दबाव में बादल ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सन्नी की हत्या की साजिश रची।

शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे सन्नी धनुपरा स्थित घर से अपने दोस्त धर्मवीर के साथ आरा नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड स्थित गणित की कोचिंग के लिए निकला था।

इस दौरान उसने अपने सगे भाई मंदीप को फोन कर बताया कि अंकिता नामक लड़की ने उसकी हत्या की सुपारी दी है और राजा, बादल समेत अन्य लोग उसे जबरन उठाकर गड़हनी की ओर ले जा रहे हैं। इसके बाद सन्नी का मोबाइल बंद हो गया।

सूचना मिलने पर स्वजनों ने नवादा थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने केजी रोड स्थित कोचिंग और आसपास के इलाकों में जांच शुरू की। कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें केजी रोड के हरिजी के हाता के समीप सन्नी को बाइक सवार युवकों द्वारा जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाते हुए देखा गया।

काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने इस कांड में शामिल आरोपी बादल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सन्नी की गला दबाकर हत्या करने की बात कबूल की। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को नहर में फेंक दिया गया था। बादल की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया गया। साथ ही उसके दो अन्य दोस्तों को भी हिरासत में लिया गया है। बताया गया कि सभी आरोपी एक-दूसरे को इंस्टाग्राम के माध्यम से जानते थे

### जनता दरबार में डीएम ने त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के दिए निर्देश

**अररिया, एजेंसी।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3.0 के अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में डीएम विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बारी-बारी से फरियादियों की समस्याएं सुनी गई तथा कई मामालों में जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनता दरबार में साधना झा ने दूसरे पक्ष द्वारा जबरन भूमि कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। राजा बैठा ने अपनी भूमि को रोक सूची से हटाने का अनुरोध किया। वहीं राजेंद्र प्रसाद एवं इकलाख अहमद ने भूमाफियाओं द्वारा निजी भूमि पर गलत जमाबंदी कायम किए जाने की शिकायत की। मनोज कुमार ने बीरनगर पश्चिम पंचायत में अनुज्ञप्ति रद्द जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा मिलीभगत कर दुकान संचालन के संबंध में शिकायत दर्ज कराया गया।

## एक नजर

### बरही में शुरू हुआ 'डिजिटल गर्ल्स हब'

**बरही (हजारीबाग)।** युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में युजीसेफ की महत्वाकांक्षी पहल "डिजिटल गर्ल्स हब" परियोजना के तहत 18 से 29 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं एवं महिलाओं को निःशुल्क ऑनलाइन डिजिटल स्किल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को उनके कौशल के अनुसार रोजगार से जोड़ने की भी व्यवस्था की जाएगी। यह योजना वर्तमान में राजस्थान, झारखंड और ओडिशा में लागू की गई है। बरही में रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर तथा हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन को आधिकारिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। दोनों केंद्रों पर पंजीकरण शुरू हो चुका है, जबकि सीटें सीमित हैं। ऐसे में 18 से 29 वर्ष के इच्छुक अविवाहित/ विवाहित महिलाओं से शीघ्र आवेदन करने की अपील की गई है। यह परियोजना उन छात्राओं के लिए विशेष अवसर लेकर आई है जो घर बैठे डिजिटल कौशल सीखकर बेहतर भविष्य और रोजगार पाना चाहती हैं।

### 11वीं की छात्रा का शव मिलने से सनसनी

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बरगंडा में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक किराए के मकान में 11वीं कक्षा की 17 वर्षीय छात्रा का शव फंदे से झूलता हुआ पाया गया। मृतका की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कासियाडीह निवासी परमेश्वर मंडल की पुत्री पूजा कुमारी मंडल के रूप में हुई है। बताया गया कि पूजा जमुआ थाना क्षेत्र के मिर्जागंज स्थित लंगटा बाबा कॉलेज में अध्ययनरत थी। पढ़ाई और कोचिंग की तैयारी के उद्देश्य से वह पिछले आठ महीने से बरगंडा में किराए के मकान में रह रही थी। घटना से पूर्व पूजा ने अपने छोटे भाई के मोबाइल पर संदेश भेजकर अपनी जान देने की मंशा व्यक्त की थी। इसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़े जाने पर पूजा का शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस परिजनों, मकान मालिक और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। छात्रा द्वारा भेजे गए मोबाइल संदेश समेत अन्य तथ्यों को भी जांच में शामिल किया गया है। फिलहाल घटना के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। इस घटना के बाद इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्ष आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन अलर्ट

**गिरिडीह/नबिटा ब्यूरो।** जिले में आगामी 3 फरवरी से प्रारंभ होने वाली मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा की तैयारियों को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों का निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परीक्षा संचालन को लेकर कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं को सीसीटीवी निगरानी में सुरक्षित रखा जाए। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर बिजली पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था शौचालय पेयजल सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा का संचालन पूरी तरह सीसीटीवी निगरानी में किया जाएगा। प्रश्न पत्र ले जाने वाले दंडाधिकारी एवं पुलिस बल अपने-अपने प्रखंड के स्ट्रांग रूम से समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा समाप्ति के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रूप से संबंधित कोषागार में जमा कराया जाएगा। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों को झारखंड अधिविद्य परिषद जैकद्वारा जारी दिशा निर्देशों का गहन अध्ययन कर उसके अनुरूप परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियों का पूर्व मूल्यांकन कर लिया जाए। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्राथमिक उपचार फर्स्ट एड की व्यवस्था तथा परीक्षा के दिन एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि जिले में मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 40,827 है। जबकि, इंटर परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 27,137 है। साथ ही मैट्रिक परीक्षा को लेकर कुल 95 केंद्र एवं इंटर परीक्षा के लिए 63 केंद्र बनाया गया है उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने सभी केंद्राधीक्षकों को अपने अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य इस परीक्षा से जुड़ा हुआ है इसलिए शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराना सभी संबंधित पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# मैट्रिक-इंटर परीक्षा में 81 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**70 केंद्रों पर मैट्रिक, 39 केंद्रों पर इंटर की परीक्षा — कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर प्रशासन अलर्ट**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की तैयारियां पलामू जिले में अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 3 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक चलने वाली इन महत्वपूर्ण परीक्षाओं में जिले के कुल 81,002 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जो अपने भविष्य की दिशा तय करने के लिए परीक्षा कक्षों में उतरेंगे। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, माध्यमिक (मैट्रिक) परीक्षा में 42,989 तथा इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा में 38,013 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। मैट्रिक परीक्षा के लिए जिले में 70 परीक्षा केंद्र, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 39 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न कराने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता व गश्ती दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने, आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, शुद्ध पेयजल, रनिंग वाटर युक्त शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और बेंच-डेस्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। केवल परीक्षार्थी और अधिकृत कर्मियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। वीक्षकों को पहचान पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगाई जा सके। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, प्रथम पाली में मैट्रिक (9:45 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न) तथा द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट (2:00 बजे से 5:15 बजे अपराह्न) की परीक्षा आयोजित होगी। पलामू प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है—परीक्षा होगी निष्पक्ष, माहौल रहेगा शांत, और भविष्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# पीवीयूएनएल यूनिट-2 में तकनीकी खराबी से एसीसी डक्ट की सील टूटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** पीवीयूएनएल के निर्माणाधीन यूनिट-2 में स्थित एसीसी के डक्ट के इन्ड-प्लेट सील में तकनीकी खराबी आने के कारण सील टूट गई। यह कार्य बीएचईएल द्वारा इरेक्शन एवं परीक्षण के चरण में किया जा रहा था। इस घटना में कुल 12 श्रमिकों को हल्की चोटें आई हैं। घायल श्रमिकों में नौ श्रमिक मैसर्स आरपीपी इंफ्रास्ट्रक्चर तथा तीन श्रमिक मैसर्स बीएचईएल के कर्मचारी शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु पीटीपीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकीय जांच के बाद उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सभी श्रमिकों की स्थिति सामान्य है और किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल अपनाए गए तथा स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में ले लिया गया। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि इस घटना के बावजूद संयंत्र में कार्य सामान्य रूप से जारी है। घटना की सूचना पर विधायक बरकागांव रोशन लाल चौधरी अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पीटीपीएस अस्पताल पहुंचे और घायल श्रमिकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। स्थिति का जायजा लेने के उपरांत माननीय विधायक महोदय ने पीवीयूएन प्रबंधन द्वारा किए गए सुरक्षा एवं उपचार संबंधी उपायों पर संतोष व्यक्त किया। प्रबंधन ने बताया कि घटना के संभावित कारणों की विस्तृत जांच के लिए महाप्रबंधक स्तर की एक तकनीकी टीम का गठन किया गया है। फिलहाल किसी प्रकार की अन्य क्षति की कोई सूचना नहीं है।

# एनटीपीसी के रवैये के खिलाफ राज्यपाल से मिले योगेन्द्र साव और अम्बा प्रसाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव एवं पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने विस्थापन एवं मुआवजा से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एनटीपीसी की परियोजनाओं से प्रभावित रैयतों को मुआवजा एवं पुनर्वास में हो रही परेशानियों की विस्तार से जानकारी दी। नेताओं ने राज्यपाल को अवगत कराया कि एनटीपीसी प्रबंधन की उदासीनता एवं मनमानी रवैये के कारण विस्थापित रैयत वर्षों से अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुआवजा भुगतान, पुनर्वास तथा रोजगार से जुड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी असंतोष व्याप्त है। पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और अम्बा प्रसाद ने कहा कि केरेडारी एवं आसपास के क्षेत्रों में एनटीपीसी परियोजनाओं से प्रभावित रैयतों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। दोनों नेताओं ने महामहिम राज्यपाल से हस्तक्षेप करते हुए रैयतों को न्याय दिलाने एवं एनटीपीसी को जनहित में ठोस कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की। राज्यपाल ने मामले को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# ब्राउन शुगर तस्करी का खुलासा, सात गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने नशा कारोबार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कोर्रा थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर तस्करी में संलिप्त 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 166.5 ग्राम ब्राउन शुगर, 3,51,700 नकद, छह मोबाइल फोन एवं दो मोटरसाइकिल बरामद की है। दिनांक 30 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां हवाई अड्डा के समीप ब्राउन शुगर की खरीद-फरोख्त के लिए कुछ लोग एकत्र होने वाले हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा नगवां हवाई अड्डा एवं काठी नेशन होटल के पीछे स्थित एक खंडहरनुमा मकान के पास से सभी आरोपियों को पकड़कर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में ब्राउन शुगर एवं नकद राशि बरामद हुई। उपरोक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्रा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हजारीबाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटीझरीया थाना क्षेत्र अंतर्गत बौधा जंगल से लगभग 60 पेटी विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

30-31 जनवरी 2026 की रात्रि लगभग 12:35 बजे पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि टाटीझरीया थाना क्षेत्र के बौधा जंगल में एक पिकअप वाहन के माध्यम से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस निरीक्षक जगलाल मुण्डा, पुलिस निरीक्षक, दारू अंचल, हजारीबाग के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बौधा जंगल के समीप पहुँचने पर एक बिना नंबर की पिकअप गाड़ी खड़ी पाई गई। पुलिस को देखकर पिकअप वाहन का चालक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे छापामारी दल द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 60 पेटी विदेशी शराब लदी हुई पाई गई। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम रामचन्द्र साव बताया। अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि वह उक्त शराब को टाटीझरीया से बिहार ले जाने की फिराक में था। इस संबंध में टाटीझरीया थाना कांड संख्या 11/26, दिनांक 31.01.2026, धारा 274/275/292 बीएनएस एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सरस्वती व महेशरा +2 उच्च विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा में 504 परीक्षार्थी होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड अंतर्गत सरस्वती +2 उच्च विद्यालय एवं महेशरा +2 उच्च विद्यालय में आगामी 3 फरवरी से प्रारंभ होने वाली मैट्रिक बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन दोनों परीक्षा केंद्रों पर कुल सात विद्यालयों के 504 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस संबंध में सरस्वती +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक परितोष कुमार मिश्रा ने बताया कि उनके विद्यालय केंद्र पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय धरमपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा कर्मा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीझरिया तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेडम के कुल 234 छात्र-छात्राएं मैट्रिक परीक्षा देंगे। वहीं, महेशरा +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित उच्च विद्यालय दारू, मेडकुरी एवं दिगवार के कुल 270 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# 40 वर्षों की सेवा के बाद प्राचार्य डॉ. विमल किशोर सेवानिवृत्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर 40 वर्षों की निरंतर और समर्पित सेवा के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में पूर्ण पारदर्शिता, निष्ठा और समर्पण के साथ महाविद्यालय को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों का सहयोग उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। डॉ. किशोर ने महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह संस्थान आने वाले समय में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। डॉ. किशोर ने बताया कि उन्होंने 17 जनवरी 1986 को बतौर प्राध्यापक महाविद्यालय में योगदान दिया था और वर्ष 2009 में उन्हें प्राचार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसे उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया। उन्होंने महाविद्यालय के सभी कर्मियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे आगे भी सहयोग बनाए रखें, ताकि कॉलेज के विकास में चार चाँद लग सकें।

# राजद की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रांची स्थित राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया, जहां सर्वप्रथम बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए संजय प्रसाद यादव ने कहा कि राजद झारखंड में भी एक मजबूत राजनीतिक स्तंभ के रूप में उभरेगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अपील की कि आगामी नगर निकाय चुनाव में सामाजिक न्याय, समानता और गरीबों की आवाज बुलंद करने वाले स्वच्छ छवि के उम्मीदवारों को पूरी निष्ठा के साथ समर्थन दिया जाए। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों को परास्त करने वाले उम्मीदवारों को मेयर बनाने में पार्टी की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पार्टी की मजबूत पकड़ है, वहां राजद अपने प्रत्याशी उतारेगा। बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद के विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार चेहरों को दिल से समर्थन देकर जीत दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अनिता यादव, गिरधारी यादव, प्रदेश युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रदेश महासचिव शत्रुघ्न यादव, गिरिडीह जिला अध्यक्ष इरफान आलम, जिला महासचिव दिनेश यादव सहित सभी विधायक, प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष उपस्थित थे। इस दौरान गिरिडीह जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के तहत गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में कुल 36 वार्डों में चुनाव होना है, जिसमें एक मेयर का भी चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गिरिडीह को सुंदर, विकसित और खुशहाल बनाने के लिए ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ उम्मीदवारों को मेयर बनाने में पूरी ताकत झोंकी जाएगी। इसको लेकर 02 फरवरी को अंबेडकर भवन, गिरिडीह में एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला के नए पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने सभी राजद नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होने की अपील की।

# नगर पालिका निर्वाचन को लेकर सेक्टर और पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिला समाहरणालय सभागार में आगामी नगर पालिका निर्वाचन 2026 को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंफोग्राफिक एवं पीपीटी के माध्यम से चुनाव की प्रक्रियाओं, संबंधित अधिकारियों के कार्य एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन कार्य को सुचारु, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्मिक कोषांग की वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी तथा प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज ने संबोधित किया। दोनों अधिकारियों ने निर्वाचन कार्य में सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कोषांग के वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर मनोज कुमार राय एवं विजयेंद्र सेठ ने राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में निर्वाचन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की गहन जानकारी दी। उन्होंने नगर पालिका निर्वाचन की विशेषताओं, मतदान प्रक्रिया, मतगणना से पूर्व की तैयारियों तथा निर्वाचन के दौरान सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान मतपेटिका के संचालन, सुरक्षा व्यवस्था और निर्वाचन सामग्री के रखरखाव को लेकर भी व्यावहारिक जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर ग्रासरूट स्तर पर प्रभावी ढंग से कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की सफलता के लिए प्रशासनिक और पुलिस तंत्र का तालमेल अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 समारोह में गिरिडीह जिला को राज्यस्तरीय सम्मान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के समापन अवसर पर रांची स्थित चाणक्या बी.एन.आर. में राज्य स्तरीय सेमिनार सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए गिरिडीह जिले ने राज्य स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। हिट एंड रन मामलों में पीड़ित आश्रितों को मुआवजा दिलाने की श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन के लिए गिरिडीह जिले को सम्मानित किया गया, जिससे जिले का मान बढ़ा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ एवं परिवहन विभाग की सचिव विपन्ना भाल द्वारा गिरिडीह जिले को यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और सुरक्षित एवं सुदृढ़ यातायात व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। विशेषज्ञों ने दुर्घटनाओं में कमी लाने, नियमों के प्रभावी अनुपालन और आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर भी अपने विचार रखे। गिरिडीह जिले को प्राप्त इस उपलब्धि को समन्वित टीमवर्क, प्रभावी जनजागरूकता अभियान और सतत निगरानी का परिणाम बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर निरंतर प्रयास किए गए हैं, जिसके कारण हिट एंड रन मामलों में पीड़ित परिवारों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराया जा सका। यह सम्मान जिले में किए जा रहे कार्यों की राज्य स्तर पर सराहना का प्रमाण है। इस अवसर पर यह भी कहा गया कि भविष्य में गिरिडीह जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार करने और प्रवर्तन व्यवस्था को और मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उद्देश्य यह है कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो और सड़क दुर्घटनाओं में लगातार कमी लाई जा सके।

## लारा में महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**चुरचू (हजारीबाग)।** झारखंड महिला उत्थान संस्था की ओर से 31 जनवरी 2026 को चुरचू प्रखंड अंतर्गत लारा फुटबॉल ग्राउंड में बालिकाओं के लिए एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली, चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, चुरचू मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, झारखंड महिला उत्थान संस्था की सचिव नीलम बेसरा, ऊषा देवी, वीरेंद्र महतो, बहेरा पंचायत के वार्ड सदस्य आशमुनि टुडू, प्रियंका मुर्मू, मीना देवी सहित लारा एवं जरबा फुटबॉल टीम के खिलाड़ी मौजूद रहे।

# गिरिडीह जिले में छह अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन, 93 नाजिर रसीदें कटीं

**नगर निकाय चुनाव 2026**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगरपालिका आम चुनाव 2026 के तहत जिले के सभी नगर निकायों में नाम निर्देशन की प्रक्रिया 29 जनवरी से प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में गुरुवार को गिरिडीह जिले के नगर निगम गिरिडीह, बड़की सरैया नगर पंचायत एवं धनवार नगर पंचायत में कुल 06 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान विभिन्न पदों के लिए कुल 93 नाजिर रसीद (एनआर) काटी गईं। जानकारी के अनुसार, गिरिडीह नगर निगम में महापौर पद के लिए आज कोई नामांकन नहीं हुआ। हालांकि, वार्ड पार्षद पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया आगे बढ़ी। नगर निगम के वार्ड संख्या 1 से 9 के अंतर्गत वार्ड संख्या 1 से अनिल कुमार गुप्ता (मारवाड़ी मोहल्ला, पचंबा) ने नामांकन दाखिल किया। इसी तरह वार्ड संख्या 10 से 18 के अंतर्गत वार्ड संख्या 14 से नीलम झा (अरगाघाट, गिरिडीह) ने नामांकन किया। वार्ड संख्या 19 से 27 के अंतर्गत नूरूल होदा (कोलडीहा, गिरिडीह) ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। वहीं वार्ड संख्या 28 से 36 के अंतर्गत वार्ड संख्या 31 से रीता चौरसिया एवं वार्ड संख्या 33 से नूरजहां खातून ने नामांकन किया। बड़की सरैया नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए वार्ड संख्या 05 निवासी आरती देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। हालांकि, नगर पंचायत के वार्ड संख्या 1 से 6 तथा 7 से 12 तक किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन नहीं किया। इसी प्रकार धनवार नगर पंचायत में अध्यक्ष पद सहित वार्ड संख्या 1 से 6 एवं 7 से 11 तक किसी भी पद के लिए आज नाम निर्देशन नहीं हुआ। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, आगामी दिनों में नामांकन की संख्या में बढ़ोतरी की संभावना है। नाम निर्देशन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं नियमानुसार संचालित की जा रही है।

# बॉर्डर पर जाली नोट के साथ दो तस्कर धराये

## दो मोबाइल और एक मोटरसाकिल भी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** इंडो-नेपाल सीमा पर एसएसबी, एसटीएफ और मधुबनी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जाली नोट तस्करी का खुलासा हुआ है। टीम ने दो तस्करों को जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भोगी महतो के पुत्र मुकेश महतो, निवासी गोपालपुर, थाना हरलाखी, जिला मधुबनी तथा चौधरी पंडित के पुत्र सिकिल पंडित के रूप में हुई है।

संयुक्त छापेमारी टीम ने आरोपियों के पास से 200 रुपये के 173 जाली नोट, दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि एसएसबी और एसटीएफ, सीतामढ़ी को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भारत में पिपरौन बॉर्डर के रास्ते जाली नोट लेकर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आने वाला है। सूचना के आधार पर हरलाखी थाना पुलिस, एसएसबी और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भारत-नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 284/20 से लगभग 200 मीटर भारत की ओर चेकिंग अभियान चलाया।

इसी दौरान नीले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति नेपाल की ओर से ग्राम पिपरौन के रास्ते भारत में प्रवेश करते दिखे। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान मुकेश महतो और सिकिल पंडित के रूप में बताई।

आरोपी मुकेश महतो ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह जाली नोट नेपाल के धनुषा जिले के फुलगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत देव नारायण यादव से लेकर भारत में खपाने जा रहा था। तलाशी के दौरान मुकेश महतो की जेब से 200 रुपये के 173 जाली नोट बरामद किए गए, जबकि सिकिल पंडित के पास से एक मोबाइल फोन मिला।

बरामद सभी नोटों का सत्यापन पीएनबी बैंक से कराया गया, जिसमें सभी नोट जाली पाए गए। पुलिस ने मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## मासूम के साथ हैवानियत

**बिहटा।** शनिवार को बिहटा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पर बिहटा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुड्डू कुमार (24) के रूप में की जा रही है।

इस संबंध में घटना को लेकर पीड़ित बच्ची की मां ने बिहटा थाना में लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस पीड़ित को मेडिकल जांच के लिए भेज आरोपी से पूछताछ करते हुए कांड के अनुसंधान में जुट गई है।

बच्ची को अस्पताल भेजा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बच्ची की मां का कहना है कि बीते एक दिन पूर्व शुक्रवार की शाम को जब मेरी बच्ची घर के बाहर खेल रही थी तभी गांव के ही युवक गुड्डू के द्वारा उसे बहला फुसलाकर घटना का अंजाम दिया।

घटना के बाद जब बच्ची काफी रोना शुरू किया तो पूछताछ में घटना का पटाछेप हुआ।

# परीक्षा के सफल आयोजन को ले बैठक

## निष्पक्ष एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करें : उपायुक्त




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के सफल एवं सुचारू आयोजन को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में सभी केंद्राधीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर सभी केंद्राधीक्षकों से उनके-उनके विद्यालयों में स्थापित परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, शौचालय, फर्स्ट एड बॉक्स, चारदीवारी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि 3 फरवरी से माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं विभिन्न पालियों में प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षा में जिले के कुल 11566 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सभी केंद्राधीक्षक बोर्ड द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षाओं को निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करें।

साथ ही उन्होंने मजिस्ट्रेट, सुरक्षा कर्मियों समेत संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एलडीएम, एसडीओ शिक्षा सहित सभी परीक्षा केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

# झोंगो पाहन ने पदक जीत क्षेत्र का बढ़ाया मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** पंजाब के पटियाला में आयोजित 7वीं पैरा नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में झारखंड के पैरा तीरंदाज झोंगो पाहन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रिकर्व टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल कर राज्य एवं खूंटी जिले का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता के दौरान झारखंड रिकर्व टीम ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दिल्ली की टीम को पराजित किया। इसके पश्चात सेमीफाइनल में मेजबान पंजाब की मजबूत टीम को हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जहां कड़े संघर्ष के बाद झारखंड टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सीनियर स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झोंगो पाहन की यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी सफलता से न केवल खूंटी बल्कि पूरे झारखंड में खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने झोंगो पाहन को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय मंच पर जिले और राज्य का मान बढ़ाया है तथा वे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उपायुक्त ने यह भी आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन भविष्य में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

## कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा के जिला कमिटी नगर कमिटी, प्रखण्ड कमिटी दोनों विधानसभा की कमिटी के चुने हुए लगभग 70 कॉमरेड के साथ कार्यशाला का आयोजन किया कार्यशाला की शुरूआत गांधी के तस्वीर में मालार्पण किया गया जिसमें बारी बारी से सभी साथियों ने फूल चढ़ाया गांधी के जीवन की चर्चा की गई गांधी को गोली मारने वाले विचार का विरोध किया कार्यशाला का विषय था जनसंगठनों का विस्तार फासीवादी ताकत को पीछे धकेलना है आंतरिक सोच को बहुत बेहतर करना पार्टी की सदस्यता को बहुत बढ़ाना है शहरी क्षेत्र प्रखंड क्षेत्र मुफ्फसिल क्षेत्र, पीरटांड़ बेंगाबाद गांडेय की तमाम इलाकों में संगठन और जनसंगठन को बहुत आगे बढ़ाना है।

# रेल कारखाना के निर्माण से लोगों में बढ़ी रोजगार की आस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

डेहरी आन सोन (रोहतास)। डालमियानगर में रेल वैगन मरम्मत कारखाना और उच्च क्षमता के माल डिब्बो के लिए बोगी व काप्लर निर्माण कारखाना के लिए इस वर्ष बजटीय प्रविधान किये जाने की क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है। विधानसभा चुनाव के दौरान आरा में पीएम नरेंद्र मोदी डालमियानगर में रेल कारखाना की चर्चा करने के बाद से लोगों में इस बजट में उम्मीद जगी है।

चुनाव बाद 25 दिसंबर को बिहार के विकास को उद्योग लगाने केंद्र में आहूत बैठक में उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल को भरोसा मिला है।

वही रालोमो प्रमुख व राज्य सभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा को गत 23 जनवरी को पटना में आहूत जेडआरयुसीसी की बैठक में ई सीआर के जीएम ने रेल कारखाना की तकनीकी बाधा दूर करने की जानकारी दी।

जीएम ने कहा कि फ्लाई ओवर बना रेल लाइन को डालमियानगर कारखाना में ले जाया जाएगा। जीएम ने बताया की पहलेजा रेलवे स्टेशन के पास से फ्लाईओवर बना रेल लाइन डालमियानगर रेल कारखाना स्थल तक रेल लाइन ले जाने क प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार

विदित है कि डालमियानगर में रेल वैगन मरम्मत व अन्य कारखाना लगाने की जिम्मेवारी 25 अगस्त 2018 को राइट्स को सौप दिया है। रेलवे द्वारा डालमियानगर में क्रय किए गए रोहतास इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 219 एकड़ भूमि में रेल कारखाना स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी।

रोहतास इंडस्ट्रीज के पुराने कबाड़ हटाने का कार्य पूरी हो गई है। इधर, रेल वैगन मरम्मत कारखाना माल डब्बा निर्माण व कॉपलर के निर्माण कारखाना समेत उसी भूमि पर आवासीय परिसर के निर्माण करने का प्राकलन तैयार किया गया है। 2020 के बजट में यहां रेल बैगन मरम्मत कारखाना लगाने का बजटीय प्रावधान कर दिया गया है। राईट्स ने रेल बैगन मरम्मत कारखाना लगाने को पार्टवाइज टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू किया गया। लेकिन कारखाना परिसर के पास से डीएफसीसी लाइन गुजरने और उससे रेल लाइन की क्रासिंग नहीं देने के प्रविधान के कारण मामला पेंच में फस गया।

डालमियानगर स्थित बंद पड़े रोहतास इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेलवे ने 2007- 8 में क्रय किया था।

वर्ष 2009 में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने उच्च क्षमता के बोगी और कॉपलर कारखाना लगाने के लिए शिलान्यास भी कर दिया था।लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। केंद्र में 2014 में एनडीए की सरकार बनने के बाद उस समय के क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने इसके लिए पहल प्रारंभ की।

रेल मंत्रालय में 2017 में रेल मंत्री के स्थान हुई बैठक में पुराने उद्योग के कबाड़ का पुर्नमूल्यांकन करा नीलामी करने व रेल कारखाना लगाने के कार्य को राइट्स को सौपी गई थी' तभी से यहां के लोगों में रेल कारखाना लगने की उम्मीद बनी।

# नगरनौसा व्यवसायिक संघ की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा व्यवसायिक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के आवास पर हुई।बैठक की अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष राकेश कुमार ने किया।बैठक के शुरूआत में सदस्य मृतक स्वर्गीय काजल कुमारी के शोक में एक मिनट का मौन रख उनके आत्मा के शांति को लेकर प्रार्थना किया।बैठक में बाजार के पेठियापर गली में नलजल, शौचालय, कूड़ा-कचरा,सुरक्षा एवं बाजार की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया साथ ही बाजार में पानी व शौचालय की व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा किया गया।बैठक में संघ के सचिव भोला यादव, पप्पु कुमार,उमेश कुमार, अनिल कुमार, विजय मिस्त्री, शेखर, लक्ष्मण टेलर, विकास कुमार, नीरज वर्मा,श्रवण साव, महेश चौधरी, प्रमोद कुमार, बिट्टू कुमार, सूरज कुमार सहित संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## चिकित्सक दंपति की सड़क हादसे में मौत

हाजीपुर। बिहार के वैशाली जिला अंतर्गत सराय थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ। घने कोहरे के कारण एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई, जिसमें सवार डॉक्टर दंपति की दर्दनाक मौत हो गई।

सराय थानाध्यक्ष मणि भूषण कुमार के अनुसार यह दुर्घटना सुबह करीब 4:15 बजे मुजफ्फरपुर-पटना लेन पर हुई। कोहरे के कारण दृश्यता कम थी, जिससे कार चालक सड़क किनारे खड़े कंटेनर को नहीं देख पाया और पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। राहत और बचाव कार्य सूचना मिलते ही सराय थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची।

स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने डॉक्टर दंपति को मृत घोषित कर दिया।

# हरदेव यादव के निर्वाण दिवस पर सभा का निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मांझी।** मांझी प्रखंड मुख्यालय के समीप शनिवार को आयोजित बैठक में स्वतंत्रता सेनानी,समाज सुधारक व पंचायती राज के प्रारम्भ से मांझी ग्राम पंचायत के आजीवन मुखिया रहे स्व हरदेव यादव का निर्वाण दिवस सोमवार को मनाने का निर्णय लिया गया।

इसकी जानकारी देते हुए स्व यादव के पौत्र एवम सामाजिक कार्यकर्ता ई सौरभ सन्नी ने बताया कि स्व हरदेव यादव कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मांझी क्षेत्र की विकास यात्रा में स्व हरदेव यादव का योगदान अविस्मरणीय है। समाज सुधारक के रूप में उन्होंने छुआछूत व सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध कार्य करने के साथ ही समाज के कमजोर लोगों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य किया। राजनेता के रूप में उन्होंने सभी वर्गो के हित में कार्य किया। वे सामाजिक समरसता के प्रतीक थे।

श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में पूर्व मुखिया सत्य नारायण प्रसाद यादव,रंजन शर्मा, नेहाल खान,पिंटू ओझा, अमिरुद्दीन, राजू दास,जयराम यादव, बच्चा चौधरी,इंद्रजीत सिँह, लालबाबू चौधरी, सुरेश यादव, नागेंद्र ठाकुर,रामचंद्र यादव, रंजीत यादव तथा जावेद अहमद समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा के निदेर्शानुसार नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज बाजार टांड़, खूँटी में जिला जनसम्पर्क विभाग, खूँटी की नुक्कड़-नाटक टीम के माध्यम से आमजनों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय लोगों को 23 फरवरी 2026 को नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में होने वाले मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कलाकारों द्वारा प्रभावशाली प्रस्तुति के जरिए लोगों को यह संदेश दिया गया कि मतदान लोकतंत्र का मजबूत आधार है और प्रत्येक नागरिक का इसमें सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर आमजनों से अपील की गई कि वे निर्धारित तिथि को अपने-अपने घरों से निकलकर अपने वार्ड अंतर्गत मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। साथ ही, अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए आगे भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# बापू की कर्मभूमि भितिहरवा में लोक समिति की प्रार्थना सभा एवं उपवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भितिहरवा ( पश्चिमी चम्पारण )।** विगत 30 जनवरी को बिहार प्रदेश लोक समिति के तत्वधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78 वें शहादत दिवस के अवसर पर देश में बढ़ती किसान -मजदूरों की परेशानी, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अमन चैन, शांति सद्भावना, सर्व धर्म सद्भाव, लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा हेतु गांधी आश्रम भितिहरवा (पश्चिमी चंपारण) के प्रांगण में एक दिवसीय प्रार्थना सभा एवं उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से लोक समिति पुरूष एवं महिला कार्यकताओं ने बड़ी तादाद में हिस्सा लिया। जिसकी अध्यक्षता बिहार लोक समिति के प्रांतीय अध्यक्ष जेपी सेनानी सवलिया गिरि तथा संचालन बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जमनालाल पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक गिरिजा सतीश ने कहा कि इस वर्ष बिहार प्रदेश लोक समिति गांधीजी के बलिदान दिवस को स्मरण करते हुए भितिहरवा आश्रम में अपना कार्यक्रम कर रही है।



यह आश्रम बिहार के पश्चिमी चंपारण जिलों में स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है जहां महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत के दौरान किसानों की दुर्दशा के खिलाफ प्रसिद्ध चंपारण सत्याग्रह की शुरूआत की थी। उनके सत्याग्रह के प्रथम प्रयोग की गवाह यही पवित्र धरती बनी है। गांधीवादी विचारक एवं लेखिका सुजाता चौधरी (भागलपुर), प्रो डॉ अमिता, पूर्व प्राचार्य एवं समाजवादी लेखक चंद्रजीत सिंह (कैमूर) जैसे गणमान्य गांधीवादी विचारकों द्वारा भेजे गए, उनका शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया गया।

कार्यक्रम स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गांधी एक व्यक्ति नहीं थे, बल्कि गॉधी एक विचारधारा है। आज 78 वर्ष के बाद भी गॉधी जी की विचारधारा सामयिक एवं प्रासंगिक है।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोक समिति लोकनायक जयप्रकाश द्वारा स्थापित एक गैर राजनीतिक राष्ट्रीय जन संगठन है जो शान्ति, सत्य, अहिंसा और अपने रचनात्मक कार्यो में पूर्ण विश्वास करती है। समिति जन समस्याओं के निदान हेतु हमेशा आवाज उठाती रहीं है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से गांधी एवं अन्य महापुरुषों की संदेश एवं विचारधारा को आमलोगों तक पहुंचाना भी एक उद्देश्य है ताकि देश की युवा पीढ़ी अपने महापुरुषों की विरासत से प्रेरणा लेकर देश और समाज की निःस्वार्थ सेवा करे।

उपवास कार्यक्रम में गांधीवादी किसान नेता शाहाबाद क्षेत्र लोक समिति के अध्यक्ष सर्वश्री सुरेश प्रसाद, रोहतास जिला लोक समिति के अध्यक्ष आशुतोष कुमार, कैमूर के जिलाध्यक्ष जॉन फिलीपुस , बक्सर से हीरालाल राय उर्फ कवि, बेतिया के गांधी रविंद्र नाथ तिवारी, चम्पारण के गॉधी पंकज, शंभूनाथ मिश्रा उर्फ ज्ञानी, रविशंकर सिंह, अनूप किशोर तिवारी, लालदेव चौधरी, मुमताज देवान, लक्ष्मी चौधरी, ओमप्रकाश तिवारी, शेषनाथ साह, रामाधार तिवारी, रमाकांत मुखिया, योगी यादव, उमाकांत वकील, मुजफ्फरपुर जिला के लोक समिति अध्यक्ष मकबूल आलम, जिला महासचिव मानिक चंद सहनी,सीता देवी, ओमप्रकाश तिवारी, विशुनराम, लक्ष्मी नारायण राम, महिला नेत्री चंद्रमा यादव, मुस्कान कुमारी नेहा कुमारी, लक्ष्मी देवी, शिल्पा, सोनी देवी, सोनमती देवी, शीला वर्मा, मदर ताहिरा चैरेटेबुल ट्रस्ट एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ अमानुल हक, डॉ एजाज अहमद, वगैरह गणमान्य सामाजिक कार्यकत्ताओं ने अपना विचार रखें। अध्यक्षीय भाषण के पश्चात लोक समिति के तीन वरिष्ठतम साथी सर्व सवलिया गिरी, रवीन्द्र नाथ तिवारी एवं पंकज ने सामूहिक रूप से शर्बत पिलाकर सत्याग्रह पर बैठे सभी साथियों का उपवास तुड़वाना।

# याद किए गए बापू के आदर्श एवं उनके विचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही /कटिहार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि को आदर्श मध्य विद्यालय धनपाडा में उनके तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आनंद ने बच्चों को बताया कि 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा महात्मा गांधी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी,तभी से हम लोग भारत में शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं। गांधी जी के विचारों एवं आदर्शों पर चर्चा करते हुए बताया कि महात्मा गांधी के आदर्श मुख्य रूप से सत्य,अहिंसा,सत्याग्रह और स्वदेशी पर आधारित थे। वे निडरता, आत्म शुद्धि,सादा जीवन, अस्पृश्यता उन्मूलन,धार्मिक एकता और आत्मनिर्भरता के प्रबल समर्थक थे ।उनके अनुसार अहिंसा सर्वोच्च शक्ति हैं और खुद को दूसरे की सेवा में खो देना ही जीवन पाने का सच्चा मार्ग हैं। गांधी जी के यह विचार न केवल स्वतंत्रता संग्राम में काम आए बल्कि आज भी सामाजिक,राजनीतिक और नैतिक चुनौतियों के समाधान के लिए प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में कालेश्वर साह,सियाराम यादव, अमित कुमार,शुभांगी पारई , योगेंद्र प्रसाद मंडल, तारकेश्वर कुमार ऋषि, विद्यालय के बच्चों में सुहानी भारती,नैंसी कुमारी,अनुष्का कुमारी, जानवी कुमारी,सोनम कुमारी,ऋषभ कुमार,अमर कुमार सहित दर्जनों बच्चे उपस्थित थे । वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकौना एवं प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर में भी बापू की 77 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा सुमन के साथ मनाई गई ।इस अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकौना के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा और सत्याग्रह के दम पर ब्रिटिश शासन से भारत को आजाद करने वाले प्रमुख नेता बने थे।

# केंद्रीय बजट की योजनाओं को घर-घर पहुंचाएगी बिहार भाजपा

## मंडल से प्रमंडल तक बजट भाषण सुनने की व्यवस्थाः दानिश इकबाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा लोकसभा में पेश होने वाले केंद्रीय बजट 2026-2027 की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर पूरी तैयारी में है। इसके लिए लगातार लोगों से संपर्क और इसकी प्रस्तावित योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए कई तरह की कार्ययोजना बनाई गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक योजनाओं की जानकारी गांव-गली तक नहीं पहुंचेगी तब तक लोग उससे सीधे नहीं जुड़ेंगे। तब तक बजट का वास्तविक लाभ आमजन को नहीं मिल पाएगा। बजट की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए बिहार भाजपा द्वारा खास तैयारी की गई है। इसके लिए नेताओं को दायित्व सौंपे गए हैं और विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। चार नेताओं को पूरे आयोजन की निगरानी का दायित्व दिया गया है। इसके लिए पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल, विधायक मनोज शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल एवं प्रवक्ता प्रीति शेखर की एक टीम बनाई गई है। बिहार प्रदेश के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि एक फरवरी को संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किए जा रहे बजट भाषण को सुनने और देखने के लिए मंडल तक व्यवस्था की जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी स्वयं दरभंगा में बजट भाषण सुनेंगे जबकि उप मुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी पटना में और विजय कुमार सिन्हा मुजफ्फरपुर में गणमान्य और प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठकर बजट भाषण को सुनेंगे। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव भागलपुर में और विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार गया में लोगों के साथ बजट भाषण सुनने के बड़े आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

इसके लिए एक निर्धारित स्थान पर टीवी सेट के माध्यम से केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से देखने और सुनने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य राजनीति नहीं बल्कि जनहित है। जनता को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। ताकि सरकारी संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके। इसके लिए प्रदेश के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपकर जिला प्रभारी का दायित्व दिया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि बजट पर संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं पर युवा, विद्यार्थी, किसान, महिला, श्रमिक, व्यापारी, बजट विशेषज्ञ के साथ संवाद एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

2 फरवरी से 10 फरवरी तक जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें केंद्रीय सरकार के मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री, क्षेत्रीय विधायक, सांसद, मेयर, जिला परिषद प्रतिनिधि द्वारा सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस (पीसी) एवं बजट पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय बजट से संबंधित सभी कार्यक्रमों की जानकारी, प्रतिक्रियाएं एवं गतिविधियां सोशल मीडिया पर भी शेयर की जाएंगी। मीडिया प्रभारी इकबाल ने बताया कि पार्टी का इस अभियान के पीछे उद्देश्य है कि बजट को सिर्फ घोषणा-पत्र न रहे बल्कि विकास की बात सीधे गांव-गली एवं आम जनजीवन से जुड़े। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्रियों एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी अलग-अलग दायित्व दिया गया है। यह व्यवस्था न केवल बिहार में बल्कि पूरे देश में की जा रही है।

# फ्लाई ऐश का लोडिंग काम बंद होने से श्रमिकों में नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कांटी।** कांटी थर्मल प्लांट से सटे कांटी कोठियां गांव में स्थित फ्लाई ऐश के लोडिंग कार्य में लगे स्थानीय श्रमिकों का फ्लाई ऐश के लोडिंग कार्य बंद हो जाने से उनमें काफी नाराजगी थी। इसके मद्देनजर शनिवार को एसडीएम बेस्ट आकांक्षा आनंद व एसडीपीओ वन सुचित्रा कुमारी, कांटी बीडीओ आनंद कुमार विभूति ने कांटी थर्मल आईबी में एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही कांटी कोठिया गांव में पहुंचकर श्रमिकों व स्थानीय लोगों से बातें की एवं उनके समस्या से अवगत हुए। इस वार्ता के दौरान फ्लाई ऐश के लोडिंग कार्य में लगे श्रमिकों ने एसडीएम और एसडीपीओ व अन्य अधिकारियों को बताया कि वे फ्लाई ऐश के लोडिंग कार्य करके अपने व अपने सभी अन्य परिवार जनों का लम्बे वर्षों से भरण पोषण करते थे और अभी तत्काल कार्य बंद हो जाने से उनमें भारी भुखमरी की संकट उत्पन्न हो गई है। एसडीएम और एसडीपीओ व अन्य अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि एनटीपीसी के गाइडलाइन को हर हाल में पालन करनी होगी एवं इसमें किसी तरह की कोई ढिलाई नहीं दी जाएगी एवं लॉ एंड ऑर्डर बिगाड़ने वाले पर कार्रवाई की जायेगी।

# युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मेरा युवा भारत, पटना द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन युवा आवास, पटना में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कटिहार जिले से कुल 37 युवाओं के एक दल ने सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आपसी समझ, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकता की भावना, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना रहा। पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों के रिसोर्स पर्सन द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं महत्वपूर्ण विषयों पर युवाओं का उन्मुखीकरण किया गया। इस क्रम में एम.एस.एम.ई., बिहार यूथ इम्प्लॉयमेंट एंड स्किल डेवलपमेट तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा युवा रोजगार, कौशल विकास, युवा नेतृत्व एवं कम्यूनिटी मोबिलाइजेशन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही कार्यक्रम के दौरान कटिहार के युवा दल को फील्ड विजिट के अंतर्गत बिहार म्यूजियम, पटना का भ्रमण कराया गया जिससे युवाओं को राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया जा सका। इसके अतिरिक्त युवाओं को मेरा युवा भारत से संबद्ध प्रेम यूथ फाउंडेशन का भी भ्रमण कराया गया जहां उन्हें युवा नेतृत्व, कम्यूनिटी मोबिलाइजेशन तथा यूथ क्लबों की संरचना एवं कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# लोक खेलों को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शामिल किया जाए : विजय प्रकाश

## देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अवसर पर पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल के माध्यम से शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया सर्वोत्कृष्ट है। वस्तुतः पढ़ाई के प्रति कम रूझान वाले बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का प्रभावी माध्यम खेल खेल में सीखना है। यदि खेल-विधि को अपनाकर पढ़ाया जाए तो बच्चों पर अध्ययन का मानसिक दबाव कम होता है और वे सहज रूप से सीखने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं। उन्होंने बल देते हुए कहा कि लोक खेलों की सूची शिक्षण अधिगम योग्यता को चिन्हित करते हुए बनाई जाए। विभिन्न अध्ययनों के परिणामों को उद्धृत करते हुए कहा कि संज्ञानात्मक क्षमता और सृजनात्मक क्षमता में हरास हुआ है। इस दृष्टि से शिक्षण की विधियों-उपविधियों में खेल को प्रोत्साहित किया जाए। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला तथा नियमित खेल-कूद को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक, शिक्षा-संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए पाठ्यक्रम में खेल-कूद की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने बल देते हुए कहा कि योजनाबद्ध शिक्षण अधिगम में खेलकूद को सम्मिलित किया जाए योजनाबद्ध शैक्षणिक विकास सम्भव होगा। कार्यक्रम का स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा द्वारा दिया गया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए क्रीड़ा प्रतियोगिता को व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण साधन बताया। इस अवसर पर एआईसी के सीओओ प्रमोद कर्ण, बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव डॉ. अवधेश के. नारायण, सभी सहायक प्रोफेसर, प्रशिक्षुगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पारदर्शी व्यवस्था के तहत लाखों किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध

## दो लाख क्विंटल से अधिक गुणवत्तायुक्त प्रसंस्कृत बीज की उपलब्धि : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण एवं अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बसंतीय (रबी) मौसम के अंतर्गत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य के सभी जिलों में प्रमुख फसलों के बीजों की आपूर्ति एवं वितरण सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होंने बताया कि रबी मौसम में गेहूं, चना, मसूर, अलसी, मटर, सरसों, स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न, हरा मटर सहित अन्य फसलों के प्रमाणित बीज अनुदानित दर पर किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। इस क्रम में राज्य के लगभग 17.79 लाख किसानों को विभिन्न फसलों के कुल 6.65 लाख क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है। यह उपलब्धि राज्य में कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को पारदर्शी व्यवस्था के तहत समय पर बीज उपलब्ध कराना है, ताकि वे निर्धारित समयावधि में बुआई कर सकें और बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। इसी उद्देश्य से रबी 2025-26 मौसम के लिए सभी फसलों के बीज उत्पादन का लक्ष्य 2.39 लाख क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राज्य के लगभग 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में बीज उत्पादन कार्यक्रम आच्छादित होंगे। उन्होंने आगे बताया कि रबी वर्ष 2025S26 के दौरान राज्य के 5 मुख्य बीज प्रसंस्करण केंद्रों एवं 8 मिनी प्रसंस्करण केंद्रों पर कुल 2,30,126.84 क्विंटल बीज का प्रसंस्करण किया गया। इस प्रक्रिया के पश्चात कुल 2,06,398.28 क्विंटल प्रसंस्कृत एवं गुणवत्ता-युक्त बीज प्राप्त हुआ जिसे किसानों के बीच वितरण के लिए उपलब्ध कराया गया है। मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि शारदीय (खरीफ) मौसम की तैयारी के तहत विभिन्न फसलों के कच्चे बीज का संग्रहण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# कांग्रेस करेगी नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम की 2 फरवरी को लांचिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संचार तंत्र को राष्ट्रीय, राज्य और जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावशाली एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से नेशनल टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आगामी 2 फरवरी को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित लांचिंग कार्यक्रम में विधिवत रूप से शुभारंभ किया जा रहा है। इस लांचिंग कार्यक्रम के बाबत जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि इस लांचिंग कार्यक्रम का आयोजन 02 फरवरी, 2026 को बिहार कांग्रेस के मुख्यालय सदाकत आश्रम में निश्चित हुआ है। यह प्रतियोगिता पूरे राज्य में आयोजित की जाएगी जिसमें पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आगामी 2 फरवरी को लांचिंग कार्यक्रम में सभी जिलाध्यक्षों सहित पार्टी के सभी अनुषांगिक संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेतागण भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न पदों पर पार्टी पदाधिकारियों का चयन प्रक्रिया जिले से होकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा।

# संपूर्ण क्रान्ति एक्सप्रेस में विशेष टिकट जांच अभियान में पकड़े गए 205 अनधिकृत यात्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने वालों के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग का कार्य सघनतापूर्वक कराया जाता रहता है। इसी क्रम में 30 जनवरी 2026 को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक/दानापुर अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार द्वारा मंडलीय पर्यवेक्षकों के साथ गाड़ी संख्या-12393 संपूर्ण क्रान्ति एक्सप्रेस में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान दानापुर से पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. के बीच ट्रेन के सभी कोचों, विशेष रूप से आरक्षित एसी कोचों की गहन जांच की गई। यह जांच अभियान टिकट जांच दस्ता, संबंधित कोच टीटीई तथा आरपीएफ कर्मियों के सहयोग से संयुक्त रूप से चलाया गया। अनधिकृत यात्रियों की संख्याः- 205, 1,16,530/ राशि वसूली गई। मंडल में बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध इस प्रकार का आकस्मिक एवं सघन टिकट जांच अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा।

# पंख हाट में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना के लेडी स्टीफनसन हाल में लगाए गए पंख हाट में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के पारंपरिक लोकगीतों और स्वच्छता गीतों की प्रस्तुति करते हुए लोगों से अपील की कि पटना शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें और स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेते हुए पटना को स्वच्छता रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान दिलाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री डॉ शांति राय ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि शहर का स्वच्छ रहना आवश्यक है। स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद है। हमें अपने तन और घर को तो स्वच्छ रखना ही चाहिए साथ ही शहर को स्वच्छ रखना चाहिए ताकि बीमारियां हमसे दूर भागे। भूमिहार महिला समाज द्वारा आयोजित पंख हाट में लगाए गए स्टॉल में भी सभी ने स्वच्छता का संकल्प लिया और पटना शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों के योगदान को महत्वपूर्ण माना। लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता गीतों के माध्यम से सभी को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बिदु रानी, संध्या नन्हीं, डॉ. पूनम चौधरी, नीतू सिंह, राजेश केशरी आदि भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सबकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दर्शन शास्त्र से जीवन के कई उलझे प्रश्नों का मिलता है उत्तर : गंगा प्रसाद




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा है कि दर्शन शास्त्र से जीवन के कई उलझे प्रश्नों का उत्तर मिलता है। पूर्व राज्यपाल पटना सिटी के आर पी एम कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी सह पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने ओरिएंटल कॉलेज की दर्शन शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ फौजिया परवीन की पुस्तक 'दर्शन' का विमोचन किया। इस पुस्तक को एमजेसी सेमेस्टर सिक्स के लिए लिखा गया है। इस अवसर पर प्रोफेसर आर सी सिन्हा, प्रोफेसर पुम्मम सिंह, प्रोफेसर नगेंद्र मिश्रा समेत अनेक लोगों ने दर्शन शास्त्र की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे।

# श्रीकृष्ण सिंह एवं विद्याकर कवि की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केशरी डा. श्रीकृष्ण सिंह की 65वीं पुण्यतिथि एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री विद्याकर कवि की 39 वीं पुण्यतिथि आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। समारोह की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि डा. श्रीकृष्ण सिंह दूरदर्शी सोच के राजनेता थे। बिहार एवं झारखण्ड के सभी बड़े कल-कारखाने, बोकारो स्टील प्लान्ट, हेवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन रांची, पतरातू एवं बरौनी बिजली कारखाना, बरौनी तेल शोधक कारखाना, मोकामा में राजेन्द्र सेतु एवं विकास के अन्य बड़े कार्य डा. श्रीकृष्ण सिंह के कार्यकाल में हुए। उन्होंने कहा कि जमींदारी प्रथा का उन्मूलन बिहार में श्रीबाबू के कार्यकाल में हुआ और उन्होंने बिहार को आधुनिक राज्य के श्रेणी में आजादी के पश्चात लाकर खड़ा कर दिया। स्व. विद्याकर कवि के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राजेश राम ने कहा कि स्व. विद्याकर कवि स्वतंत्रता सेनानी एवं संवेदनशील नेता थे।

# हिमालया वेलनेस और आरसीबी महिला टीम ने हाथ मिलाया




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के नंबर 1 फेस वॉश ब्रांड हिमालया वेलनेस ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 1डरवुमन अकादमी का अनावरण किया। यह शुरुआत 1डरवुमन पहल की गति को आगे बढ़ाते हुए, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से उबरने में सहायता करती है और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए प्रेरित करती है। यह प्लेटफॉर्म युवा लड़कियों और उनकी पसंदीदा महिला क्रिकेटरों के बीच की दूरी को कम करने के लिए तैयार किया गया है।

# शिक्षा से आत्मनिर्भरता तक : आनंद रंजन झा को मिला 'भारत रत्न आइकॉनिक अचीवर्स अवॉर्ड 2026'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जंदाहा (वैशाली) के प्रख्यात शिक्षाविद् आनंद रंजन झा को राष्ट्रीय स्तर के 'भारत रत्न आइकॉनिक अचीवर्स अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान जीवन जागृति सेवा संस्थान द्वारा 29 जनवरी 2026 को प्रदान किया गया। यह सम्मान श्री झा को वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उनके सतत, समर्पित और प्रभावशाली कार्यों के लिए दिया गया है।



उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने, रोजगारोन्मुख कौशल विकसित करने तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटल साक्षरता के प्रसार के माध्यम से श्री झा ने छात्रों एवं समुदाय के सदस्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उन्हें बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाया। शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास को केंद्र में रखकर किए गए उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। भारत रत्न आइकॉनिक अचीवर्स अवॉर्ड 2026 उन व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक, प्रभावी एवं दीर्घकालिक योगदान दिया हो। सम्मान पत्र में श्री झा की प्रतिबद्धता, सामाजिक उत्तरदायित्व और शिक्षा के प्रति समर्पण की विशेष सराहना की गई है। सम्मान प्राप्त करने पर आनंद रंजन झा ने इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, डिजिटल सशक्तिकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस सम्मान से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# 21 और 22 फरवरी को होटल मौर्या में लगेगा प्रीमियर स्कूल्स एडमिशंस फेयर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के होटल मौर्या में 21 और 22 फरवरी को दो दिवसीय प्रीमियर स्कूल्स एडमिशंस फेयर का आयोजन किया जाएगा। बिग बैनर एक्सहिबीटर द्वारा आयोजित इस फेयर का उद्देश्य अभिभावकों और छात्रों को देश के नामी एवं प्रतिष्ठित स्कूलों के एडमिशन विकल्पों से एक ही मंच पर रूबरू कराना है। उक्त बात की जानकारी फ्रेजर रोड स्थित कासा पिकोला रेस्टुरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान फेयर की संयोजक स्वेता ने दी। उन्होंने कहा कि इस एडमिशन फेयर में देश के जाने - माने 20 से अधिक बोर्डिंग एवं डे स्कूल्स भाग लेंगे।

CMYK

# दुनिया में गहरा रहा जल संकट, आई डरावनी चेतावनी

दुनिया में बढ़ता जल संकट चिंता का विषय बना हुआ है। अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़े जाने की भविष्यवाणियां तक की जा चुकी हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के जल, पर्यावरण और स्वास्थ्य संस्थान के शोधकर्ताओं की हाल में आई एक रपट इन चिंताओं को और गंभीर रूप दे रही है। इसमें कहा गया है कि पिछले कई दशकों के दौरान जल के अत्यधिक दोहन, सिमटते भूजल स्रोतों, भूमि क्षरण, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उपजी बाधाओं की वजह से दुनिया अब जल संकट की अवस्था से आगे बढ़कर 'वैश्विक जल दिवालियापन' की स्थिति में कदम रख चुकी है।जब कोई इंसान दिवालिया होता है, तो उसके पास पैसा नहीं बचता, घर तक गिरवी हो जाता है और विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। बड़ा सवाल यह है कि अगर दुनिया पानी के लिहाज से दिवालिया हो गई, तो क्या होगा? रपट में शोधकर्ताओं ने जो कुछ कहा है, उसका मतलब यह नहीं कि दुनिया से पानी अचानक खत्म हो जाएगा, बल्कि जिस ढंग से जल का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे जल व्यवस्था की रीढ़ टूटनी शुरू हो गई है। समूचे विश्व में बहुत पहले से जल संकट की चर्चा होती रही है, मगर इसे एक ऐसे झटके की तरह देखा जाता रहा है, जिससे समय के साथ उबरा जा सकता है। अगर जल संकट के बारे में चेतावनी दी जाती रही है, तो यह भरोसा भी दिलाया जाता रहा है कि फिर से अच्छी बरसात होगी, जल का स्तर सुधर जाएगा और हालात पुनः सामान्य हो जाएंगे।मगर नई रपट ने इस भरोसे पर सवालिया निशान लगा दिया है। रपट में साफ कहा गया है कि विश्व की जल आपूर्ति प्रणाली कई जगहों पर पतन के दौर में पहुंच चुकी है। अनेक क्षेत्रों में पानी की कमी अब स्थायी स्वरूप लेती जा रही है। यह स्थिति केवल पानी की कमी की नहीं, बल्कि व्यवस्था के टूटने की ओर संकेत करती है। ऐसे में अब हमें पानी के बारे में अपने सोचने का ढंग बदलना होगा।अब तक जल संकट को एक अस्थायी समस्या माना जाता रहा है। अकाल पड़े, परेशानियां आईं, मगर कुछ साल बाद हालात सुधर गए। किसी साल वर्षा कम हुई, लेकिन अगले मानसून में भरपाई हो गई। जब ऐसा चल रहा था, तो नीतियों का निर्धारण भी इसी अनुरूप होता रहा। कभी जल की बूंद-बूंद को सहेजने वाले समाज ने भी लापरवाही बरतना शुरू कर दिया। कई जगहों पर जलस्रोत इतने कमजोर हो चुके हैं कि उन्हें पहले जैसी स्थिति में लौटने में दशकों लग सकते हैं और कई मामलों में शायद लौटना संभव ही न हो पाए। हम दिवालियापन को व्यक्ति के आर्थिक रूप से कंगाल होने के संदर्भ में ही समझते आए हैं।

**आज जो हालात कनाडा के साथ हैं, वही दुनिया के कई अन्य देशों के साथ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कभी भारत तो धमकी देते हैं तो कभी चीन को। ग्रीनलैंड का समर्थन करने वाले देशों को भी इस तरह की उनकी हाल में धमकी आई है। इस तरह की धमकी एक व्यापक वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपने देश के नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की है। ट्रंप प्रशासन द्वारा कनाडाई उत्पादों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी को देखते हुए ये अपील की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वह चीन के साथ व्यापार समझौता करता है तो वह कनाड़ा पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप की इस चेतावनी के बाद एक वीडियो संदेश में कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कनाडा की अर्थव्यवस्था पर बाहरी दबाव है।**

# कनाडा के प्रधानमंत्री की स्वदेशी अपनाने की अपील का संदेश

**(अशोक मधुप)**

जो हमारे नियंत्रण में है उसपर फोकस करें। हम ही कनाडा के सबसे अच्छे ग्राहक हैं और हमें कनाडा में बने उत्पाद खरीदने चाहिए ताकि देश को मजबूत बनाया जा सके। अमेरिका और कनाडा दोनों देशों के बीच ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के बाद तल्खी तब और बढ़ गई जब ट्रंप ने कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कही, हालांकि पिछले साल कार्नी ने व्हाइट हाउस में ट्रंप से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा था कि कनाडा बिकाऊ नहीं है।

आज जो हालात कनाडा के साथ हैं, वही दुनिया के कई अन्य देशों के साथ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कभी भारत तो धमकी देते हैं तो कभी चीन को। ग्रीनलैंड का समर्थन करने वाले देशों को भी इस तरह की उनकी हाल में धमकी आई है। इस तरह की धमकी एक व्यापक वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा है। बड़ी शक्तियों छोटी शक्ति और देशों को दबाकर रखना चाहती हैं। वे छोटे और सम्प्रभू देशों को अपना गुलाम बनाकर रखना पसंद करती है। अपने पर निर्भर बनाए रखना चाहती है। इस तरह के आसन्न खतरे को भारत ने पहले ही भांप लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी समय से स्वदेशी अपनाने पर वैसे ही नही जोर दे रहे। भारत में स्वदेशी का विचार कोई नया नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय चेतना का एक महत्वपूर्ण अंग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विचार को आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से नया आयाम दिया है। वोकल फॉर लोकल का नारा देते हुए उन्होंने देशवासियों से भारतीय उत्पादों को अपनाने और उन्हें वैश्विक बनाने का आह्वान किया है। यह दृष्टिकोण केवल आर्थिक नहीं बल्कि राष्ट्रीय गौरव और आत्मसम्मान से भी जुड़ा हुआ है। जब हम अपने देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं, तो हम न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा करते हैं। दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता कम होगी। उनका हम पर दबाव कम होगा।

स्वदेशी की अवधारणा को समझने के लिए हमें महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन को याद करना होगा। गांधीजी ने स्वदेशी को केवल आर्थिक रणनीति के रूप में नहीं देखा था, बल्कि इसे स्वराज और आत्मनिर्भरता के व्यापक दर्शन का हिस्सा माना था। उनका मानना था कि जब तक हम आर्थिक रूप से परतंत्र रहेंगे, तब तक वास्तविक स्वतंत्रता संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार और चरखे से बने खादी को अपनाने पर जोर दिया। गांधीजी के लिए चरखा केवल कपड़ा बनाने का साधन नहीं था, बल्कि यह आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक था।

दरअसल अंग्रेजों के शासन से पहले जरूरत का सारा सामान हमारे यहां गांव-गांव और आसपास में पैदा होता हैं। जरूरत का काफी सामान हम अपने घर तैयार कर लेते थे। अंग्रेजों ने इस व्यवस्था को बड़े-बड़े उद्योग लगाकर खत्म कर दिया।

महात्मा गांधी ने स्वदेशी का महत्व समझा। उनका स्वदेशी आंदोलन भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण हथियार बना। उन्होंने लोगों को समझाया कि जब हम विदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हैं, तो हम न केवल अपने देश की संपत्ति को बाहर भेज रहे हैं, बल्कि अपने कारीगरों और श्रमिकों को भी बेरोजगार कर रहे हैं। उनका मानना था कि प्रत्येक भारतीय को अपने गांव और अपने देश में बनी वस्तुओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। यह विचार इतना प्रभावशाली था कि लाखों भारतीयों ने विदेशी कपड़ों की होली जलाई और खादी को अपनाया। यह आंदोलन केवल आर्थिक नहीं था, बल्कि इसने राष्ट्रीय चेतना को जगाने और लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आज की वैश्वीकृत दुनिया में स्वदेशी की अवधारणा नए अर्थ और महत्व प्राप्त कर रही है। कनाडा पर ट्रंप की टैरिफ धमकी यह दर्शाती है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार कितना अनिश्चित और राजनीतिक रूप से प्रभावित हो सकता है। जब कोई देश किसी दूसरे देश पर आर्थिक दबाव बनाना चाहता है, तो व्यापार शुल्क एक प्रमुख हथियार बन जाता है। ऐसी स्थिति में जो देश अपनी घरेलू उत्पादन क्षमता को मजबूत रखते हैं, वे बेहतर तरीके से इन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। यही कारण है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपने नागरिकों से देश में बने उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया है।

भारत की आत्मनिर्भर भारत पहल इसी दिशा में एक व्यापक और दूरदर्शी कदम है। इस अभियान का उद्देश्य केवल आयात को कम करना नहीं है, बल्कि भारत को विनिर्माण, नवाचार और



तकनीकी विकास का एक वैश्विक केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार कहा है कि आत्मनिर्भरता का अर्थ आत्मकेंद्रित होना नहीं है, बल्कि यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय और मजबूत भागीदार बनना है। जब भारतीय उत्पाद गुणवत्ता और नवाचार में उत्कृष्ट होंगे, तो वे न केवल घरेलू बाजार में सफल होंगे बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी जगह बनाएंगे।

स्वदेशी को अपनाने का अर्थ यह नहीं है कि हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार या वैश्वीकरण के खिलाफ हैं। बल्कि यह एक संतुलित दृष्टिकोण है जो घरेलू उद्योगों को मजबूत करते हुए वैश्विक बाजार में भागीदारी को भी बढ़ावा देता है। जब हमारे उद्योग मजबूत होंगे, तो हम बेहतर शर्तों पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भाग ले सकेंगे। यही कारण है कि भारत मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से घरेलू उत्पादन और नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। जब हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो हम अपने देश के कारीगरों, किसानों, छोटे व्यवसायियों और उद्यमियों की आजीविका का समर्थन करते हैं। भारत जैसे देश में जहां बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती है, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है। छोटे और मध्यम उद्योग जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, तभी फल-फूल सकते हैं जब उन्हें पर्याप्त घरेलू बाजार मिले।

पर्यावरण की दृष्टि से भी स्वदेशी उत्पादों का महत्व बढ़ जाता है। जब हम स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं का उपयोग करते हैं, तो परिवहन से होने वाला कार्बन उत्सर्जन कम होता है। साथ ही, स्थानीय उत्पादन अक्सर पारंपरिक और टिकाऊ तरीकों का उपयोग करता है जो पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। गांधीजी ने भी कहा था कि पृथ्वी के पास हर व्यक्ति की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं। स्वदेशी की अवधारणा इसी सिद्धांत पर आधारित है।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जहां व्यापार युद्ध और आर्थिक राष्ट्रवाद बढ़ रहा है, स्वदेशी की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। कोविड-19 महामारी ने भी हमें सिखाया कि अत्यधिक आयात निर्भरता कितनी खतरनाक हो सकती है। जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं टूट गईं, तो कई देशों को आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ा। भारत ने इस संकट से सीख लेते हुए दवाओं, चिकित्सा उपकरणों, और अन्य आवश्यक वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दिया है।कभी हम न मास्क बनाते थे। न सेनेंटाइजर, न अन्य उपकरण। करोनाकाल में हमने कोशिश की और आत्म निर्भर ही नही हुए। देश की बनी करोना वैक्सीन कई देशो को दी।

स्वदेशी को सफल बनाने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जब हम खरीदारी करते हैं तो हमें यह देखना चाहिए कि वह उत्पाद कहां बना है और किसके द्वारा बनाया गया है। छोटे निर्णय जैसे स्थानीय बाजार से खरीदारी करना, हस्तशिल्प को बढ़ावा देना, और भारतीय ब्रांड्स को चुनना, सामूहिक रूप से बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। यह केवल आर्थिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रश्न है।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# एक भारत, एक कानून की नीतिगत कसौटी के सियासी निहितार्थ

(कमलेश पांडे )

यह ठीक है कि इस राह में कई संरचनात्मक बाधाएं हैं, लेकिन राष्ट्र के दूरगामी भविष्य के लिए इन कपोलकल्पित बाधाओं, वैधानिक जटिलताओं से निबटना भी तो सकारात्मक और आशावादी नेतृत्व की पहचान होती है। खासकर मोदी हैं तो मुमकिन है, वाली सोच यहां भी चरितार्थ की जा सकती है।

विभिन्न तरह के पारस्परिक विरोधाभासों से जूझ रहे भारतीय गणतंत्र के लिए एक भारत, एक कानून की अवधारणा बदलते वक्त की मांग है। इसलिए इसको सरजमीं पर उतरना बेहद जरूरी है। सवाल है कि जब एक मतदाता, एक वोट का विधान सफल हो सकता है तो फिर एक भारत, एक कानून का विधान क्यों नहीं? इस बात में कोई दो राय नहीं कि ऐसी सकारात्मक कोशिशें अंततोगत्वा समतामूलक समाज की दिशा में निर्णायक साबित हो सकते हैं।

लिहाजा यदि भारतीय संविधान के संघीय ढांचे और अन्यान्य विविधताओं को बनाए रखने वाले नानाविध प्रावधानों से एक देश, एक कानून की पावन और समदर्शी सोच टकराती है तो ऐसे किसी भी टकराव को नजरअंदाज कीजिए और एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) या एकसमान कानूनी व्यवस्था की दिशा में एक यथार्थपरक व्यवहारिक कदम उठाइए। इससे दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, सवर्ण जैसे निरर्थक भेद भी मिटेंगे और राष्ट्र को अप्रत्याशित मजबूती मिलेगी।

यह ठीक है कि इस राह में कई संरचनात्मक बाधाएं हैं, लेकिन राष्ट्र के दूरगामी भविष्य के लिए इन कपोलकल्पित बाधाओं, वैधानिक जटिलताओं से निबटना भी तो सकारात्मक और आशावादी नेतृत्व की पहचान होती है। खासकर मोदी हैं तो मुमकिन है, वाली सोच यहां भी चरितार्थ की जा सकती है। योगी हैं तो यकीन भी किया जा सकता है। शाह हैं तो चिल्लपों भी नहीं मचेगा, ऐसा जनविश्वास है। जहां तक संघीय ढांचे की चुनौतियों की बात है तो भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में विधायी शक्तियों का त्रिपक्षीय विभाजन (केंद्र, राज्य, समवर्ती) एक देश, एक कानून की राह का एक बड़ा रोड़ा समझा जाता है। उदाहरणतया पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि जैसे विषय राज्य सूची में हैं, जिनमें केंद्र का सीधा हस्तक्षेप संभव नहीं होगा बिना संशोधन के। क्योंकि संविधान का अनुच्छेद 246 इस विभाजन को मजबूत बनाता है, जो एकसमान कानून लागू करने में राज्यों की सहमति या संविधान संशोधन की मांग करता है। वहीं, मौलिक अधिकारों का टकराव भी संभाव्य है, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 25-28 धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं, जो व्यक्तिगत कानूनों (पर्सनल लॉ) को संरक्षण प्रदान करते हैं। वहीं, यूनिफॉर्म सिविल कोड को अनुच्छेद 44 के नीति-निर्देशक तत्व के रूप में रखा गया है, लेकिन यह बाध्यकारी नहीं है और मौलिक अधिकारों से टकरा सकता है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इसे लागू करने पर जोर दिया है (जैसे शाह बानो मामले में), लेकिन संघीय विविधता और अल्पसंख्यक अधिकारों के नाम पर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी इस राह की सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। वहीं, व्यावहारिक और न्यायिक अड़चनों की बात भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि एकीकृत न्यायपालिका (अनुच्छेद 214) होने के बावजूद, राज्यों में उच्च न्यायालयों की स्वायत्तता और लंबित मामलों (5 करोड़ से अधिक) की भारी संख्या एकसमान कानून के कार्यान्वयन को जटिल बनाती है। इसके अलावा, संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन की प्रक्रिया में राज्यों की सहमति जरूरी हो सकती है, जो राजनीतिक मतभेदों से अवरुद्ध रहती है। शासन करो की नीति का जड़मूल से खात्मा हो जाएगा। यद्यपि मुट्ठी भर चतुर सुजान विदेशी टुकड़े पर विरोध अवश्य करेंगे लेकिन जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटवाकर एक विधान, एक निशान की राष्ट्रीय नीति लागू करवा सकते हैं तो उनके लिए एक देश, एक कानून को मूर्त रूप देना-दिलवाना कोई बड़ी बात नहीं है, बशर्ते कि इस मुद्दे पर भाजपा और आरएसएस की नीति साफ और नीयत स्पष्ट हो।वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# भरोसे एवं भारत की आवाज थे विरल पत्रकार मार्क टुली

**मार्क टुली एक विदेशी पत्रकार भर नहीं थे, वे भारत की आत्मा के स्थायी प्रवासी थे, जिनमें भारतीयता रची-बसी थी। उनका भारत से रिश्ता किसी वीजा, नियुक्ति या करियर-रणनीति का परिणाम नहीं था, बल्कि वह रक्त और मिट्टी का संबंध था। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता के टॉलीगंज में जन्मे टुली ने ब्रिटिश राज के अंतिम दौर का भारत देखा, जिया और महसूस किया। भारत की समकालीन इतिहास-यात्रा में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो केवल घटनाओं का वृत्तांत नहीं लिखते, बल्कि समय की चेतना में घुल-मिलकर स्वयं इतिहास का हिस्सा बन जाते हैं। सर विलियम मार्क टुली, जिन्हें दुनिया भर में स्नेह और सम्मान से 'मार्क टुली' कहा गया, ऐसे ही विरल पत्रकार थे। उनका निधन केवल एक वरिष्ठ पत्रकार का जाना नहीं है, बल्कि उस पत्रकारिता-दृष्टि का अवसान है, जिसमें सत्य सनसनी से ऊपर और संवेदना आंकड़ों से अधिक महत्त्वपूर्ण होती थी।**

**(ललित गर्ग)**

बीबीसी रेडियो की वह गूंजती हुई पंक्ति-'दिस इज मार्क टुली रिपोर्टिंग फ्रॉम दिल्ली', दशकों तक भारतीय उपमहाद्वीप में भरोसे, प्रामाणिकता और संतुलन का पर्याय बनी रही। मार्क टुली एक विदेशी पत्रकार भर नहीं थे, वे भारत की आत्मा के स्थायी प्रवासी थे, जिनमें भारतीयता रची-बसी थी। उनका भारत से रिश्ता किसी वीजा, नियुक्ति या करियर-रणनीति का परिणाम नहीं था, बल्कि वह रक्त और मिट्टी का संबंध था। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता के टॉलीगंज में जन्मे टुली ने ब्रिटिश राज के अंतिम दौर का भारत देखा, जिया और महसूस किया। एक समृद्ध ब्रिटिश परिवार में जन्म लेने के बावजूद दार्जिलिंग के बोर्डिंग स्कूलों और भारतीय जनजीवन की विविध छवियों ने उनके भीतर एक ऐसी आत्मीयता एवं संस्कार बो दिया, जो जीवन भर पुष्पित-पल्लवित होती रही। नौ वर्ष की आयु में जब वे इंग्लैंड गए, तब भी भारत उनके भीतर जीवित रहा-स्मृतियों में, संवेदनाओं में और दृष्टि में।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में धर्मशास्त्र का अध्ययन करते समय उन्होंने पादरी बनने का विचार किया था। यह तथ्य अपने-आप में बहुत कुछ कहता है, क्योंकि सत्य की खोज, नैतिक विवेक और मानवीय करुणा उनके व्यक्तित्व की मूल धुरी थीं। किंतु नियति ने उन्हें चर्च की सीमित दीवारों से बाहर निकालकर एक ऐसे मंच पर खड़ा कर दिया, जहां वे पूरी मानवता से संवाद कर सकते थे। पत्रकारिता उनके लिए पेशा नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व थी। जब वे बीबीसी के संवाददाता के रूप में भारत लौटे, तो उन्होंने इसे एक असाइनमेंट नहीं बल्कि अपने घर लौटने जैसा अनुभव किया। मार्क टुली की पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे भारत को पश्चिमी चश्मे से नहीं देखते थे। वे सत्ता के गलियारों से अधिक गांव की चौपाल, मंदिर-मस्जिद के आंगन, खेतों की मेड़ और आम आदमी की चिंता को महत्तव देते थे। आपातकाल हो या इंदिरा गांधी की राजनीति, सिख विरोधी दंगे हों या बाबरी मस्जिद विध्वंस, पंजाब का उग्रवाद हो या कश्मीर की पीड़ा-मार्क टुली ने हर विषय को संतुलन, गहराई और मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के सामने रखा। वे घटनाओं के पीछे छिपी सामाजिक और सांस्कृतिक परतों को समझने की कोशिश करते थे, इसीलिए उनकी रिपोर्टिंग तत्कालीन शोर-शराबे से ऊपर उठकर स्थायी संदर्भ बन गई।



आज के आपाधापी और टीआरपी-केंद्रित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दौर में, जहाँ खबर से ज्यादा शोर और तथ्य से ज्यादा त्वरित प्रतिक्रिया को महत्व दिया जाता है, मार्क टली की पत्रकारिता एक उजली कसौटी बनकर सामने आती है। टीवी स्टूडियो की तीखी बहसों, चीखती हेडलाइनों और सतही विश्लेषण के उलट, मार्क टली ने यह सिद्ध किया कि शांत, संयमित और तथ्यपरक संवाद भी उतना ही प्रभावशाली होता है बल्कि अधिक विश्वसनीय होता है। उनकी पत्रकारिता दिल्ली के सत्ता-केंद्र तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह भारत की आत्मा-गाँव, कस्बे, आम जन और उनकी पीड़ा से जुड़ी हुई थी। आज जब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सत्ता, बाज़ार और सनसनी के दबाव में अपनी विश्वसनीयता खोता दिख रहा है, तब मार्क टली की शैली यह सिखाती है कि पत्रकारिता का असली धर्म प्रश्न पूछना, सच को धैर्य से समझना और उसे बिना शोर के, पूरे संदर्भ के साथ प्रस्तुत करना है। उनका जीवन आज के टीवी मीडिया के लिए एक मौन लेकिन सशक्त संदेश है कि भरोसे की आवाज़ ऊँची नहीं, सच्ची होती है। मार्क टुली की सबसे बड़ी देन यह थी कि उन्होंने भारत की विविधता को उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। वे मानते थे कि भारत किसी एक विचार, एक भाषा या एक संस्कृति से नहीं बनता, बल्कि यहां की बहुलता ही इसकी आत्मा है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-ग्रामीण-शहरी, गरीब-अमीर, इन सबके बीच बहता हुआ संवाद ही भारत की असली पहचान है। जब दुनिया के कई हिस्से भारत को केवल गरीबी, अव्यवस्था या अराजकता के चश्मे से देखते थे, तब मार्क टुली ने भारत की सहिष्णुता, आध्यात्मिकता और जीवटता को रेखांकित किया। उन्होंने यह दिखाया कि यह देश विरोधाभासों के बावजूद नहीं, बल्कि उन्हीं के साथ जीना जानता है। मार्क टुली की आवाज रेडियो के माध्यम से करोड़ों लोगों के घरों तक पहुंचती थी। वह दौर ऐसा था, जब समाचार सुनने के लिए लोग घड़ी देखकर रेडियो ऑन करते थे। उनकी रिपोर्टिंग में नाटकीयता नहीं, बल्कि सजीवता-ठहराव था। वे कहते थे कि भारत को समझने के लिए अपनी घड़ी उतारकर रखनी पड़ती है। यह कथन केवल समय-संस्कृति की बात नहीं करता, बल्कि उस धैर्य और विनम्रता की ओर संकेत करता है, जिसके बिना भारत जैसे देश को समझा नहीं जा सकता। यही धैर्य उनकी पत्रकारिता में झलकता था। एक विदेशी होकर भी उन्होंने भारतीयता पर गर्व करना सिखाया, वह भी उस समय, जब हम स्वयं अपनी जड़ों को लेकर संशय में थे। उनकी पुस्तकों और कार्यक्रमों में भारत केवल खबर नहीं, बल्कि एक जीवंत सभ्यता के रूप में उपस्थित रहता है। 'नो फुल स्टॉप्स इन इंडिया' जैसी कृतियां भारत की निरंतर चलती कहानी को सामने लाती हैं, जहां कोई अंतिम विराम नहीं, केवल प्रवाह है। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की अव्यवस्थाओं की आलोचना भी की, लेकिन वह आलोचना स्नेह और चिंता से भरी होती थी, उपेक्षा या उपहास से नहीं। ब्रिटिश सरकार द्वारा नाइटहुड और भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना उनके योगदान की औपचारिक स्वीकृति है, लेकिन उनकी असली विरासत वह विश्वास है, जो भारतीय जनता ने उन पर किया। लोग उनकी बात इसलिए मानते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह व्यक्ति भारत को समझता है, उसे चाहता है और उसके साथ ईमानदार है। आज के दौर में, जब पत्रकारिता तेजी से बदल रही है, प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड में, नई तकनीक के दबाव में हांफ रही है, तब मार्क टुली की कमी और अधिक महसूस होती है। उनका जाना उस युग का अंत है, जहां शब्दों की गरिमा थी और तथ्य पवित्र माने जाते थे। वे हमें यह सिखाकर गए कि पत्रकारिता सूचना का व्यापार नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। भारत की मिट्टी में जन्मा, विदेशी धरती पर शिक्षित और अंततः भारत की ही गोद में समा जाने वाला यह व्यक्तित्व सदैव स्मृतियों में जीवित रहेगा। वे ऐसे विदेशी साक्षी थे, जिन्होंने भारत को केवल दुनिया की नजरों में ही नहीं, बल्कि भारतीयों की अपनी नजरों में भी नई गरिमा दी। मार्क टुली का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सीमाएं नागरिकता तय कर सकती हैं, संवेदनाएं नहीं। उनकी आवाज भले ही अब रेडियो पर न गूंजे, लेकिन भारत की आत्मा में उनकी प्रतिध्वनि लंबे समय तक सुनाई देती रहेगी। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## एक नजर

### नगर निगम की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक नगर निगम कार्यालय में महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर आइशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक सहित समिति के सभी सदस्य एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी शब-ए-बारात पर्व को देखते हुए शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कब्रिस्तानों के आसपास समुचित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश सफाई शाखा के अधिकारियों को दिए गए। नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य स्थलों पर तीन पालियों में सफाई कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय में कार्यरत पूर्व नियोजित कर्मियों—स्वास्थ्य निरीक्षक, विद्युत पर्यवेक्षक एवं वार्ड जमादार के नियोजन अवधि के विस्तार को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर निगम की सफाई मशीनरी को निजी उपयोग हेतु किराये पर उपलब्ध कराया जाएगा। आमजन अपनी आवश्यकता के अनुसार जेसीबी, सुपर सकर मशीन, ट्रैक्टर, टीपर, ई-व्हीकल आदि मशीनें नगर निगम से भाड़े पर ले सकेंगे। इसके साथ ही सर्वसम्मति से नगर निगम क्षेत्र के प्रवेश स्थलों (कुल 7 स्थानों) पर वेलकम गेट के अधिष्ठापन का भी निर्णय लिया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

### बीड़ओ के सेवानिवृत होने पर सम्मान सह विदाई समारोह

**नगरनौसा(नालंदा)/नबिटा संवाददाता।** नगरनौसा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुमारी पुष्पा के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार के दिन बीआरसी कार्यालय के प्रांगण में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुमारी पुष्पा को माला पहनाकर व बुके भेंटकर उपस्थित अधिकारी, कर्मी व शिक्षकों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक धनंजय कुमार ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुनील कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश, अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार पीपीएसएस के प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार, चंद्रावंती कुमारी, लेखपाल आशीष कुमार, गौरव कुमार, शिक्षक देवांशु कुमार, नंदकिशोर मोहम्मद दिलशाद आलम, मुन्ना कुमार, अरविंद कुमार, विनोदानंद कुमार, विवेकचंद्रा, तरुण कुमार, गौरव कुमार, सुनील कुमार, शशिभूषण प्रसाद, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, रविन्द्र कुमार, अरविंद कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**कौआकोल।** प्रखण्ड के मध्य विद्यालय बड़राजी में कार्यरत शिक्षिका अनुसूया कुमारी के सेवानिवृत्ति पर शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौआकोल बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार मौजूद रहे। विदाई समारोह की अध्यक्षता पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवबालक पासवान ने सेवानिवृत्त शिक्षिका अनुसूया कुमारी को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी सेवानिवृत्त शिक्षिका को फूल माला देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्त होना एक सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि शिक्षिका अनुसूया कुमारी ने लगभग 27 वर्षों तक निर्विवाद होकर इस विद्यालय में अपनी सेवाएं दी। मौके पर कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल अजित कुमार सुमन,सुरेश प्रसाद,दिलीप सिंह,कामेश्वर प्रसाद,अवधेश पासवान,अरुण कुमार,इंटर विद्यालय ओखरिया के प्रभारी प्राचार्य,अनन्त कुमार,मनोज कुमार,धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### 30 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डायट, नवादा परिसर में इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा–2026 के सफल, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। डीएम ने बताया कि यह परीक्षा 02 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों को सघन फ्रिस्किंग के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थी केवल एडमिट कार्ड और पेन के साथ प्रवेश कर सकेंगे। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। प्रथम पाली के लिए सुबह 9 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे। डीएम ने चेतावनी दी कि चारदीवारी फांदकर या किसी अन्य अवैध तरीके से प्रवेश करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। परीक्षा कक्ष में भी वीक्षकों द्वारा तलाशी ली जाएगी। प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए वीडियोग्राफी एवं वज्रगृह की व्यवस्था की गई है। जिले में कुल 30 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 4 आदर्श परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी, पेयजल, बिजली एवं मेडिकल सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### परिचारी कमला देवी को दी गई विदाई

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिला जनसंपर्क कार्यालय, नवादा की परिचारी कमला देवी के सेवानिवृत्त होने पर 31 जनवरी 2026 को कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कमला देवी ने अपने सेवाकाल की समाप्ति पर विधिवत सेवानिवृत्ति ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि उनकी नियुक्ति 24 जून 2019 को जिला जनसंपर्क कार्यालय में हुई थी और उन्होंने लगभग 6 वर्ष 7 माह तक निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बिना किसी आरोप या विवाद के सेवाकाल पूर्ण करना किसी भी कर्मचारी की बड़ी उपलब्धि होती है।

### शिक्षक-अभिभावक मीटिंग में शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** मैसकौर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अकरी पांडे बिगहा में शनिवार को पैरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक विनीत कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय में जो भी पढ़ाया जाता है, उसकी अभिभावकों द्वारा घर पर नियमित जांच और निगरानी जरूरी है, ताकि बच्चों की पढ़ाई मजबूत हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ छात्रों को दिया जा रहा है। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजते हैं, लेकिन शिक्षकों की संख्या कम होने के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। बैठक में मौजूद सुजीत कुमार ने बताया कि शिक्षकों की कमी के कारण सिलेबस समय पर पूरा नहीं हो पाता, जिससे बच्चों को कोचिंग का सहारा लेना पड़ता है। बैठक में प्रधानाध्यापक इंदु सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र कुमार, विक्की कुमार, पवन कुमार एवं काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

### कृषि सलाहकार समिति की बैठक

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड कृषि कार्यालय में प्रखंड स्तरीय कृषि सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने की। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योत्सना ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही किसान आईडी निर्माण, उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद एवं आधुनिक तकनीकी की सहायता से संबंधित आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रजीत राजन, जदयू प्रखंड किसान प्रकोष्ठ के रजनीश प्रसाद सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में शामिल सदस्यों में रजनीश, पंकज कुमार, दयानंद चंद्रवंशी, रत्नजीत, रविंद्र कुमार सिन्हा एवं अलका सिन्हा शामिल थी।

# इंडोर स्टेडियम में प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह ने की खेल सुविधाओं के विस्तार की घोषणा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में बिहार सरकार की खेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह के आगमन पर जिले के विभिन्न खेल संघों द्वारा इंडोर स्टेडियम में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार ने की। समारोह में जिले के खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

अपने संबोधन में मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि नवादा सहित पूरे बिहार में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है तो खिलाड़ियों को बेहतर आधारभूत संरचना, आधुनिक संसाधन और सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मंत्री ने जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इंडोर स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सिंथेटिक कोर्ट लगाया जाए, ताकि खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि बिहार में लगातार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों का होना राज्य के लिए गर्व की बात है। बिहार के खिलाड़ी आज विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" योजना का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि इस योजना से खिलाड़ियों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा मिली है, जिससे युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है।

इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी एवं निर्वतमान सचिव मनीष आनंद ने जिले में खेल सुविधाओं के विकास को लेकर एक ज्ञापन मंत्री को सौंपा। खेल संघों की ओर से मंत्री को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र एवं जिला खेल संघ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिसुआ विधायक अनिल सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, जिला खेल पदाधिकारी रवि कुमार, क्रीड़ा भारती नालंदा विभाग के कार्यनंद शर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संजय मुन्ना, शिक्षक अभय राणा, अरविंद कुमार, प्रमोद कुमार, अभिजीत सिन्हा, तेजस सिन्हा, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, पंकज कुमार, दीपक कुमार एवं संतोष कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शिक्षक संतोष कुमार को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मनीष सिंह, अभिषेक पाण्डेय, अलखदेव यादव, सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने डॉ दिलीप कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं स्नातक अधिकार मंच के संयोजक दिलीप कुमार को हॉनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड काउंसिल जो कि भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ कॉरपोरेट अफेयर्स एवं मिनिस्ट्री आफ स्कील डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है इस संस्था के द्वारा दिलीप कुमार को उनके समाज सेवा एवं व्यावसायिक अचीवमेंट के लिए डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित किया गया । इस प्रकार अब दिलीप कुमार डॉक्टर दिलीप कुमार के नाम से जाने जाएंगे साथ ही इनके द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं कोरोना काल में बिहार के विभिन्न जिलों में उस समय जो आम जनों को इनके द्वारा मदद किया गया सेना के जवान के फंसे बच्चे को इस राज्य से दूसरे राज्य एवं इस जिले के भी कई बच्चों को दूसरे राज्यों से लाने ले जाने में सहायता प्रदान की गई थी इन सब कार्यों से प्रभावित होकर विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग ने उन्हें अपने आयोग का सदस्य बनाकर इन्हें विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने की घोषणा की दिलीप कुमार को डॉक्टरेट की उपाधि के साथ-साथ विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घोषित होने पर उनके चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई है ।

# डाक विभाग विश्वास, सुरक्षा और डिजिटल सुविधा का प्रतीक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भारतीय डाक विभाग द्वारा शनिवार को राजगीर कन्वेंशन हॉल में महा डाक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सर्किल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल एम. यू. अब्दाली रहे। महा डाक चौपाल का उद्देश्य डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक सीधे पहुँचाना एवं डाक सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाना रहा। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल एम. यू. अब्दाली ने अपने संबोधन में कहा कि महा डाक चौपाल के माध्यम से नागरिकों को डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, आधार एवं बचत योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। डाक विभाग आज विश्वास, सुरक्षा और डिजिटल सुविधा का प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि महा डाक चौपाल जनता और डाक विभाग के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच है, जहाँ लोगों की समस्याओं का समाधान और योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है। नालंदा डाक मंडल के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार को मुख्य डाक महाध्यक्ष के द्वारा सम्मानित भी किया गया। नालंदा मंडल के दो अनुमंडल, दक्षिणी अनुमंडल और उत्तरी अनुमंडल के डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार एवं विकास राय को भी शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के उपलक्ष्य में चीफ पोस्टमास्टर जनरल के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीएलआई, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक तथा आधार सेवाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही सेवाओं का लाभ लेने का अवसर मिला। महा डाक चौपाल के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को सम्मानित किया गया, जिससे कर्मचारियों में उत्साह एवं कार्य के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# सिल्वर जुबली पर वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** ज्ञान भारती मॉडल रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स, धनवा, हिसुआ के प्रांगण में 25वीं सिल्वर जुबली के अवसर पर 31 जनवरी 2026 को भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उद्घाटनकर्ता एवं पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार ने फीता काटकर किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने ज्ञान भारती संस्थान के उद्देश्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कला, खेलकूद और अनुशासन में उत्कृष्ट बनने का संदेश दिया। समारोह को संबोधित करते हुए निर्देशक सुधीर कुमार ने शिक्षा के विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। विद्यालय के प्राचार्य गौतम कुमार ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन किया और विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम संचालन में प्रबंधक शंकर और विनय शंकर की अहम भूमिका रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत स्वागत नृत्य से हुई, जिसमें मेनी, शिवानी, लक्ष्मी, सोया, नव्या और निशि शामिल रहीं। इसके बाद नर्सरी के बच्चों ने "तुझसे रब दिखता है" पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। हिंदी ड्रामा, गुजराती फोक डांस, कव्वाली, समूह गीत और ग्रुप डांस ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं कर्मचारियों—प्रिया चौधरी, निधा शर्मा, ज्योति कुमारी सहित अन्य की भूमिका सराहनीय रही। समारोह में हिसुआ नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अतिश रंजन एवं बड़ी संख्या में अभिभावक व गणमान्य उपस्थित रहे।

# एसपी ने प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने जिले के प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को उनके-अपने कार्यक्षेत्र में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । इस दौरान नियमित गश्ती सुनिश्चित करने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा आम जनता के साथ संवेदनशील एवं मर्यादित व्यवहार बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने महिला एवं कमजोर वर्गों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु सतर्कता बढ़ाने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षु अधिकारियों को इन विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

### अंचल कार्यालय में सीओ ने मामलों का किया निपटारा

**कौआकोल (नवादा)/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल अंचल कार्यालय में भूमि से संबंधित जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर वरीय अधिकारियों एवं सरकार के निर्देश पर अंचल अधिकारी मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान थाना क्षेत्र से आए दो फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े एक मामलों का आपसी सहमति के आधार से ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। इसके अलावा एक नए आवेदन प्राप्त हुए,जिसकी सुनवाई के लिए अगली तिथि दिया गया है। उन्होंने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य भूमि विवादों का समयबद्ध एवं शांतिपूर्ण समाधान करना है, ताकि छोटे-छोटे विवाद आगे चलकर बड़े विवाद का रूप न लें।

# फाइलेरिया मुक्ति के लिए चलेगा व्यापक अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कौआकोल में एमडीए फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स (बीएलटीएफ) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में अभियान को जन-आंदोलन बनाने और आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल ने बैठक में कहा कि इस 17 दिवसीय अभियान के दौरान दो वर्ष से ऊपर के सभी आयु वर्ग के लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाई जाएगी। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा वितरण करने का कार्य किया जाएगा। चिकित्सा पदाधिकारी ने 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक-एक एल्बेंडाजोल व डीईसी, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को एक एल्बेंडाजोल व दो डीईसी तथा 14 वर्ष से ऊपर के लोगों को एक एल्बेंडाजोल व तीन डीईसी की गोलियां खिलाई जानी हैं। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक राजेश सिन्हा समेत अन्य सम्बन्धित विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# सदर अस्पताल के समीप नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल के समीप सुबह एक नवजात शिशु का शव लावारिस अवस्था में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अस्पताल परिसर के पास से गुजर रहे राहगीरों की नजर जब नवजात के शव पर पड़ी, तो उन्होंने शोर मचाया। देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना तत्काल अस्पताल प्रशासन तथा नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और सदर अस्पताल के चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में नवजात के शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात महिला ने सामाजिक दबाव, भय या अन्य कारणों से नवजात को जन्म देने के बाद उसकी हत्या कर शव को अस्पताल के समीप फेंक दिया। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# आपदा से निपटने हेतु मॉक अभ्यास का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शनिवार को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर, नवादा में रासायनिक, जैविक, विकिरणीय एवं परमाणु (सीबीआरएन) आपदाओं से निपटने की तैयारियों के आकलन हेतु एक मॉक अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया तथा बहु-एजेंसी समन्वय की प्रभावशीलता को परखना एवं सुदृढ़ करना था। मॉक अभ्यास के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) द्वारा सीबीआरएन आपदा की एक काल्पनिक स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें कमांड एवं नियंत्रण प्रणाली, त्वरित एवं सटीक सूचना संप्रेषण, वैज्ञानिक एवं मानक प्रतिक्रिया प्रणाली, तथा घटना प्रतिक्रिया तंत्र (इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम) का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि किसी सीबीआरएन घटना की स्थिति में समयबद्ध निर्णय, त्वरित कार्रवाई एवं समन्वित प्रयास किस प्रकार जन-धन की क्षति को न्यूनतम कर सकते हैं। अभ्यास के अंतर्गत पहचान, संक्रमणमुक्तिकरण, बचाव कार्य (रेस्क्यू) एवं चिकित्सीय प्राथमिकता निर्धारण से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया।

# संभावित आपदा की पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ की पूर्व तैयारियों के मद्देनजर सभी अनुमंडल पदाधिकारी / सभी कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल/सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित कि गई। समीक्षात्मक बैठक में जिला पदाधिकारी नालन्दा द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को बाढ़ के पूर्व तैयारियों के मद्देनजर निदेश दिये गये की प्रमंडल, बिहारशरीफ / एकंगरसराय / बख्तियारपुर अंतर्गत अवस्थित जमींदारी बांध / तटबंध की सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक योजना तैयार करने तथा जमींदारी बांध / तटबंध पर हुए कटाव, रैट होल, पाइपिंग, कट आदि की ससमय मरम्मति एवं सतत निगरानी की जाय। साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ गहन निरीक्षण कर जमींदारी बांध / तटबंध का संयुक्त जांच कर लिया जाय। विगत वर्षों में एक ही स्थल पर बार-बार तटबंध में कटाव हुए तटबंध स्थल को चिन्हित कर मजबूतीकरण एवं सुदृढ़ीकरण / कटाव निरोधक कार्य ससमय करा लिया जाय। तीनों प्रमंडलों में अवस्थित नदियों में वर्तमान में जलकुंभी की साफ-सफाई करायी जाय। बैठक में निर्देश दिया गया कि ड्रोन के माध्यम से भी सभी संवेदनशील / अतिसंवेदनशील तटबंधों / जमींदीर बांध का ससमय निरीक्षण कर लिया जाय। साथ ही राहत बचाव के मद्देनजर सभी प्रमंडलों में कटाव निरोधक (एण्टी ईरोजन) कार्य ससमय करा लिया जाय। बाढ़ पूर्व तैयारियों के मद्देनजर उदेरास्थान पर अभियंताओं / कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाय। बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम बिहारशरीफ, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# चोरी की बाइक के साथ चार गिरफ्तार

**नगरनौसा(नालंदा)/नबिटा संवाददाता।** नगरनौसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव के पास तीन ज़िंदा कारतूस व एक चोरी के बाइक के साथ चार लोग को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार के देर रात थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव के पास चार लोग बैठे थे जो पुलिस को देखकर सभी भागने लगे। भाग रहे सभी लोगों को दौड़कर पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों की पूछताछ के बाद जब तलाशी लिया गया तो तीन जिंदा कारतूस बरामद करते हुए चोरी का एक बाइक भी बरामद किया गया। पकड़े गए लोगों में चंडी थाना क्षेत्र के हसनी गांव निवासी, यशवंतपुर गांव निवासी, एक शेखपुरा जिला के शेखोपुरसराय निवासी व एक नाबालिक भी शामिल हैं।

# सीओ समेत राजस्व विभाग के कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** बिहार सरकार के कई निर्णयों के खिलाफ आगामी दो फरवरी से सीओ,राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे। इसी कड़ी में शनिवार को सीओ मनीष कुमार, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार समेत सभी राजस्व कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए काम किया। राजस्व कर्मचारी नितेश कुमार मिश्रा, मिथुन कुमार, नरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, दीपक कुमार, प्रकाश कुमार ने बताया कि संघ के निर्णय के अनुसार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वे लोग 2 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### आईटी मंत्री वैष्णव ने किया एलान

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में लॉन्च होंगे स्वदेशी एआई मॉडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि सरकार आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करने की उम्मीद कर रही है। इन मॉडल को देश में ही विकसित किया गया है। समिट को लेकर दुनियाभर में जबरदस्त उत्साह मंत्री वैष्णव ने इस बड़े कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एक प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट को लेकर दुनियाभर में जबरदस्त उत्साह है और उन्हें उम्मीद है कि एआई ढांचे (संरचना) के लिए 70 अरब डॉलर का निवेश समिट के खत्म होने तक दोगुना हो सकता है। लॉन्च करेंगे स्वदेशी रूप से विकसित एआई मॉडल वैष्णव ने कहा, कुछ हफ्ते पहले माननीय प्रधानमंत्री ने उन टीमों से बातचीत की, जो संप्रभु एआई मॉडल विकसित कर रही हैं। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मॉडल बहुत अच्छी स्थिति में हैं और हम उन्हें एआई समिट में लॉन्च करेंगे। मंत्री ने कहा कि यह दुनिया का चौथा और अब तक का सबसे बड़ा एआई समिट होने जा रहा है। उन्होंने कहा, फिलहाल लगभग 70 अरब डॉलर का निवेश क्रियान्वयन के चरण में है। जिस तरह का उत्साह दिख रहा है, उससे हैरानी नहीं होगी अगर एआई इम्पैक्ट समिट खत्म होने तक यह आंकड़ा दोगुना हो जाए। पंद्रह देशों की सरकारों ने समिट में भागीदारी की पुष्टि की उन्होंने बताया कि 100 से अधिक देशों से प्रतिक्रियाएं मिली हैं, जिनमें 15 सरकारों



ने राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी की पुष्टि की है और एआई क्षेत्र के 100 से ज्यादा दिग्गज इस समिट में शामिल होंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का मुख्य उद्देश्य तकनीक खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लोकतंत्रीकरण करना है, ताकि इसके लाभ समाज के बड़े वर्ग तक पहुंच सकें। वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई समिट उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला यह पहला वैश्विक एआई समिट है, जिसमें एआई शासन और मानकों को लेकर साझा समझ विकसित करने पर जोर दिया जाएगा, ताकि वास्तविक उपयोग में एआई को सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से लागू किया जा सके। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट ग्लोबल साउथ में होने वाला पहला वैश्विक एआई समिट होगा। यह 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

# अंबुजा सीमेंट की कमाई बढ़ी तब भी घट गया मुनाफा

### एसआईएस को तो नुकसान हो गया

**मुंबई, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की सीमेंट बनाने वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने दिसंबर तिमाही में अपने मुनाफे में भारी गिरावट दर्ज की है। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी को 2,158 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। इस साल यह घटकर सिर्फ 204 करोड़ रुपये रह गया है। यह 91 प्रतिशत की बड़ी गिरावट है। सेक्युरिटी सर्विसेज उपलब्ध कराने वाली कंपनी एसआईएस लिमिटेड को तो इस तिमाही नुकसान हो गया है। शेयर बाजार में जहां अंबुजा सीमेंट्स के शेयर लुढ़के हैं वहीं एसआईएस के शेयर चढ़ गए। अंबुजा सीमेंट की बढ़ी कमाई चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही यानी अक्टूबर से दिसंबर की तिमाही के दौरान अंबुजा सीमेंट्स की कमाई बढ़ी है। दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू (कमाई) 20 प्रतिशत बढ़कर 10,181 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 8,498 करोड़ रुपये था। लेकिन, मुनाफे में 91 फीसदी की भारी कमी हुई है। अगर पिछली तिमाही से तुलना करें, तो भी मुनाफे में 88 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस साल सितंबर की तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1,766 करोड़ रुपये रहा था। यह दिसंबर की तिमाही में घटकर 204 करोड़ रुपये रह गया है। लेकिन, कमाई के मामले में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सितंबर तिमाही में कंपनी की कमाई 9,130 करोड़ रुपये थी, जो दिसंबर तिमाही में 10,181 करोड़ रुपये हो गई। अंबुजा सीमेंट्स ने एक और आंकड़ा शेयर किया है। अगर उनके बताए गए तरीके से मुनाफे को देखें, तो दिसंबर तिमाही में यह 378 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले साल की तुलना में 258 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी के प्रति टन सीमेंट पर ईबीआईटीडीए (ब्याज, टैक्स, डेप्रिसिएशन और एमोर्टाइजेशन से पहले की कमाई) में भी 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह 718 रुपये प्रति टन रहा। मार्जिन भी 13.2 प्रतिशत तक पहुंच गया,



जो पिछले साल से 2.9 प्रतिशत ज्यादा है। अंबुजा सीमेंट्स ने कहा है कि उनकी सीमेंट की बिक्री (वॉल्यूम ग्रोथ) इंडस्ट्री के औसत से दोगुनी रही। उन्होंने ट्रेड सेल्स और प्रीमियम सीमेंट पर ज्यादा ध्यान दिया, जिससे उन्हें अच्छी कीमत मिली और बिक्री भी बढ़ी। कंपनी की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 109 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) है। कंपनी की बैलेंस शीट भी मजबूत दिख रही है। आप जानते ही हैं कि यह अडानी ग्रुप की कंपनी है और इसका नेट वर्थ 69,854 करोड़ रुपये है। कंपनी पर कोई कर्ज नहीं है। कंपनी का कहना है कि उनके पास अच्छा कैश फ्लो है, जिससे वे अपनी विस्तार योजनाओं को जारी रख पाएंगे। इस तिमाही एसआईएस की नेट सेल्स 1,396 करोड़ रुपये रही, जो दिसंबर 2024 के 1,254 करोड़ रुपये से 11.28 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि, एसआईएस को दिसंबर 2025 की तिमाही के दौरान 174.83 करोड़ रुपये का नेट लॉस हुआ है। इससे एक साल पहले यानी दिसंबर 2024 में इसे 48.14 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। यह 463.21 प्रतिशत की गिरावट है।

# एफडी नहीं अब शेयर बाजार में ज्यादा निवेश कर रहे भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2020 में घोटाला1992 वेब सीरीज




आई थी। इसमें हर्षद मेहता का किरदार प्रतीक गांधी ने निभाया है। हर्षद मेहता को कभी शेयर मार्केट की दुनिया का किंग कहा जाता था। इस वेब सीरीज में प्रतीक गांधी का एक डायलॉग है- इश्क है तो रिस्क है। यह डायलॉग वह शेयर मार्केट में उतरते समय अपने भाई से कहते है। ऐसा ही कुछ अब भारतीयों के साथ भी हो रहा है। वह इसलिए क्योंकि अब भारतीयों के निवेश का तरीका बदल गया है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक वे अब शेयर मार्केट में ज्यादा निवेश करते हैं।

शेयर मार्केट में रिटर्न ज्यादा मिलने की उम्मीद होती है। लेकिन पैसा डूब भी सकता है। इसलिए इसमें रिस्क भी ज्यादा है। अगर आपको ज्यादा रिटर्न से प्यार है तो रिस्क ले सकते हैं। भारतीय भी अब ज्यादा रिटर्न के लिए रिस्क ले रहे हैं। वित्त वर्ष 2012 में लोग अपनी कुल बचत का 57.9 प्रतिशतहिस्सा बैंक जमा (एफडी या बचत खाता) में रखते थे। यह वित्त वर्ष 2025 में घटकर 35.2 प्रतिशत रह गया है। इससे पता चलता है कि अब लोग शेयर बाजार जैसे निवेश के उन विकल्पों में पैसा लगाने से नहीं हिचकिचा रहे हैं जिनमें थोड़ा जोखिम होता है।

रिजर्व बैंक के हालिया आंकड़ों के मुताबिक कुल घरेलू वित्तीय संपत्तियों में शेयर और इन्वेस्टमेंट फंड की हिस्सेदारी मार्च 2025 तक बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। छह साल पहले यह 15.7 प्रतिशत थी। शेयर बाजार में आम लोगों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2014 में 8 प्रतिशत से कम थी जो सितंबर 2025 के अंत तक करीब 9.6 प्रतिशत हो गई। इनडायरेक्ट हिस्सेदारी (म्यूचुअल फंड के जरिए) इसी दौरान लगभग तीन गुना बढ़कर 9.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सालाना घरेलू वित्तीय बचत में शेयर और म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2012 के लगभग 2 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 15.2 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है।

वित्त वर्ष 2014 में आम लोगों की कुल इक्विटी होल्डिंग सिर्फ 8 लाख करोड़ रुपये थी, जो सितंबर 2025 तक बढ़कर करीब 84 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

### यूट्यूब से करोड़ों रुपये कमा रहा शख्स

## पिता काम की तलाश में शहर-शहर भटकते थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूट्यूब... ऑनलाइन दुनिया का ऐसा मंच, जिसने ना जाने कितने लोगों को फेमस कर दिया। सिर्फ फेमस ही नहीं, बल्कि करोड़पति भी बना दिया। यूट्यूब ने इतनी दौलत बरसा दी कि वे शायद कोई नौकरी करके भी इकट्ठा नहीं कर पाते। किसी को गरीबी से निकाल दिया तो किसी को बुलंदियों तक पहुंचा दिया। ऐसे ही लोगों में एक नाम सौरव जोशी का भी है। करीब 26 साल के सौरव को यूट्यूब से वो दौलत और शोहरत मिली, जो किसी आम इंसान के लिए मात्र एक सपना रहती है। उत्तराखंड के रहने वाले सौरव जोशी आज यूट्यूब से हर साल एक करोड़ रुपये से ज्यादा कमाते हैं।



देश के नंबर 1 डेली लाइफ व्लॉगर कहे जाने वाले सौरव जोशी ने हाल ही में अवंतिका से शादी रचाई है। सौरव पढ़ाई-लिखाई एक आम मिडिल क्लास फैमिली में हुई है। उनके पिता बढ़ई का काम करते थे और मां घर संभालती थीं। उनके पिता हरिंदर जोशी को स्थाई रोजगार की तलाश में कई शहरों में जाना पड़ा। इस कारण सौरव को 12वीं कक्षा तक कई स्कूल बदलने पड़े। उनकी शिक्षा का एक बड़ा हिस्सा हरियाणा के हिसार में बीता। 12वीं के बाद कुछ मुश्किलों का सामना करने के बाद सौरव घर लौट आए जहां उन्होंने ड्राइंग बनाना शुरू किया। अपने भाई के कहने पर जोशी ने साल 2017 में एक यूट्यूब चैनल खोला।

देसी दर्शकों को उनके अंदाज, वीडियो की सादगी और मिडिल-क्लास पारिवारिक कंटेंट बहुत पसंद आया। एक नई वायरल पहचान मिलने और ऐसे दर्शक मिलने के बाद जो उनके फैमिली व्लॉग्स को लगातार देखते थे, जोशी ने साल 2020 की ग्लोबल महामारी के दौरान एक बड़ा लक्ष्य तय किया। उन्होंने बिना रुके 365 दिन तक हर रोज एक व्लॉग पोस्ट करने का लक्ष्य रखा। इस फैसले ने उनकी जिंदगी बदल दी। इससे उनके यूट्यूब चैनल पर नए सब्सक्राइबर की बाढ़ आ गई। साल 2021 तक वह भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाले व्लॉगर में से एक बन गए। वह आजकल अपने परिवार के लिए एक बड़ा घर बनवा रहे हैं और उनके पास गाड़ियों का एक शानदार कलेक्शन भी है। सौरव की कमाई अक्सर चर्चा का विषय रहती है। उनकी गाड़ियां, बन रहा आलीशान घर और उनके लाखों सब्सक्राइबर देखकर लोग अक्सर यह सोचते हैं कि वह यूट्यूब से आखिर कितना कमाते हैं।

#### आसान नहीं रही शुरुआत

यूट्यूब पर सौरव की शुरुआत आसान नहीं रही। उन्हें यूट्यूब पर अपनी पहचान बनाने में थोड़ी दिक्कत हुई। उन्होंने अपने चैनल के लिए कई नाम आजमाए, लेकिन आखिर में सौरव जोशी व्लॉग्स नाम तय किया। शुरुआती दिनों में पहचान न मिलने से हताश हुए बिना जोशी ने शोहरत और दौलत की अपनी जबरदस्त चाहत के दम पर अपना काम जारी रखा। सौरव के कला और स्केच वाले चैनल पर 250 से ज्यादा वीडियो डालने के बावजूद, उनके सब्सक्राइबर की संख्या लगभग 3 से 4 हजार पर ही अटकी हुई थी। ऑनलाइन धीमी गति से हो रही इस ग्रोथ से परेशान हुए बिना, यूट्यूबर के साल 2019 के एक व्लॉग में अपने सभी परिवार के सदस्यों को दिखाने के फैसले ने उनके सोशल मीडिया करियर की दिशा ही बदल दी।

## यूएस एसईसी केस में अदाणी भाइयों ने कानूनी नोटिस लेने पर जताई सहमति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज को जानकारी दी कि गौतम अदाणी और सागर अदाणी के वकीलों ने अमेरिका की प्रतिभूति व विनिमय आयोग द्वारा 2024 में दायर सिविल आरोपों के मामले में सर्विस स्वीकार करने की अर्जी दाखिल की है। यह मामला न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट की यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में चल रहा है।सर्विस स्वीकार करने का मतलब कंपनी के मुताबिक, अमेरिकी न्यायिक प्रक्रिया में सर्विस स्वीकार करने का मतलब यह होता है कि प्रतिवादी या उनके वकील कानूनी दस्तावेज सीधे प्राप्त करने पर सहमत होते हैं, जिससे प्रक्रिया सर्वर या शेरिफ के जरिए नोटिस तामील कराने की जरूरत नहीं रहती। इसे दस्तावेज प्राप्ति की वैध और स्वैच्छिक स्वीकृति माना जाता है, जो ड्यू प्रोसेस की शर्तों को पूरा करती है। एजीईएल के 31 जनवरी के स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया कि हमारी समझ के अनुसार, 30 जनवरी 2026 को प्रतिवादियों के वकीलों ने ईडीएनवाई के अधिकार क्षेत्र को स्वीकार किए बिना और सभी उपलब्ध बचाव, जिसमें अधिकार क्षेत्र से जुड़े बचाव भी शामिल हैं। आरक्षित रखते हुए, प्रतिवादियों की ओर से सर्विस स्वीकार करने



का आवेदन दाखिल किया। कंपनी ने यह भी बताया कि अदाणी भाइयों ने कुछ प्रक्रियात्मक कदम उठाए हैं और वे एसईसी की शिकायत को खारिज कराने के लिए आवेदन दायर करने या उपयुक्त रिस्पॉन्सिव प्लीडिंग्स दाखिल करने का इरादा रखते हैं। अदाणी ग्रीन ने दोहराया कि वह इन अदालती कार्यवाहियों की पक्षकार नहीं है और कंपनी के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं। फाइलिंग में यह भी स्पष्ट किया गया कि 27 नवंबर 2024 को दी गई पूर्व सूचना के अनुरूप, प्रतिवादियों पर अमेरिका के विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के उल्लंघन का कोई आरोप नहीं है अर्थात रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगाए गए हैं।

### सेल का तीसरी तिमाही का शुद्ध मुनाफा दोगुने से ज्यादा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का एकीकृत शुद्ध मुनाफा दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में दोगुना से ज्यादा होकर 374.03 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आमदनी बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर–दिसंबर अवधि में 141.89 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय एक साल पहले की समान अवधि के 24,723.43 करोड़ रुपये से 11 प्रतिशत बढ़कर 27,545.93 करोड़ रुपये हो गई। एक अलग बयान में, कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमरेंदु प्रकाश ने कहा, हमने मुनाफे में सुधार किया है, जिसमें कर बाद मुनाफा वित्त वर्ष 2025–26 के नौ महीनों में सालाना आधार पर 60 प्रतिशत बढ़ा है। ...मज़बूत बिक्री को घरेलू मांग और बेहतर बाजार पैठ से समर्थन मिला।

### गैर-जरूरी प्रावधानों को हटाने का ऐलान कर सकती है

## बजट 2026: इंडस्ट्रीयल सेक्टर के लिए हो सकता है बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के आम बजट को पेश किए जाने की तारीख अब नजदीक आ गई है। रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार नौवीं बार आम बजट पेश करेंगी। केंद्र सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर चल रही है, जिसके लिहाज से आगामी बजट में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर बड़ी घोषणाएं हो सकती है। सरकार देश में इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर विकसित करने को लेकर बड़े ऐलान करेगी। हाल ही में प्रधानमंत्री ने भी इस बात के संकेत दिए है कि अब सरकार का लक्ष्य देश के आर्थिक विकास में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के हिस्सेदारी बढ़ाने का रहेगा। इंडस्ट्रीयल सेक्टर के लिए किया सकता है बड़ा ऐलान इससे समझा जा सकता है कि इस बार आम बजट




में इंडस्ट्रीयल सेक्टर को लेकर बड़े ऐलान किए जा सकते हैं। औद्योगिक क्षेत्रों के तेजी से विकास को लेकर अधिक वित्तीय व्यवस्था की जा सकती है। इसके साथ ही व्यापार सुगमता को लेकर भी सुधार से संबंधित अहम फैसले लिए जा सकते हैं। बीते कुछ वर्षों में सरकार ने नई उद्योग के पंजीकरण, प्रमाण पत्र से लेकर उत्पादों को मिलने वाले सर्टिफिकेट से जुड़ी प्रक्रिया को आसान किया है लेकिन उसके बाद भी तमाम सारे ऐसे प्रावधान हैं, जिनकी वजह से उद्यमियों को परेशानी होती है। ऐसे में सरकार इंडस्ट्रीयल सेक्टर की सलाह पर गैर-जरूरी प्रावधानों को हटाने का ऐलान कर सकती है। औद्योगिक संगठनों का मानना है कि बीते कुछ वर्षों में देश के अंदर एक्सप्रेसवे, रेलवे और हवाई नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है और भविष्य में भी तेजी से काम होना है। ऐसे में जरूरत है कि सरकार देश औद्योगिक गलियारों को तेजी से विकास करेंगी तो उत्पादन शुरू होगा। मौजूदा वक्त में 10 राज्यों में 6 प्रमुख औद्योगिक गलियारों में 12 औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास पर काम चल रहा है।

## 40 प्रतिशत गिर गया अनिल अंबानी की कंपनी का मुनाफा, 28 के स्तर पर है शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर ने वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा 40 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 25.11 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस पावर ने वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 41.95 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। तिमाही मे दौरान कंपनी की कुल आय घटकर 1,949.78 करोड़ रुपये रह गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,159.44 करोड़ रुपये थी।

रिलायंस पावर का तीसरी तिमाही में कुल खर्च पिछले साल की इसी अवधि के 2109 करोड़ की तुलना में 12 प्रतिशत घटकर 1849 करोड़ हो गया लेकिन इस अवधि में टैक्स खर्च के कारण कंपनी के नेट मुनाफे पर असर पड़ा। कंपनी की फाइनेंसिंग कॉस्ट में कमी और इस्तेमाल किए गए



फ्यूल की लागत में गिरावट, फाइनेंशियल ईयर 2025-26 के अक्टूबर से दिसंबर तिमाही में कुल खर्चों में कमी के मुख्य कारण थे। कंसोलिडेटेड फाइनेंशियल स्टेटमेंट से यह भी पता चला कि कंपनी ने 2025-26 में खत्म होने वाले फाइनेंशियल ईयर की तीसरी तिमाही में कुल 75.02 करोड़ का टैक्स खर्च रिकॉर्ड किया जबकि पिछले साल इसी अवधि में टैक्स का बोझ 7.93 करोड़ था। कंपनी ने 30 जनवरी 2026 को मार्केट बंद होने के बाद अपने दिसंबर तिमाही के नतीजे घोषित किए। हस्श्व डेटा के अनुसार शुक्रवार के स्टॉक मार्केट सेशन के बाद रिलायंस पावर के शेयर पिछले मार्केट सेशन के 27.80 के मुकाबले 1.91 प्रतिशत बढ़कर 28.26 पर बंद हुए। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 76.49 रुपये और 52 हफ्ते का लो 26.83 रुपये है। रिलायंस पावर के शेयरों ने पिछले पांच सालों में स्टॉक मार्केट इन्वेस्टर्स को उनके इन्वेस्टमेंट पर 757 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया है और पिछले तीन सालों में 126 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया है। हालांकि, कंपनी के शेयरों में पिछले एक साल में 26.82 प्रतिशत की गिरावट आई है। साल-दर-साल आधार पर, कंपनी का स्टॉक 2026 में अब तक 18.49 प्रतिशत गिरा है।

### डिविडेंड का भी ऐलान, स्टॉक का भाव 50 से कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर देने वाली कंपनियों की लिस्ट में एक और नाम शामिल होने जा रहा है। हम बात कर रहे हैं बीटूबी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड की। कंपनी ने निवेशकों के लिए बोनस शेयर और डिविडेंड का भी ऐलान किया गया है। आइए डीटेल्स में जानते हैं। बीटूबी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले दो शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया जाएगा। कंपनी ने इस बोनस शेयर के लिए अभी तक रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। बता दें, बीटूबी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर दे रही है। कितना डिविडेंड दे रही है कंपनी एक्सचेंज को दी जानकारी में बीटूबी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 1 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है।

## पटरी पर दौड़ेगा एआई और स्लीपर वंदे भारत का विजन

### रेलवे को मिल सकता है 2.80 लाख करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे के लिए वित्त वर्ष 2026-27 बदलाव का बड़ा पड़ाव साबित होने जा रहा है। आगामी बजट में रेल मंत्रालय को 2.70 लाख करोड़ से 2.80 लाख करोड़ के बीच ऐतिहासिक आवंटन मिलने की उम्मीद है। सरकार का फोकस नई घोषणाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वेटिंग लिस्ट के पुराने संकट को तकनीकी नवाचार से खत्म करने पर है। रेल मंत्री के 52 हफ्तों में 52 सुधार के फॉर्मूले की झलक बजट के हर प्रावधान में स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। कई सौगातें छिपी हैं। जून तक 8 नई स्लीपर वंदे भारत चलाने का लक्ष्य है, जबकि पूरे वर्ष में ऐसी 12 ट्रेनों की सौगात मिल सकती है। मध्य वर्ग के यात्रियों के लिए अमृत भारत ट्रेनों का विस्तार जारी रहेगा। मार्च तक अमृत भारत का नया वर्जन



3.0 (पूरी तरह एसी कोच के साथ) लाने की तैयारी है। इसके लिए इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) तेजी से रैक तैयार कर रही है। दो वर्षों में वेटिंग लिस्ट की समस्या कम करने के लिए रेलवे अतिरिक्त कोच और नई पीढ़ी की ट्रेनों पर जोर देगा। बजट में ट्रैक दोहरीकरण, नई लाइनों के विस्तार व इंजन निर्माण के लिए पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी होगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सैकड़ों स्टेशनों के कायाकल्प को और गति दी जाएगी। पर्यावरण अनुकूल संचालन के लिए ग्रीन स्टेशन और नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन की दिशा में भी नए बजटीय प्रावधान संभव हैं। रेलवे की आय बढ़ाने के लिए सरकार माल ढुलाई पर विशेष ध्यान दे रही है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को बंदरगाहों, औद्योगिक क्षेत्रों और लॉजिस्टिक्स पार्कों से जोड़ने के लिए निवेश बढ़ाया जाएगा। इससे न केवल परिवहन लागत घटेगी, बल्कि माल ढुलाई का बड़ा हिस्सा सड़क से रेल की ओर शिफ्ट होगा। स्टार्टअप्स को रेलवे प्लेटफॉर्म मुहैया कराने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में विशेष फंड का प्रावधान किया जा सकता है।

# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 3 से

## प्रथम में माध्यमिक व द्वितीय पाली में होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा

- 70 केन्द्रों पर मैट्रिक एवं 39 केन्द्रों पर होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा
- बैठक में निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा की सौंपी गई जिम्मेवारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड अधिविद्य परिषद,रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा,2026 का आयोजन 3 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक संचालित होगी। माध्यमिक परीक्षा में 42989 एवं इंटरमीडिएट कला,विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की परीक्षा में 38013 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में 81002 परीक्षार्थी भाग लेंगे। माध्यमिक परीक्षा के लिए पलामू जिले में 70 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गए हैं ।वहीं इंटर परीक्षा के लिए 39 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ।निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर आज समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस एवं उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सभी उड़नदस्ता-सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी,उड़नदस्ता एवं गस्ती दल पदाधिकारी केन्द्राधीक्षक एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं सजगतापूर्वक करने का निदेष दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षाओं का संचालन निष्पक्ष ,शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न कराना सभी की जिम्मेवारी है ।परीक्षा के सफल संचालन हेतु झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं समय प्रबंधन के साथ कार्य करने का निदश दिया ।केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्र में सीसीटीव इंस्टॉल करने के सख्त निदेश दिये गये। केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पीने के शुद्ध पानी,रनिंग वाटर युक्त छात्र एवं छात्राओं के लिए शौचालय, परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यस्था, पर्याप्त फर्नीचर आदि आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल रखने का निदेश दिया ।वहीं आवंटित रौल नंबर-रौल कोड के अनुरूप परीक्षार्थियों के लिए सिटिंग अरेंजमेंट करने का निदेश दिया। परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान निषेधाज्ञा लागू रहेगी ।निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। परीक्षा से संबंधित व्यक्तियों के अलावें अन्य किसी की उपस्थिति निषेध रहेगा ।उन्होंने कहा कि निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन की जिम्मेवारी केन्द्राधीक्षक को है । परीक्षा में लगाये गये वीक्षकों को केन्द्राधीक्षकों द्वारा परिचय पत्र जारी करने का निदेष दिया गया ताकि उनका पहचान हो सके। इससे परीक्षा केन्द्र में अनावश्यक रूप से किसी अन्य व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने में मदद मिलेगी।

मौके पर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला जिला शिक्षा अधीक्षक आदि उपस्थित थे। माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में 9.45 बजे पूर्वाहन से 1:00 बजे अपराह्न तक होगी और इंटरमीडिएट परीक्षा की परीक्षा 2:00 बजे अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी।

## पत्नीहंता को उम्रकैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी पाते हुए चैनपुर थाना के बुढिबीर टोला बेलवादमर निवासी नेसार अंसारी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है । साथ ही 50 हजार रुपये अर्थ दंड लगाया है । अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस सम्बंध में मृतिका की मां ने चैनपुर थाना में आवेदन देकर अभियुक्त के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी चैनपुर थाना कांड संख्या 143/2022 तिथि 12 जून 2022 को भादवि की धारा 302 ,201/34 के तहत दर्ज की गई थी। सूचिका ने अभियुक्त पर आरोप लगाई थी कि 12 जून 2022 को अभियुक्त ने अपनी पत्नी को ईलाज कराने के बहाने उसकी बेटी को घर से लगभग दो किलोमीटर बेहरा गांव के समीप सुनसान स्थान पर ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दिया। शव को झाड़ी में छिपा दिया। अभियुक्त को अपने गांव के ही किसी लड़की के साथ नाजायज सम्बन्ध रहने के कारण घटना को अंजाम दिया। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सत्र वाद संख्या 588/2022 में दोषी पाते हुए चैनपुर थाना अंतर्गत बुढीबीर बेलवादमर निवासी नेसार अंसारी को सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाया। साथ ही 50 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

# सेना के हवलदार सहित दो चढ़े एसीबी के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को सेना के हवलदार मुकेश कुमार राय व उसके सहयोगी रिश्तेदार दिनेश कुमार राय को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया ।सीबीआइ ने आरोपितों की निशानदेही पर उसके घर में भी तलाशी ली, जहां से डिजिटल डिवाइस आदि की बरामदगी हुई है। अब सीबीआइ उक्त इलेक्ट्रानिक उपकरणों की जांच करेगी, जिससे और जानकारी सामने आएगी। सीबीआइ को आशंका है कि सेना में संगठित रूप से रिश्वत उगाही का खेल चल रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

गिरफ्तार दोनों आरोपितों को सीबीआइ ने शनिवार को रांची स्थित विशेष अदालत में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार सेना के हवलदार मुकेश कुमा राय रांची हवाई अड्डे के समीप रक्षा भूमि एनओसी आरएंडओ एफएलटी यूनिट, 56 एपीओ में पदस्थापित है। उसपर सेनाभूमि पर बने रहे अपार्टमेंट को पूरा करने के एवज में ठेकेदार से पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है।

रिश्वत की दूसरी किस्त की राशि लेते वक्त सीबीआइ ने उसे दबोचा है। इस मामले में सीबीआइ में 30 जनवरी 2026 को कांड संख्या आरसी 0242026-004/26 में प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता रांची के हटिया के सिंहमोड़ कल्याणपुर निवासी शिवम उर्फ बिशु हैं। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि सेना की जमीन पर बन रहे सुदर्शन अपार्टमेंट की ढलाई व निर्माण कार्य पूरा करने के एवज में उनसे आरोपित हवलदार मुकेश कुमार राय ने पांच लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इस मांग के बदले में ठेकेदार शिवम उर्फ बिशु ने हवलदार को 13 जनवरी को 50 हजार रुपये की रिश्वत दे दी थी। कुल मांग की किस्त के रूप में हवलदार ने ठेकेदार पर डेढ़ लाख रुपये और देने का दबाव बनाया। बातचीत के क्रम में हवलदार ने 30 जनवरी को 50 हजार रुपये की दूसरी किस्त स्वीकारने पर सहमति जताई। शिकायत मिलने के बाद सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज की और हवलदार की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया।

### डिजिटल डिवाइस व राशि बरामद

30 जनवरी को हवलदार मुकेश कुमार राय व उसके रिश्तेदार सहयोगी दिनेश कुमार राय ने जैसे ही 50 हजार रुपये रिश्वत में ली, सीबीआइ ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उनके आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया गया, जहां से दस्तावेज, डिजिटल उपकरण आदि मिले हैं।

## नीट छात्रा की मौत पर बिफरे पीके

**पटना।** जन सुराज पार्टी ने नीट छात्रा मामले में पुलिस-प्रशासन से निष्पक्ष जांच पूरी कर अविलंब रहस्योद्घाटन की मांग की है।

आईपीएस अफसर रहे जेपी सिंह और पूर्व एमएलसी रामबली चंद्रवंशी ने कहा कि इस मामले को सीबीआइ को सौंपे जाने से राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

जांच में हुई देरी के कारण अब न तो पीड़िता का दोबारा पोस्टमार्टम संभव है और ना ही कई महत्वपूर्ण साक्ष्यों की स्वतंत्र जांच हो सकती है। इस प्रकार की लापरवाही से न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है। सरकार बिहार की 13 करोड़ जनता की सुरक्षा और न्याय के लिए जिम्मेदार है और इस प्रकरण में सरकार को अपना दायित्व तय करना होगा। सरकार जब तक इस मामले में पारदर्शी और ठोस कार्रवाई नहीं करती, तब तक जसुपा जनता के साथ मिलकर प्रश्न उठाती रहेगी। प्रेस वार्ता में राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल खड़े किए गए। वक्ताओं ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है, जिससे आम जनता में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

# हाथियों ने बाइक सवारों को दौड़ाया

## कुचल दीं तीन बाइकें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के कनहर तटीय बालचौरा जंगल इलाके में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब हाथियों के एक झुंड ने अचानक सड़क पर उत्पात मचा दिया।

बालचौरा-अंबाखोरया मार्ग से गुजर रहे मोटरसाइकिल सवारों पर हाथियों ने हमला कर दिया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छत्तीसगढ़ से श्रीबंशीधर नगर की ओर जा रहे कुछ बाइक सवार जैसे ही बालचौरा जंगल क्षेत्र में पहुंचे, वैसे ही सड़क पर खड़े हाथियों के झुंड को देखकर उनके होश उड़ गए।

अचानक हाथियों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए मोटरसाइकिल सवारों की ओर दौड़ लगा दी। जान बचाने के लिए बाइक सवार अपनी मोटरसाइकिलें सड़क पर ही छोड़कर जंगल की ओर भाग गए।

हमले के दौरान हाथियों ने सड़क पर खड़ी तीनों मोटरसाइकिलों को पैरों से कुचल दिया, जिससे बाइकें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि सभी लोग समय रहते वहां से भाग निकले और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, घटना के बाद से राहगीरों और ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर उत्पात मचाने के बाद हाथियों का झुंड आसपास के जंगल में भी पहुंचा, जहां उन्होंने कई कीमती पेड़ों को उखाड़ फेंका। हाथियों के आक्रामक व्यवहार से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि धुरकी प्रखंड के सुरक्षित वन क्षेत्र में मानव और हाथियों के बीच टकराव अब लगातार बढ़ता जा रहा है। खेतों में जाना और मुख्य सड़क से गुजरना भी अब खतरे से खाली नहीं है।

# कुएं से युवक की लाश बरामद

## फोन कर किसी ने बुलाया था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के भुस्का ग्राम निवासी 23 वर्षीय युवक शिवम कुमार का शव गुरुवार दोपहर गांव के बाहर एक पुराने क्षतिग्रस्त कुएं में तैरते हुए मिला। सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के बाद से ही युवक गायब था। पांचवें दिन उसका शव बरामद किया गया। स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

बताया जाता है कि बकरी चराने के दौरान गांव की ही करिश्मा कुमारी नामक बच्ची ने शिवम के शव को कुएं में तैरते हुए देखा तभी हो हल्ला किया। गांव के लोग यह सुन कर दौड़ पड़े। शिवम के पिता कन्हैया राय सहित अन्य ग्रामीणों ने शव को कुएं से बाहर निकाला।

सूचना मिलते ही ठाकुर गंगटी थाना प्रभारी राजन कुमार राम, सहायक घनश्याम राय आदि पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। पुलिस ने स्वजनों से पूछताछ कर बयान दर्ज करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया है।

मृतक के पिता ने बताया कि उनका पुत्र शिवम मुंबई में मजदूरी करता था। अभी सरस्वती पूजा के पूर्व ही गांव आया था। गांव में बजरंगबली मंदिर के निकट पंडाल में प्रतिमा स्थापित कर सरस्वती पूजा की गई थी। बीते शुक्रवार को स्वयं शिवम ही पूजा पर बैठा था।

शनिवार की देर शाम तक विसर्जन होना था तभी उसे किसी का फोन आया और वह बगैर खाना खाए घर से चला गया। उसके बाद नहीं आया। पूरी रात और दूसरे दिन भी परिवार के सबों ने मिलकर काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। पिता का कहना है कि शिवम के मोबाइल पर आए फोन से ही हत्यारों का पता चल सकता है। मामले में पुलिस से तकनीकी अनुसंधान की मांग की है।

# थानाध्यक्ष का वीडियो वायरल, रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जिले के थरथरी थाना क्षेत्र से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में थरथरी थानाध्यक्ष पर एक महिला के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया जा रहा है। वायरल फुटेज में थानाध्यक्ष महिला का बाल खींचते और थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस वर्ष 2014 के एक पुराने मामले में आरोपित राम बच्चन को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंची थी। गिरफ्तारी के दौरान घर की एक महिला ने पुलिस से गिरफ्तारी का कारण पूछ लिया। इसी बात से नाराज होकर थानाध्यक्ष ने कथित तौर पर महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी में ही महिला का बाल खींचकर थप्पड़ मार दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला पेशे से आंगनबाड़ी सेविका है। घटना के समय वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल से पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली पुलिस से संयम, मयार्दा और संवेदनशीलता की अपेक्षा की जाती है, खासकर महिलाओं के मामलों में। इस तरह का व्यवहार पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है।

# भू -अर्जन विभाग व अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार के कारण रैयत परेशान, सीएम से होगी शिकायत : देवेश तिवारी

## जिला के लहलहे में आयोजित जनसुनवाई में अंचल व भू -अर्जन में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा छाया रहा

### झारखंड राज्य दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी ने की जनसुनवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू भू -अर्जन कार्यालय व सदर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के प्रभावित रैयत परेशान हैं। बहुत सारे रैयतों का अब तक भुगतान नहीं हो सका है। जनसुनवाई में मिली शिकायत से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा।

उक्त बातें भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के झारखंड राज्य दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी ने जनसुनवाई के दौरान कही। लहलहे गांव में देवेश तिवारी द्वारा आयोजित जनसुनवाई में उन्होंने रैयतों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कहा कि आप सभी प्रभावित रैयतों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रैयतों को कभी सदर अंचल तो कभी भू अर्जन कार्यालय में दौड़ना पड़ रहा है। लेकिन इनका कोई भी काम नहीं हो रहा है। दोनों कार्यालय में भ्रष्टाचार छाया हुआ है। बिना पैसा के रैयतों का कोई भी काम आगे नहीं बढ़ रहा है। इसके कारण रैयत हैरान व भ्रष्टाचार के कारण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सदर अंचल कार्यालय व भू -अर्जन कार्यालय में समन्वय का बड़ा अभाव है। कहा कि छोटी- छोटी त्रुटियों का हवाला देकर सदर अंचल कार्यालय व भू -अर्जन कार्यालय के पदाधिकारी व कर्मचारियों द्वारा एनएचएआई के प्रभावित रैयतों को दौड़ाया जा रहा है। वे प्रभावित रैयतों के मामले को सबसे पहले पलामू के उपायुक्त के समक्ष रखेंगे। इनकी कागजी त्रुटि को सुधारते हुए कार्य नहीं हुआ तो वे दिशा के राज्यस्तरीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे। इसके पूर्व ग्रामीणों ने लहलहे में एप्रोच रोड, लिंक रोड सहित क्रॉसिंग, टॉयलेट व शेड समेत कई समस्याओं को जनसुनवाई में उठाया।

मौके पर मौजूद एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुधीर कुमार ने दिशा सदस्य देवेश तिवारी सहित ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनसुनवाई में उठाई गई समस्याओं का निराकरण करा देंगे।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुधीर कुमार ने कहा कि यात्रियों के लिए शेड व टॉयलेट आदि की व्यवस्था कराएंगे। कहा कि एप्रोच व लिंक रोड का भी निर्माण कराएंगे। मौके पर लाल है के पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि सुभाष तिवारी मुखिया प्रतिनिधि रामेश्वर यादव अखिलेश तिवारी आशीष तिवारी रवींद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में प्रभावित रैयत व ग्रामीण मौजूद थे।

# निवर्तमान मेयर ने केवल अपने घर की सड़क को चमकाया : पूनम सिंह

## लोगों ने फूल-माला से किया भव्य स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** निवर्तमान मेयर केवल अपने घर पास के सड़क को चमकाया, पहाड़ी मुहल्ला के सड़कों को अपने हाल पर छोड़ दिया। पहाड़ी मोहल्ला में विकास की एक किरण तक नहीं पहुंची है। सड़क की दुर्दशा से क्षेत्रवासी परेशान हैं। उक्त बातें झामुमो समर्थित प्रत्याशी पूनम सिंह ने कही। वे शनिवार को पहाड़ी मोहल्ला में लोगों से जनसंपर्क करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि मोहल्लेवासी पेयजल से लेकर नाली की समस्याओं से जूझ रहे हैं। नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। पोल पर लाइट भी नहीं जलता है। इस कारण मार्गों में अंधेरा छाया रहता है। उन्होंने कहा कि मोहल्लेवासी काफी रोष में हैं। पूनम सिंह ने कहा कि मोहल्ले वासियों ने उनसे बताया कि वे सभी नगर निगम की प्रदत्त सुविधाओं से वंचित हैं। बरसात में नाली का पानी सड़कों पर बहता है। आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सफाई सप्ताह में एक दिन होती है। मोहल्ले में गंदगी का अंबार है। पूनम सिंह ने निवर्तमान मेयर से सवाल पूछा कि आखिर पहाड़ी मोहल्ले में कैसा विकास हुआ है। जिससे लोग हलकान हैं। उन्होंने मोहल्ले वासियों की समस्याओं को सुना। कहा कि मेयर बनने के बाद पहाड़ी मोहल्ला को सुंदर, स्वच्छ व सभी सुविधाओं से लैस किया जाएगा। किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने मोहल्ले वासियों से मेयर के चुनाव में समर्थन करने का आग्रह किया। इसके पूर्व पहाड़ी मोहल्ला में आते ही मोहल्ले वासियों ने पूनम सिंह को फूल माला देकर स्वागत किया गया।

# सांसद का संघर्ष लाया रंग, चौपारण फ्लाईओवर निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** विकास की प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी सफलता सामने आई है। जीटी रोड (एनएच-2) पर चौपारण से गोरहर तक सिक्स लेन निर्माण के अंतर्गत वर्षों से लंबित चौपारण-बरकट्ठा फ्लाईओवर का कार्य अब आधिकारिक रूप से दोबारा शुरू हो गया है।

विगत 12 वर्षों से यह परियोजना अधर में लटकी हुई थी, जिसके कारण स्थानीय निवासियों को बदहाल सड़कों, उड़ती धूल, जलभराव और आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय स्तर पर शिकायतों के बावजूद कोई ठोस समाधान न निकलता देख इस गंभीर विषय को पिछले करीब डेढ़ वर्ष से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने निरंतर प्रयासों के माध्यम से केंद्रीय स्तर पर उठाया गया।

सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा एनएचएआई के उच्चाधिकारियों के समक्ष वस्तुस्थिति और इस गंभीर समस्याओं को मजबूती से रखा जिसके बाद बाद मंत्रालय ने इस पर संज्ञान लिया। परिणामस्वरूप, अब फ्लाईओवर के निर्माण ने गति पकड़ ली है और शेष लंबित कार्यों को भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

इस फ्लाईओवर के पूर्ण होने से क्षेत्र के लाखों लोगों को न केवल सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि वर्षों से जारी जलजमाव और सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं से भी स्थाई मुक्ति मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि विकास के संकल्प के साथ क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए उनका ऐसा प्रयास निरंतर जारी रहेगा ।

# 2300 अपात्र लाभुकों की हुई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** राशन कार्ड को आधार से लिंक किए जाने के बाद जिले में अपात्र लाभुकों की पहचान तेज हो गई है। आपूर्ति विभाग ने राजस्व एवं भूमि सुधार, परिवहन तथा आयकर विभाग से प्राप्त डाटा के आधार पर स्कैनिंग का कार्य शुरू कर दिया है। भारत सरकार से मिले आंकड़ों के अनुसार जिले में करीब 2300 ऐसे राशन कार्डधारी चिह्नित किए गए हैं, जो चार पहिया वाहन के स्वामी हैं, आयकर रिटर्न दाखिल करते हैं अथवा जिनके पास 2.5 एकड़ से अधिक भूमि है, इसके बावजूद गलत तरीके से मुफ्त राशन का लाभ उठा रहे हैं। आपूर्ति विभाग द्वारा ऐसे अपात्र राशन कार्डधारियों को नोटिस भेजकर सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सत्यापन के दौरान अपात्र पाए जाने पर संबंधित राशन कार्ड रद्द किए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से की जा रही है, ताकि पात्र लाभुकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# उपायुक्त ने पदमा प्रखंड का किया निरीक्षण, विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को पदमा प्रखंड का दौरा कर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन बंदरबेला का निरीक्षण कर सीएससी केंद्र के संचालन की स्थिति की समीक्षा की तथा पंचायत सचिव से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पंजी के संधारण की जांच की। साथ ही पंचायत स्तर पर स्वीकृत योजनाओं से संबंधित ग्राम सभा बैठकों की कार्यवाही का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पंचायत भवन संचालन हेतु प्रतिमाह प्राप्त होने वाली राशि के व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करने एवं खर्च का ऑडिट कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। इस दौरान जेएसएलपीएस द्वारा क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से दीदी समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया गया।

मनरेगा अंतर्गत आम बागवानी योजना का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने कार्यरत श्रमिकों के मस्टर रोल पंजी की जांच की और डीपीएम को निर्देश दिया कि सभी श्रमिकों के जॉब कार्ड आज ही कार्यालय में उपलब्ध कराए जाएं।

इसके बाद उपायुक्त ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दोनाई खुर्द, पदमा का दौरा कर विद्यालय में बच्चों की पोशाक वितरण, मध्याह्न भोजन एवं पठन-पाठन व्यवस्था की जानकारी ली।

विद्यालय में एक ही शिक्षक होने की बात सामने आने पर उन्होंने तत्काल सहायक शिक्षकों की पदस्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त पदमा प्रखंड अंतर्गत बघरा नदी पर निमार्णाधीन पुल के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। अंत में उपायुक्त ने बीडीओ एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारियों को पंचायतों के समग्र एवं समावेशी विकास के लिए आगामी पांच वर्षों की रूपरेखा तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व क्रिकेट इंटरनेशनल अंपायर रघुवीर सिंह का निधन

## 2 इंटरनेशनल टेस्ट और 7 वन-डे में की थी अंपायरिंग, पंजाब राज्यपाल कटारिया रहे स्टूडेंट



**उदयपुर (एजेंसी)।** उदयपुर के इंटरनेशनल क्रिकेट अंपायर प्रोफेसर रघुवीर सिंह राठौड़ (88) का शुक्रवार शाम निधन हो गया। प्रो. राठौड़ दो इंटरनेशनल क्रिकेट टेस्ट मैच और 7 इंटरनेशनल वन-डे में अंपायरिंग कर चुके हैं। वे सेंट्रल जोन (यूपी, एमपी, विदर्भ, रेलवे, राजस्थान) से निकले हुए पहले इंटरनेशनल टेस्ट अंपायर थे। करीब 11 साल तक राजस्थान रणजी टीम के सदस्य भी रह चुके थे। अशोक नगर निवासी प्रो.राठौड़ 15 दिन से अस्वस्थ थे। वे हॉस्पिटल में भर्ती थे। शाम करीब 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।वे मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में भूगोल विषय के प्रोफेसर रह चुके हैं। उनके मित्र पूर्व इंटरनेशनल अंपायर बलवंत शर्मा ने कहा- पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, पूर्व सांसद नमोनारायण मीणा और पूर्व आईएएस धर्मसिंह सागर सहित कई नामी लोग उनके स्टूडेंट रहे हैं।

**पहला टेस्ट इंडिया-श्रीलंका के बीच कराया-** उनके घनिष्ठ मित्र पूर्व इंटरनेशनल अंपायर बलवंत शर्मा ने बताया- रघुवीर सिंह राठौड़ मुझे अपना छोटा भाई मानते थे। उनसे मेरी करीब 45 साल की कई सारी यादें जुड़ी हैं। वे बहुत कॉपरेटिव और मिलनसार थे। उन्होंने वर्ष 1992 में चंडीगढ़ में इंडिया वर्सेज श्रीलंका के टेस्ट मैच में पहली बार इंटरनेशनल लेवल पर अंपायर की। इसके बाद दूसरे टेस्ट वर्ष 1993 में चेन्नई में इंडिया वर्सेज इंग्लैंड में अंपायर रहे। इसके अलावा 7 वन-डे इंटरनेशनल मैच में अंपायरिंग कर चुके हैं। इसमें सबसे पहला वन डे मैच इंडिया और आस्टेलिया के बीच कराया था।

# चांदी के बढ़ते दामों के बीच प्रतिका रावल ने दिखाई दिलचस्पी

## बेचने को लेकर यूजर्स से मांगी राय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चांदी के लगातार बढ़ते दामों पर भारतीय महिला टीम की स्टार ओपनर प्रतिका



रावल ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यूजर्स से राय मांगी। बता दें कि, भारत में पहली बार चांदी की वायदा कीमतें चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम का आंकड़ा छू गई हैं। बाजार विश्लेषकों की मानें तो वैश्विक स्तर पर जिस तरह का माहौल है, उस लिहाज से चांदी की कीमत कम होने की संभावना नहीं दिखती।

### प्रतिका ने मांगी यूजर्स से राय

प्रतिका रावल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मेरे पास 15 किलो चांदी है जो मैंने 75 हजार में खरीदी थी और बहुत से लोग मुझे इसे बेचने की सलाह दे रहे हैं, क्या मुझे इसे बेच देना चाहिए? या इसके और बढ़ने का इंतजार करना चाहिए? हमने इसे कोविड के समय खरीदा था।

**चोट से उबर रहीं प्रतिका-** प्रतिका इन दिनों महिला विश्व कप के दौरान लगी चोट से उबर रही हैं। इस टूर्नामेंट में उनका बल्ला खूब गरजा। सात मैचों में उन्होंने 308 रन बनाए और भारत की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। हालांकि, चोट के कारण टूर्नामेंट बीच में छोड़ना पड़ा, इसके बावजूद वह सभी टीमों में चौथी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं।

# पीवी सिंधु इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

### टॉप सीड चेन यू फी से होगी टक्कर

**जकार्ता (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने दाइहात्सु इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। अब शुक्रवार को उनका सामना टॉप सीड चीन की चेन यू फी से होगा। हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में चेन यू फी 7-6 से आगे हैं, ऐसे में मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

प्री-क्वार्टरफाइनल में सिंधु ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 43 मिनट चले मुकाबले में 21-19, 21-18 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

इससे पहले सातवीं सीड लक्ष्य सेन ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के जेसन गुनावन को महज 43 मिनट में 21-10, 21-11 से मात दी। लक्ष्य का अगला मुकाबला थाईलैंड के पानित्चाफोन टीरारत्सकुल से होगा।

वहीं युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता नोजोमी ओकुहारा को कड़ी टक्कर दी। अनमोल ने पहला गेम 21-16 से जीता, लेकिन बाद के गेम गंवाकर मुकाबला हार गईं।

दूसरी ओर, पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत और पुरुष युगल में हरिहरन अमसकारुणन/एम आर अर्जुन का सफर टूर्नामेंट में समाप्त हो गया।



● आज सेमीफाइनल का टिकट पक्का करने उतरेगी भारतीय अंडर-19 टीम

# पाकिस्तान से हिसाब होगा चुकता?



**बुलावायो (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान की अंडर-19 टीमों के बीच रविवार को विश्व कप का मैच खेला जाएगा। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह मैच काफी अहम है। पांच बार की चैंपियन भारतीय अंडर-19 टीम का सामना सुपर सिक्स के मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से रविवार को होगा। पाकिस्तान ने विश्व कप से पहले एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम को हराया था और अब आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम के पास पाकिस्तान से हिसाब चुकता करने का मौका रहेगा। भारतीय टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय चल रही है और पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए वह सेमीफाइनल में जगह बना लेगी।

### क्या बरकरार रहेगी नो हैंडशेक नीति

पाकिस्तान ने दिसंबर में अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान को 191 रनों से हराया था। अब भारतीय टीम इसी हार का बदला चुकता करने उतरेगी। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम नो हैंडशेक की नीति बरकरार रखेगी। भारतीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान या मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिला रहे हैं।



- **शानदार लय में है भारत-** भारतीय टीम अब तक अंडर-19 विश्व कप में शानदार लय में है। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका को छह विकेट से हराकर की थी। इसके बाद बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को ग्रुप चरण में हराया था। सुपर सिक्स चरण के पहले मैच में भारत ने जिम्बाब्वे को 204 रनों से हराया था। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला आसान नहीं रहेगा क्योंकि हाल ही में म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को पाकिस्तान से हार मिली थी।
- **भारत का मजबूत पक्ष-** विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने चार मैच में 183 रन बनाए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 80 रन है। टीम के स्टार सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी लय में हैं ।

### पाकिस्तान ने की है वापसी

पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना शुरुआती मैच गंवाया था, लेकिन इसके बाद उसने स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले दो मुकाबले जीते थे। सुपर सिक्स चरण में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया था और वह भारत के खिलाफ बढ़े मनोबल के साथ उतरेगी। ओपनर समीर मिनहास ने टूर्नामेंट में प्रभावित किया है और वह दो अर्धशतक लगा चुके हैं। मिनहास ने एशिया कप फाइनल में भारत के खिलाफ 172 रन बनाए थे।

### किस तरह पाकिस्तान को बाहर कर सकता है भारत?

सेमीफाइनल के लिए तीन टीमों ने क्वालिफाई कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड अंतिम चार में पहुंच चुके हैं और अब सिर्फ एक स्थान शेष है। भारत ने अपने सभी मैच जीते हैं और वह छह अंक लेकर इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर मौजूद है। भारत का नेट रन रेट भी +3.337 का है। भारत अगर रविवार को पाकिस्तान को हरा देता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और पाकिस्तान का सफर सुपर सिक्स चरण में ही थम जाएगा। इतना ही नहीं, अगर किसी तरह पाकिस्तान ने भारत को हरा भी दिया तो दोनों टीमों के एक समान छह अंक होंगे। भारत का नेट रन रेट पाकिस्तान से बेहतर है और इसमें बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो भी टीम सेमीफाइनल में पहुंच सकती है।

# चोटिल पैट कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर

● बेन ड्वारशुइस को मौका, मिचेल मार्श कप्तानी करेंगे; 3 नए प्लेयर्स को मौका

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। वे बैक इंजरी से रिकवर नहीं हो पाए हैं। उनकी जगह लेफ्टी पेसर बेन ड्वारशुइस को मौका दिया गया है। कमिंस के अलावा, मैथ्यू शॉर्ट भी अपनी जगह नहीं बच सके हैं। उनके स्थान पर मैट रैनशॉ को चुना गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को टीम का ऐलान किया। मिचेल मार्श को कप्तानी दी गई है। वहीं, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनली और मैथ्यू कुह्नेमन जैसे युवाओं को मौका दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 11 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फिलहाल, ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के



खिलाफ 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेल रही है। टीम को पहले मैच में 22 रन की पराजय झेलनी पड़ी। सीरीज का दूसरा मैच आज शाम 4-30 बजे से लाहौर में खेला जाएगा।

**3 प्लेयर्स वर्ल्ड कप डेब्यू करेंगे-** स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप टीम में मौका मिला है। कूपर कोनोली का चयन चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने पिछले 12 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में हिस्सा नहीं लिया था। टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोयनिस अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन जैसे अनुभवी ऑलराउंडर शामिल हैं। गेंदबाजी की जिम्मेदारी जोश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट और बेन ड्वारिशिस जैसे गेंदबाजों पर है। एडम जम्पा और नाथन एलिस भी बॉलिंग लाइनअप का हिस्सा हैं।

### पैट कमिंस की वापसी टली

पिछले कुछ समय से इंजरी से परेशान रहे पैट कमिंस का नाम टीम में शामिल नहीं है। वे टीम के साथ पाकिस्तान दौर पर भी नहीं गए थे। उम्मीद की जा रही थी कि वे वर्ल्ड कप से पहले ठीक हो जाएंगे। सिलेक्टर टोनी डोडमेडे ने कहा, 'पैट को अपनी पीठ की चोट से ठीक होने में ज्यादा समय लग रहा है, इसलिए बेन एक अच्छा रिप्लेसमेंट है।

# पाकिस्तान से मैच के पहले सचिन ने भारतीय अंडर-19 टीम से की बातचीत

### बीसीसीआई ने साझा की तस्वीरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंडर-19 विश्व कप में हिस्सा ले रही भारतीय टीम के खिलाड़ियों से पाकिस्तान के खिलाफ अहम सुपर सिक्स मुकाबले से पहले वर्चुअल बातचीत की। इंग्लैंड ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। इसके बाद रविवार



को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला और भी महत्वपूर्ण हो गया है। सुपर सिक्स ग्रुप बी से नॉकआउट चरण में सिर्फ एक ही टीम जगह बना पाएगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर वर्चुअल मुलाकात की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में कहा, यह अनुभव बेहद महत्वपूर्ण रहा जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे करियर के लिए अहम जानकारियां और दृष्टिकोण मिला।

# सैम करन टी-20 में हैट्रिक लेने वाले दूसरे इंग्लिश क्रिकेटर

## इंग्लैंड ने पहले मुकाबले में श्रीलंका को हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने श्रीलंका को पहले टी-20 मुकाबले में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 11 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लिश टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बारिश के कारण मुकाबला तय समय पर शुरू नहीं हो सका, जिसके चलते ओवरों में कटौती कर इसे 17-17 ओवर का मैच कर दिया गया।

शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लिश गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 133 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 125 रन बना लिए थे, तभी बारिश ने फिर से खलल डाल दिया और आगे का खेल संभव नहीं हो सका। डकवर्थ-लुईस नियम के अनुसार इंग्लैंड उस समय टारगेट से आगे था, जिसके चलते मुकाबला इंग्लैंड के नाम रहा। गेंदबाजी में सैम करन और आदिल रशीद ने अहम भूमिका निभाई, जिसमें करन ने हैट्रिक ली।

### सैम करन की हैट्रिक

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जिसके बाद श्रीलंका की टीम 16.2 ओवरों में 133 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस ने 37 जबकि पाथुम निसांका ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें आदिल रशीद और सैम करन ने तीन-तीन विकेट चटकाए। सैम करन ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर दासुन शनाका, महीश तीक्षणा और माथीश पथिराना को आउट करते हुए हैट्रिक पूरी की।





# नोवाक जोकोविच 11वीं बार ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में

### वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज से होगा मुकाबला; सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां उसका सामना वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज से एक फरवरी को दोपहर 2 बजे से होगा। 38 साल के जोकोविच ने मेंस सिंगल्स कैटेगरी के सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। वे ओपन एरा में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैं। जोकोविच ने 11वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। वे 2023 के बाद खिताबी दौर में पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने 10 फाइनल खेले और सभी जीते हैं। जोकोविच अपने करियर के 25वें ग्रैंड स्लैम और 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल से एक जीत दूर हैं। फिलहाल वे मार्गरेट कोर्ट के 24 ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड की बराबरी पर हैं।

**अल्काराज पहली बार फाइनल में पहुंचे-** वर्ल्ड नंबर-1 स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। चोट से जूझ रहे अल्काराज ने सेमीफाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेटों तक चले मुकाबले में मात दी। मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में खेला गया यह मैच 5 घंटे 27 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज ने ज्वेरेव को 6-4, 7-6, 6-7, 6-7, 7-5 से हराया।

**अल्काराज बोले- मुझे खुद पर बेहद गर्व है-** जीत के बाद अल्काराज ने कहा- मैं हमेशा कहता हूं कि हालात चाहे जैसे भी हों, खुद पर भरोसा रखना बेहद जरूरी है। तीसरे सेट में मैं संघर्ष कर रहा था। शारीरिक रूप से यह मेरे करियर के सबसे कठिन मुकाबलों में से एक था। उन्होंने कहा- 'मैं पहले भी ऐसे मैच खेल चुका हूं, इसलिए मुझे पता था कि मुझे क्या करना है। मुझे इसमें दिल-जान लगा देनी थी। मैंने ऐसा ही किया और आखिरी गेंद तक लड़ता रहा। पांचवें सेट में जिस तरह से मैंने वापसी की, उस पर मुझे खुद पर बेहद गर्व है।' अल्काराज के पास करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का मौका अल्काराज के ट्रॉफी कैबिनेट में अब तक का एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब ऑस्ट्रेलियन ओपन ही बचा है। अगर वह इस साल मेलबर्न में जीत हासिल करते हैं, तो वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के मेंस प्लेयर बन जाएंगे।

करियर ग्रैंड स्लैम का मतलब है कि किसी खिलाड़ी ने अपने पूरे करियर के दौरान चारों ग्रैंड स्लैम कम से कम एक बार जीती हों। इन्हें एक ही कैलेंडर ईयर में जीतना जरुरी नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

## होली पर कैसे जाएं घर? दिल्ली से यूपी-बिहार की ट्रेनें फुल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** होली पर दिल्ली से उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड जाने वालों के लिए ट्रेन में अभी से सीटें खत्म हो चुकी हैं। अधिकांश गाड़ियों में 1 से 3 मार्च के बीच केवल प्रतीक्षा सूची में टिकट मिल रही है जबकि कुछ गाड़ियों में यह टिकट मिलना भी बंद हो चुके हैं। उधर विमान, कंपनियों ने भी इस दौरान किराए में 30 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी है। आने वाले दिनों में विमान किराए में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपने पैतृक घर जाते हैं। इसके लिए अधिकांश गाड़ियों में दो माह पहले ही टिकट बुक हो जाती हैं। ऐसे में दिल्ली से पटना, दरभंगा, रांची, प्रयागराज, वाराणसी आदि जगहों के लिए जाने वाली सभी गाड़ियों में 1 से 3 मार्च तक सभी सीटें फुल हो चुकी हैं। कुछ गाड़ियों में तो इन तीन दिनों के दौरान प्रतीक्षा सूची में भी टिकट उपलब्ध नहीं है। इनमें नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, अमृत भारत एक्सप्रेस, बिहार संपर्क क्रांति, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, रांची गरीबरथ एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस, शिव गंगा एक्सप्रेस आदि गाड़ियां शामिल हैं। बनारस के लिए चलने वाली वंदेभारत में सीट उपलब्ध हैं, जिसकी कीमत ज्यादा होने के चलते आम लोग सफर नहीं कर सकते। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पूर्व दिशा में जाने वाली गाड़ियों पर नजर रखी जा रही है। उधर, विमान कंपनियों ने भी प्रत्येक वर्ष की तरह होली के समय अपने किराये को बढ़ाया है। लेकिन अभी इनमें सामान्य वृद्धि देखने को मिल रही है।

## बड़ी कंपनियों को पर्यावरणीय लागतों के लिए अधिक जिम्मेदारी उठानी होगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एनजीटी के उस आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि यदि कोई कंपनी अपने बड़े पैमाने के कारोबार से अधिक लाभ कमाती है, तो उसे पर्यावरणीय लागतों के लिए अधिक जिम्मेदारी उठानी होगी। इस आदेश में पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करने वाले एक बिल्डर पर पांच करोड़ रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया था। पीठ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मामलों में किसी कंपनी के परिचालन के पैमाने को पर्यावरणीय नुकसान से जोड़ना मुआवजे का निर्धारण करने में एक महत्वपूर्ण कारक हो सकता है। अदालत ने कहा कि बड़े पैमाने का मतलब अक्सर अधिक संसाधनों का उपयोग, अधिक उत्सर्जन और अधिक अपशिष्ट होता है, जिससे पर्यावरण पर अधिक दबाव पड़ता है। पीठ ने कहा कि यदि किसी कंपनी का टर्नओवर अधिक है, तो यह उसके संचालन के विशाल पैमाने को दर्शाता है। यदि ऐसी कंपनी पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने में योगदान देती पाई जाती है, तो उसके टर्नओवर का नुकसान की मात्रा से सीधा संबंध हो सकता है। इसलिए, हमारी राय में यह तर्क देना कि नुकसान की मात्रा के अनुरूप मुआवजा निर्धारित करने में टर्नओवर कभी भी प्रासंगिक कारक नहीं हो सकता, गलत है। वकील की पेशी को नहीं माना जाएगा डराना-धमकाना : सुप्रीम कोर्ट कि अपने पेशेवर कर्तव्यों का निर्वहन कर हुए किसी वकील की पेशी को डराना-धमकाना नहीं माना जाएगा।

# शिक्षा तक निर्बाध पहुंच देने के लिए बाध्य हैं राज्य, सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

### धारा-19 में बताए गए मानकों का अनुपालन वित्तीय सुविधा के अधीन नहीं है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने सभी स्कूलों में मुफ्त सैनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के निर्देश वाले फैसले में कहा है कि आरटीई एक्ट की धारा-19 में बताए गए मानकों का अनुपालन वित्तीय सुविधा के अधीन नहीं है।

अगर दूसरे शब्दों में कहा जाए तो राज्य को मानकों और मानदंडों का अनुपालन नहीं करने के लिए धन की अनुपलब्धता का हवाला देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने कहा, वह इसलिए ऐसा रही है क्योंकि राज्य, शिक्षा तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए बाध्य हैं।

**आरटीई एक्ट के तहत मुफ्त सैनेटरी नैपकिन अनिवार्य:** शीर्ष अदालत ने फैसले में राज्यों के दायित्व पर जोर देते हुए कहा कि यह बात धारा-आठ और नौ को देखते हुए और पुष्ट होती है, जिसमें राज्य सरकारों और स्थानीय प्राधिकरणों को स्कूल भवन, शिक्षण कर्मचारी, सीखने के उपकरण आदि उपलब्ध कराने का कर्तव्य सौंपा गया है। सरकारों और स्थानीय प्राधिकरणों को प्रत्येक बच्चे के प्रवेश, उपस्थिति और प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने को सुनिश्चित करने की निगरानी करनी होगी। सबसे खास बात यह है कि उन्हें मानकों के मुताबिक उच्च गुणवत्ता वाली प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करनी होगी। राज्य नहीं बना सकते वित्तीय कमी का बहाना कोर्ट ने कहा कि निर्बाध पहुंच की आवश्यकता को वास्तविक अर्थ में समझा जाना चाहिए। यह न केवल स्कूल



भवनों तक औपचारिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बाध्य करता है, बल्कि स्कूल में बच्चे की उपस्थिति में बाधा डालने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए भी बाध्य करता है। इस संदर्भ से देखें तो सैनेटरी नैपकिन और उसे निस्तारित (डिस्पोसल) करने के स्वच्छ तंत्र का नहीं होना लड़कियों की स्कूल में अनुपस्थिति और स्कूल छोड़ने का कारण बनती है। कोर्ट ने कहा कि यह विफलता प्रशासनिक नहीं, बल्कि संवैधानिक है। इससे संविधान की घोर विफलता उजागर होती है, क्योंकि कानून में स्कूल भवन तक बाधा रहित पहुंच और लड़कों व लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय अनिवार्य किए गए हैं। लेकिन कानून लागू होने के 17 वर्षों बाद भी कई स्कूलों में छात्रों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। कोर्ट ने कहा कि शेड्यूल में निर्धारित नियम और मानक केवल प्रक्रियात्मक प्रकृति के नहीं हैं, बल्कि आरटीई अधिनियम की धारा-तीन और विशेष रूप से संविधान के अनुच्छेद-21ए के तहत शिक्षा के अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन का अभिन्न हिस्सा हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले का उद्देश्य और मर्म बताते हुए कहा कि यह आदेश व चर्चा केवल कानूनी व्यवस्था के हितधारकों के लिए नहीं है। ये उन कक्षाओं के लिए भी है जहां लड़कियां मदद मांगने में संकोच करती हैं। ये उन शिक्षकों के लिए भी है जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण असमर्थ हैं।

### नए सब-स्टेशन से इन कॉरिडोर को फायदा

# दिल्ली मेट्रो का नया पावर बैकअप, पार्क स्ट्रीट में इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के साथ-साथ उसके संचालन के लिए भी नए संसाधन तैयार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्क स्ट्रीट (सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के पास) बनाए गए नए इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन (आरएसएस) का शुक्रवार को उद्घाटन किया। आधुनिक तकनीक पर बना यह सब-स्टेशन दिल्ली मेट्रो के प्रमुख रूटों को बिजली आपूर्ति देगा।

इससे मेट्रो सेवाएं और बेहतर होंगी। साथ ही यह सब स्टेशन मेट्रो के आगामी विस्तार प्रोजेक्ट में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस सब-स्टेशन को नई और उन्नत तकनीकों से केवल 18 महीनों में तैयार कर लिया गया है। इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन को इस प्रकार विकसित किया गया है कि दिल्ली मेट्रो की लाइनों को किसी भी प्रकार की बिजली संबंधी समस्या का सामना न करना पड़े और मेट्रो सेवाएं पूरी तरह निर्बाध रूप से संचालित होती रहें।

नवनिर्मित इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन में सभी जरूरी बिजली उपकरणों को नए सिरे से लगाया गया है। यह सब-स्टेशन एयरपोर्ट लाइन, लाइन-6 (वायलेट लाइन) और आगामी सेंट्रल विस्टा मेट्रो लाइन को बिजली उपलब्ध कराएगा।

इसके लिए अतिरिक्त 25 केवी फीडरों के जरिए मेट्रो ट्रैक को बिजली सप्लाई की जाएगी, जिससे मेट्रो संचालन और ज्यादा सुचारू रहेगा। इसमें उन्नत सब-स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम, ऊर्जा बचाने वाली वीआरएफ एयर-कंडीशनिंग और आधुनिक सुरक्षा सिस्टम लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में मेट्रो नेटवर्क का और अधिक विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि नए कॉरिडोरों पर जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## हाईकोर्ट ने कहा- एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग

**नईदिल्ली,एजेंसी।** राजसमंद में एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व के नाम पर सड़क का नाम बदलने को लेकर दर्ज एससी-एसटी एक्ट के मामले में राजस्थान हाई कोर्ट ने पुलिस और परिवादी की भूमिका पर कड़ी टिप्पणी की है। जोधपुर बेंच के जस्टिस फरजंद अली ने कहा कि संविधान से मिली कानूनी शक्तियों का उपयोग किसी को प्रताड़ित करने के औजार के रूप में नहीं होने दिया जाएगा। कोर्ट ने पुलिस जांच को सजावटी कहानीबताते हुए कानून के दुरुपयोग की आशंका जताई। मामले में 28 जनवरी को सुनवाई के दौरान तब नाटकीय मोड़ आया, जब कोर्ट में एक वीडियो क्लिप चलाई गई। वीडियो में साफ दिखाई दिया कि एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराने वाला फरियादी ही कथित आरोपी को लात-घूंसों से पीट रहा है। इस लाइव सबूत के सामने आते ही आरोपी की गिरफ्तारी पर अड़े पुलिस अधिकारी को अपना रुख बदलना पड़ा। यह याचिका भरत कुमार दवे की ओर से दायर की गई थी। कोर्ट ने कहा कि पुलिस ने तथ्यों को चुनकर एकतरफा जांच की।

# लाल किला ब्लास्ट: व्हाइट कॉलर मॉड्यूल ने ग्लोबल कॉफी चेन पर हमले की भी बनाई थी योजना : सूत्र

### पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में लाल किले के पास एक आई20 कार ब्लास्ट की जांच में एक बहुत बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इसी मॉड्यूल ने एक ग्लोबल कॉफी चेन के आउटलेट्स पर हमले की योजना बनाई थी। बता दें कि, पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने यह भी बताया कि यह व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल पिछले चार सालों से एक्टिव था। आरोपियों ने भारत के बड़े शहरों में भी हमले की योजना बनाई थी। सूत्रों ने आगे बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली जानकारी की मदद से नवंबर और दिसंबर में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में कई प्लान किए गए हमलों को रोका गया। 4 जनवरी को अधिकारियों ने बताया था कि इस व्हाइट-कॉलर मॉड्यूल में शामिल डॉक्टर मुजम्मिल गनई, अदील राथर और अन्य लोग पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रहने के लिए



'घोस्ट' सिम कार्ड और एन्क्रिप्टेड ऐप्स का इस्तेमाल करते थे। ये लोग जांच एजेंसियों को गुमराह करने के लिए 'डुअल-फोन' तरीका अपनाते थे, जिसमें नॉर्मल यूज और सीक्रेट बातचीत के लिए अलग-अलग डिवाइस रखते थे।

## दिल्ली के ज्योति नगर में बेटे को खाना लेने भेजकर पति-पत्नी ने लगाया फंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में गुरुवार देर रात अधेड़ दंपती ने अपने फ्लैट में कथित तौर पर फंदा लगाकर जान दी। मृतकों की पहचान 55 वर्षीय अजय कुमार और 50 वर्षीय रीता के रूप में हुई है। दोनों के शव अलग-अलग कमरों में लटके मिले। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें इस जोड़े ने बच्चों के कामयाब न होने, कर्ज और व्यवसाय में समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। घटना की जानकारी गुरुवार रात 12:05 बजे ज्योति नगर थाने को मिली। पुलिस ने तुरंत टीम भेजकर फ्लैट की जांच की। अजय कुमार सोनिया विहार में मेडिकल स्टोर चलाते थे, जबकि रीता घर पर ही रहती थीं। उनका बड़ा बेटा 29 वर्षीय भास्कर पिछले कुछ समय से पिता के साथ मेडिकल स्टोर पर काम कर रहा था।

# 'रशियन लड़कियों' से संबंध से बिल गेट्स को हुआ था यौन रोग? एपस्टीन फ़ाइलें में चौंकाने वाला दावा

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में शुमार बिल गेट्स एक बार फिरजेफरी एपस्टीन मामले की वजह से सुर्खियों में हैं। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा सार्वजनिक किए गए नए दस्तावेजों ने माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक पर ऐसे आरोप लगाए हैं जो न केवल सनसनीखेज हैं, बल्कि उनकी निजी छवि पर भी गहरे सवाल खड़े करते हैं। हालांकि, ये तमाम दावे अभी तक सिर्फ कागजों तक सीमित हैं और इनके पीछे कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया है।

मेलिंडा गेट्स का जिक्रः सबसे गंभीर आरोप यह है कि गेट्स कथित तौर पर एंटीबायोटिक्स की तलाश में थे ताकि वे अपनी तत्कालीन पत्नी मेलिंडा को भी अनजाने में दवा दे सकें।



सबूत मिटाने की कोशिशः एपस्टीन ने यह भी लिखा कि गेट्स ने उससे इस मामले से संबंधित पुराने संवाद हटाने का अनुरोध किया था।

गेट्स खेमे का पलटवारः यह सिर्फ एक कुंठित अपराधी की खुन्नस है बिल गेट्स के प्रतिनिधियों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे चरित्र हनन का प्रयास बताया है। प्रवक्ता के अनुसार, ये दस्तावेज सिर्फ यह साबित करते हैं कि जब गेट्स ने एपस्टीन से दूरी बना ली थी, तो वह बौखला गया था। एपस्टीन अपनी नाराजगी निकालने और गेट्स को बदनाम करने के लिए मनगढ़ंत कहानियां गढ़ रहा था। न्याय विभाग की सफाई और पुरानी तस्वीरों का साया अमेरिकी प्रशासन ने अब तक एपस्टीन मामले से जुड़ी करीब 30 लाख फाइलों और लाखों तस्वीरों को जनता के सामने रखा है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी फाइल में नाम होने का मतलब यह कतई नहीं है कि वह व्यक्ति अपराधी है। इन दस्तावेजों के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें एपस्टीन एक साथ नजर आ रहे हैं। गेट्स पहले भी कई बार सार्वजनिक तौर पर स्वीकार कर चुके हैं कि एपस्टीन से मिलना उनकी एक बड़ी भूल थी और उन्हें इसका गहरा पछतावा है।

### मेलिंडा गेट्स और तलाक का वो अनकहा सच

गौरतलब है कि बिल और मेलिंडा गेट्स का 27 साल पुराना रिश्ता 2021 में टूट गया था। उस वक्त मेलिंडा ने संकेत दिया था कि एपस्टीन के साथ बिल की बढ़ती नजदीकी और कुछ निजी कारण इस अलगाव की बड़ी वजह थे। हालांकि, उन्होंने कभी भी इन स्क्रैंडल या रूसी महिलाओं जैसे आरोपों का खुलकर जिक्र नहीं किया।

# बेरहम मां ! 10 माह के मासूम पर सैंकड़ों बार सुई से हमला

**बीजिंग, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिमी चीन से सामने आई एक घटना ने इंसानियत को झकझोर दिया है। महज 10 महीने के एक बच्चे के शरीर पर सैकड़ों बार सुई चुभोने का खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि यह क्रूरता किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि बच्चे की अपनी मां ने की थी। हॉन्गकॉन्ग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (स्क्रम्प) के अनुसार, गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके शरीर पर सुई चुभने के असंख्य निशान पाए। मामला युन्नान प्रांत के एक काउंटी अस्पताल का है, जहां बच्चे को तेज बुखार और झटकों की शिकायत के साथ लाया गया था। बच्चे के सिर, गर्दन, धड़ और पैरों पर काले पपड़ी जैसे घाव थे। आगे की पड़ताल में यह चौंकाने वाला सच सामने आया कि बच्चे की मां कथित तौर पर घरेलू इलाज और सजा के तौर पर उसके शरीर में सुई चुभोती थी। अनुमान है कि यह हरकत 500 से 600 बार दोहराई गई। हालात तब और गंभीर हो गए जब जूते सिलने में इस्तेमाल होने वाली एक सुई बच्चे की गर्दन में टूटकर रीढ़ के पास फंस गई। इसके बाद डॉक्टरों को जटिल सर्जरी करनी पड़ी। शिन्हुआ अस्पताल के वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ. सुई वेनयुआन ने बताया कि सर्जरी बेहद जोखिम भरी थी। सुई की बनावट और स्थिति स्पष्ट न होने के कारण जरा-सी चूक से बच्चे की नसों और आसपास के ऊतकों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था। सभी जरूरी जांचों के बाद ऑपरेशन किया गया, जो सफल रहा। बच्चे को जो तेज बुखार था, उसकी एक वजह शरीर में फंसी जंग लगी सुई भी हो सकती है। सर्जरी के कुछ दिनों बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और उसे आईसीयू से बाहर शिफ्ट किया गया। 21 जनवरी को चीन की विभिन्न सरकारी एजेंसियों- पब्लिक सिक्योरिटी ब्यूरो, स्वास्थ्य आयोग और महिला महासंघ- की संयुक्त जांच में पुष्टि हुई कि बच्चे को चोटें उसकी मां ने ही दी थीं।

# डिजिटल युद्ध की आहट: अंतरिक्ष में चीन का एआई दांव

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने अंतरिक्ष में दुनिया का पहला जनरल पर्पज लार्ज स्केल एआई मॉडल स्थापित करने में सफलता का दावा किया है। अंतरिक्ष की दौड़ में चीन की इस उपलब्धि से सामरिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। इससे चीन अंतरिक्ष में जल्द ही एआई संचालित डाटा सेंटर स्थापित कर युद्ध के मैदान की रीयल टाइम इंटेलिजेंस हासिल कर सकता है। चीन ने अंतरिक्ष में मौजूद अपने सैटेलाइट क्लस्टर पर सीधे एआई प्रॉम्प्ट को प्रोसेस करने में सफलता पाई है। अब तक सैटेलाइट केवल तस्वीरें लेकर कच्चा डेटा जमीन पर प्रोसेस करने के लिए भेजते थे। अब भविष्य में चीन का स्पेस क्लाउड और डेटा सेंटर अंतरिक्ष में ही डेटा का विश्लेषण कर फौरन सटीक नतीजे धरती पर भेज



पाएगा। युद्ध में लक्ष्य को पहचानने और नष्ट करने की प्रक्रिया अब तक जमीनी स्टेशनों पर निर्भर थी। चीन का एआई डाटा सेंटर बनने पर हथियार सीधे अंतरिक्ष से मिले निर्देशों पर काम कर सकते हैं।

हाइपरसोनिक मिसाइलों और स्वार्म ड्रोन जैसी प्रणालियों की प्रभावशीलता बढ़ सकती है। इससे विरोधी सेना को संभलने का मौका नहीं मिलेगा। चीन समुद्र में पनडुब्बियों और विमानवाहक पोतों की आवाजाही को रीयल-टाइम में ट्रैक कर सकता है। जमीन पर स्थित डाटा सेंटर्स को युद्ध में नष्ट भी किया जा सकता है, लेकिन अंतरिक्ष में तैरते डाटा सेंटर को रोकना मुश्किल होगा।

अमेरिका भी स्पेस-एक्स और स्पेस फोर्स भी स्टारशील्ड परियोजना के जरिए रक्षा उपयोगी नेटवर्क पर काम कर रहा है। जनरल पर्पज लार्ज स्केल एआई मॉडल को अंतरिक्ष में सक्रिय करने से चीन अमेरिका से चंद कदम आगे दिखाई दे रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम अंतरिक्ष के सैन्यकरण में तेजी ला सकता है।नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सुरक्षा चिंताएं बढ़ाने वाली है। एआई डाटा सेंटर की मदद से भविष्य में चीन सेना की तैनाती व अन्य गतिविधियों की निगरानी रीयल-टाइम में कर पाएगा। जाहिर है भारत को भी अब अंतरिक्ष आधारित कंप्यूटिंग और एज-एआई में गति बढ़ानी होगी।

# एक-दो शक्तियों से नहीं चलेगी दुनिया, यूएन प्रमुख गुटेरस का बड़ा बयान; भारत- ईयू समझौते का दिया हवाला

**जिनेवा , एजेंसी।**
भारत और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के बीच हुए व्यापार समझौते का हवाला देते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने बहुध्रुवीय व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि दुनिया एक या दो शक्तियों से नहीं चलेगी। उन्होंने अमेरिका और चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए यह बात कही।

गुटेरस ने कहा कि हालिया भारत-ईयू व्यापार समझौते से बहुत सकारात्मक उम्मीदें हैं और यह वैश्विक बहुध्रुवीयता में योगदान दे सकता है।यूएन महासचिव गुटेरस ने 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए यहां गुरुवार को पत्रकारों से कहा, वर्तमान समय में यह स्पष्ट है कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका है। हमारा और कई लोगों का भी भविष्य के संदर्भ में विचार है कि दो ध्रुव हैं-



एक अमेरिका केंद्रित और एक चीन केंद्रित। उन्होंने कहा, अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं और अगर हम ऐसी दुनिया चाहते हैं, जिसमें शांति कायम रह सके, जिसमें व्यापक विकास हो सके और जिसमें अंतत हमारे मूल्य कायम रहें तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की जरूरत है। यूएन प्रमुख अमेरिका और चीन का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा, वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा।प्रतिद्वंद्वी प्रभाव क्षेत्रों में बांटने से होगा। बता दें कि गुटेरस ने कुछ दिन पहले भी अंतरराष्ट्रीय कानून के खुलेआम उल्लंघन पर चिंता जताई थी। उन्होंने 15 जनवरी को 193 सदस्यीय महासभा में कुछ देशों की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानून का खुले तौर पर उल्लंघन किए जाने की निंदा की थी और कहा था कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर कोई ऐसा मेन्यू नहीं है, जिसमें से अपनी पसंद का नियम चुना जा सके।

# किसान राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : मंत्री

## किसानों की समस्याओं का समयबद्ध, संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें सुनिश्चित करें : मंत्री योगेन्द्र प्रसाद





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत मधुकरपुर में आज जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों से आए किसान हजारों की संख्या में उपस्थित रहे और आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, सब्जी उत्पादन एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने को लेकर किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले के दौरान कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 75 किसानों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, 50 किसानों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

**किसान राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं-**

मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि किसान राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा खेती को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक एवं तकनीकी खेती अपनाने, उन्नत बीज के प्रयोग, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल परंपरागत खेती पर्याप्त नहीं है, बल्कि किसानों को तकनीक एवं बाजारोन्मुख खेती अपनानी होगी ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन और बेहतर आमदनी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सब्जी उत्पादन, बागवानी, पशुपालन एवं मिश्रित खेती को किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बताया।

**किसानों की समस्याओं का समयबद्ध, संवेदनशील एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें सुनिश्चित-**

मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेन्द्र प्रसाद ने यह भी कहा कि खेती के दौरान यदि किसानों को बीज, उर्वरक, सिंचाई, कीट-रोग, फसल क्षति अथवा किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़े तो वे सीधे प्रखंड एवं जिला स्तर के कृषि एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें। इस संबंध में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध, संवेदनशील एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के किसान मेले किसानों के लिए नई जानकारी, अनुभव साझा करने और प्रेरणा प्राप्त करने का सशक्त मंच हैं तथा ऐसे आयोजनों से किसानों को नई दिशा और आत्मविश्वास मिलता है।

**मेले के दौरान 30 स्टॉल लगाया गया-**

कृषि मेला सह प्रदर्शनी में कृषि एवं संबद्ध विभागों, बीज विक्रेताओं, कृषक पाठशाला जरीडीह एवं अन्य संस्थाओं द्वारा कुल 30 स्टॉल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र, आधुनिक कृषि तकनीक तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

**आकर्षण का केंद्र -**

प्रदर्शनी के अंतर्गत किसानों द्वारा रबी मौसम की सभी प्रमुख सब्जियाँ एवं अन्य कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए गए। किसानों द्वारा लाया गया 18 किलोग्राम का कद्दू, 17 किलोग्राम का ओल, रंगीन फूलगोभी, सुपारी तथा एक ही पौधे में 16 किलोग्राम टमाटर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखकर उपस्थित किसान एवं अतिथि अत्यंत प्रभावित हुए। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो मो. शाहिद द्वारा माननीय मंत्री का स्वागत किया गया तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई। मेले में जिले के सभी प्रखंडों के एटीएम, बीटीएम एवं कृषक मित्र उपस्थित रहे और किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन बीटीएम बबलू सिंह द्वारा किया गया। जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अत्यंत सफल रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि, कसमार प्रखंड प्रमुख, मधुकरपुर पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी कसमार, अंचलाधिकारी कसमार, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा बोकारो, गव्य विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जायसवाल समाज बोकारो का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जायसवाल समाज (सर्व वर्गीय) बोकारो का वार्षिक मिलन समारोह अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल की अध्यक्षता में बुद्ध विहार में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि निर्भय शहाबादी, निवर्तमान विधायक, गिरिडीह एवं विशिष्ट अतिथि प्रशांत जायसवाल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात भगवान सहस्त्रार्जुन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजन किया गया। मुख्य अतिथि निर्भय शहाबादी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के सभी वर्गों को संगठित करना समय की आवश्यकता है तथा नारी शक्ति को आगे आकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रशांत जायसवाल ने युवाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध डेंटिस्ट डॉ. क्षमा भारती एवं रोटेरियन श्रीमती छाया जायसवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक पुरुष के शिक्षित होने से एक व्यक्ति शिक्षित होता है, लेकिन एक स्त्री के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है। समारोह के दौरान महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संयोजक सह कोषाध्यक्ष श्री नवनीत गुप्ता ने किया। सभा को जगदीश चौधरी, अजय चौधरी, विनय किशोर, भवानी शंकर जायसवाल, शंकर चौधरी सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर रोटेरियन शीला जायसवाल विवेक जायसवाल,कमलेश जायसवाल, ज्ञानचंद्र जायसवाल, तारणि जायसवाल, विनोद जायसवाल, बिनोद गुप्ता, प्रेम जायसवाल, सुंदर प्रकाश जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में जायसवाल समाज के सदस्य उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### उप विकास आयुक्त ने किया कुपोषण उपचार केंद्र का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने गोविंदपुर के कुपोषण उपचार केंद्र तथा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र की विस्तृत जांच की। कर्मियों को प्रत्येक बच्चे की सही तरीके से डाटा एंट्री करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डाटा एंट्री करते समय हर कॉलम में बच्चे से संबंधित जानकारी



अंकित करें। बच्चों को मिलने वाले पोष्टिक खुराक की नियमित जांच करें। इससे संबंधित कागजात भी लगाए। उन्होंने बच्चों के वजन एवं ऊंचाई के अनुसार ग्राफिक प्रेजेंटेशन बनाने का निर्देश दिया। इसके बाद उप विकास आयुक्त ने पूरे स्वास्थ्य केंद्र परिसर का निरीक्षण किया। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सन्नी राज के साथ सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विश्वेश्वर व अन्य लोग मौजूद थे।

### छात्रों को दिया आपदा प्रबंधन व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने मांडल +2 उच्च विद्यालय लोधरिया, टुंडी, +2 उच्च विद्यालय टुंडी एवं कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय टुंडी में स्कूली छात्रों को आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विद्यालय में युथ रेडक्रास का चयन, मॉक ड्रिल, प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद के कार्यकारिणी सदस्य कुमार मधुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, वाईस पैट्रन सदस्य बिजेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य संजय कुमार किशोर जयसवाल, प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार एवं प्रधानाचार्य श्रीमती पुनम कुमारी मौजूद थे।



### मदरसा आलिया कादरिया धनबाद में इकरा कॉन्फ्रेंस का सफल समापन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मदरसा अहल-ए-सुन्नत आलिया कादरिया के महान धार्मिक केंद्र में इकरा कॉन्फ्रेंस, दस्तार बंदी उत्सव और काजी शरीयत जिला धनबाद की शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आयोजित



किया गया, जिसे उस्ताद-ए-शुअरा हजरत मौलाना हज अब्दुल रहमान फैजी साहिब ने स्पॉन्सर किया। मदरसे के सदर हजरत मुफ़्ती रिजवान अहमद रिजवी सादी की अध्यक्षता में और मैनेजमेंट हजरत मौलाना की ज़िम्मेदारी में किया गया। कारी इमरान रजा ज़ियाई, खतीब और इमाम रजा इस मुबारक मौके पर 16 खुशनसीब हुफ़्फाजों के सिर पर आलिम और मशाइख थे। झारखंड की शरीयत संस्था के हाथों पगड़ी का ताज पहनाया गया और झारखंड की शरीयत संस्था धनबाद ब्रांच के एक जिला काजी और दो नायब काजी बनाए गए और उन्हें शपथ दिलाई गई। धनबाद जिले और अन्य जिलों के सभी विद्वानों और इमामों ने बड़ी संख्या में सम्मेलन की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा, जिले के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रोताओं ने इस सम्मेलन में भाग लिया। अंत में सलात और सलाम के बाद दिल से दुआ के साथ सम्मेलन सफलतापूर्वक समाप्त हो गया।

### इस्पातांचल स्वदेशी मेला के मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयोजन में इस्पातांचल स्वदेशी मेला मजदूर मैदान में कवि सम्मेलन डॉ परमेश्वर लाल वर्णवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा बोकारो शहर में मेले का आयोजन स्वदेशी उत्पाद के प्रति लोगों का प्रेम दशार्ता हैं। डॉ.परमेश्वर लाल वर्णवाल की स्वदेशी मन स्वदेशी सामान, डॉ. रेणुका सिन्हा की स्वदेशी की शक्ति, ब्रह्मानंद गोस्वामी की मन में स्वदेशी तन में स्वदेशी, बोकारो की चर्चीत कवियत्री गीता कुमारी गुस्ताख की जग छूटता नहीं गाकर खुब वाह वाही लूटी। गंगेश कुमार पाठक की रोम रोम में राम बसे हैं ' अपना मन स्वदेशी हैं,कुमकुम बृजनाथ की सात चक्र और ईश्वरत अनिता किरण की नारी तुम श्रद्धा नहीं समस्त श्रृष्टि की संज्ञान हो। सुधारानी की ब्रेकिंग न्यूज,कवियत्री आंचल की मॉ शारदे के मधूर गीत से कवि सम्मेलन की शुरूआत हूई। दीनानाथ ठाकुर की वन्दे मातरम् काफी ओजपूर्ण रही। संचालन गीता कुमारी गुस्ताख एवं धन्यवाद ज्ञापन परिषद के सचिव विकल राही ने की ।



# मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में बारहवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल, बोकारो के सभागार में एक समारोह का आयोजन कर बारहवीं कक्षा के छात्रों को विदाई दी गई। भावनाओं और उत्सवों से भरा दिन था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें शिक्षक, कर्मचारी और ग्यारवी के छात्रों ने बारहवी के छात्रों को विदाई दी। अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने कहा कि जीवन का एक चरण आप प्राप्त करने जा रहे हैं। इतने दिनों में आप ने जो भी सीखा वह बिना अनुशासन के मूल्यहीन हो जाता है। उन्होंने कहा सभी में अद्वितीय प्रतिभा है अपने जीवन में समय प्रबंधन, सकारत्मक सोंच एवं कठिन परिश्रम कर के अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें। संयुक्त सचिव श्री सुनील मोहन ठाकुर ने अपने संबोधन में छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट



उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विद्यालय को उत्कृष्टता का प्रतीक बनाने में अटूट समर्थन देने के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रति हार्दिक आभार भी व्यक्त किया। ओ कक्षा 11 के छात्रों ने मंच पर आकर यादें साझा कीं और अपने जीवन के सफर को आकार देने के लिए स्कूल को धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी छात्रों के सुखद और सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचमुच, यह एक ऐसी विदाई थी जिसे आने वाले कई वर्षों तक संजोकर रखा जाएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन एवं पर्यावरणीय स्थायित्व पर कार्यशाला आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास प्रखंड अंतर्गत हैसाबातू ग्रामीण जलापूर्ति योजना के डबल्यूटीपी भवन के सभागार में शनिवार उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में तथा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, चास की उपस्थिति में स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन एवं पर्यावरणीय स्थायित्व से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**जल संरक्षण एवं स्वच्छ गांव की अवधारणा पर जोर**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण, हर घर जल, तथा गांवों को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाकर सुजल एवं स्वच्छ गांव के रूप में विकसित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 60 प्रतिशत टाइड फंड (जल एवं स्वच्छता) के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई।

**जल जीवन मिशन के संचालन एवं रखरखाव पर प्रस्तुति**

इस अवसर पर रामप्रवेश राम, कार्यपालक अभियंता द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालन एवं रखरखाव व्यवस्था तथा छूटे हुए आईएचएचएल (व्यक्तिगत शौचालय) निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

**स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 एवं कचरा प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा**

यूनिसेफ सहयोगी टीम के डिस्ट्रिक्ट लीड घनश्याम साह द्वारा स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के सभी घटकों की जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से तरल एवं ठोस कचरा प्रबंधन, ओडीएफ स्थिति बनाए रखने, प्लास्टिक सेग्रीगेशन शेड, कंपोस्ट पीट एवं सामुदायिक सोखता की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**पंचायत स्तर पर ठोस कचरा निस्तारण की योजना**

बताया गया कि ठोस कचरा प्रबंधन हेतु पंचायतों को कचरा संग्रहण वैन उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से बाजार एवं घर-घर से कचरा उठाव कर ग्राम सभा के माध्यम से उचित राशि निर्धारित कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा।

**जल जांच किट का वितरण एवं पर्यावरण संरक्षण पहल**

कार्यशाला के दौरान डीडीसी द्वारा सभी जलसहियाओं को जल जांच किट का वितरण किया गया, जिससे पंचायत स्तर पर प्रत्येक घर के जल की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जा सके। इसके उपरांत डबल्यूटीपी परिसर में पौधारोपण किया गया तथा डबल्यूटीपी का निरीक्षण भी किया गया।

**कार्यशाला में विभिन्न विभागों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता**

इस कार्यशाला में कनिष्ठ अभियंता, प्रखंड वॉश कोऑर्डिनेटर, जेएसएलपीएस बीपीओ, जिला जल जांच प्रयोगशाला के लैब केमिस्ट मुकुल कुमार, विकास कुमार एवं मासूम, चयनित मुखिया, सभी चयनित जलसहिया, समाजसेवी तथा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के पंप ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव के मतदान के दिन इंटरमीडिएट की परीक्षा, प्रशासन ऊहापोह में

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य में शहर की सरकार बनाने को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव के तारीखों की घोषणा कर दी है। चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। उम्मीदवार अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल कर रहे हैं। 23 फरवरी को नगर निकाय चुनाव का मतदान निर्धारित है। इस दौरान राज्य में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा भी आयोजित हो रही है। जिस दिन मतदान होगा उसी दिन दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का भी एग्जाम है। ऐसे में छात्रों को परेशानी होगी इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। शहर में कई ऐसे विद्यालय है जहां मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आयोजित होती है। उस जगह पर मतदान केंद्र भी बनाए जाते हैं। हालांकि पदाधिकारी को यह उम्मीद है कि इसका समाधान राज्य निर्वाचन और विभाग मिलकर कर लेंगे। अधिकारी दबी जुबान में परेशानी नहीं होने की बात कहते हुए तैयारी पूरी करने की बात कह रहे है। जिले में मैट्रिक और इंटर परीक्षा के लिए 108 केंद्र बनाए गए हैं।




जिसमें मैट्रिक के लिए 62 और इंटरमीडिएट के लिए 46 केंद्र शामिल है। मैट्रिक में 24528 और इंटरमीडिएट में 23340 परीक्षार्थी भाग लेंगे। जिसमें शहरी क्षेत्र में भी परीक्षा केंद्र शामिल है। जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहार ने बताया कि जिस दिन चुनाव है।उस दिन दूसरे पाली में इंटरमीडिएट का एग्जाम निश्चित है। निर्णय जिला स्तर पर नहीं होना है ।हम लोग इसको लेकर तैयार है ,चुनाव और परीक्षा दोनों की तैयारी में हम लोग जुटे हुए हैं।

# संत जेवियर विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया सीआरपीएफ कैंप का शैक्षणिक भ्रमण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहीद दिवस के अवसर पर बोकारो स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कैंप का सेंट जेवियर्स विद्यालय के सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को सीआरपीएफ की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और जवानों के दैनिक जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कैंप के अधिकारियों डिप्टी कमांडेंट प्रतिभा यादव तथा इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने छात्रों को सीआरपीएफ की भूमिका, प्रशिक्षण प्रक्रिया, आपदा प्रबंधन और आंतरिक सुरक्षा में बल के योगदान के बारे में बताया। छात्रों ने हथियारों की प्रदर्शनी, सुरक्षा उपकरणों और कैंप परिसर का अवलोकन किया तथा जवानों से संवाद कर उनके अनुभव जाने। इस अवसर पर छात्रों में देशभक्ति और अनुशासन की भावना देखने को मिली। छात्रों ने कहा कि इस दौरे से उन्हें सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का एहसास हुआ है। कैंप अधिकारियों ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक दौरों से युवाओं में जागरूकता बढ़ती है और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। दौरे के अंत में छात्रों ने सीआरपीएफ जवानों के साहस और समर्पण की सराहना की। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सिस्टर सुनीता ने कमांडेंट राजीव रंजन, जिन्होंने सारंडा में ड्यूटी पर होते हुए भी विद्यार्थियों को इस शैक्षणिक भ्रमण की अनुमति देने के लिए समस्त विद्यालय परिवार की तरफ से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। यह सुनहरा अवसर प्रदान करने के लिए विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज एस. जे. तथा उप प्रधानाचार्या सिस्टर सुनीता को तहे दिल से धन्यवाद दिया। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रयास को विद्यार्थियों, अभिभावकों और समुदाय ने भी सराहा और आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहेंगे।





# परीक्षा केन्द्रों में मोबाइल सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने पर पाबंदी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 3 फरवरी से आरंभ होने वाली माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आज न्यू टाउन हॉल में उप विकास आयुक्त सन्नी राज एवं सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने सभी सेंटर सुपरिंटेंडेंट एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर त्रुटि रहित परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का भौतिक भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण कर क्लासरूम, डेस्क व शौचालय की साफ सफाई, पर्याप्त रोशनी के लिए लाईट, पंखे, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

# बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल ने रिकॉर्ड उत्पादन कर रचा नया इतिहास

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल विभाग ने वर्ष 2026 के जनवरी माह में अब तक का सर्वश्रेठ 391204 टन मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है जो बेस्ट जनवरी उत्पादन होने के साथ ही हॉट स्ट्रिप मिल की स्थापना के बाद से अब तक का सबसे अधिक मासिक उत्पादन भी है. उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल ने दिसम्बर' 2023 में सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन 387791 टन किया था. बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) श्री पी के वर्मा एवं उनकी समस्त टीम, सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें श्रेष्ठता के नित नए बेंचमार्क स्थापित करने का संदेश दिया.

**बीएसएल में सौर ऊर्जा पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन**



बोकारो इस्पात संयंत्र में आगामी सौर ऊर्जा परियोजनाओं की योजना, विकास तथा उनके प्रभावी एवं समयबद्ध कार्यान्वयन पर व्यापक विचार-विमर्श के उद्देश्य से परियोजना विभाग स्थित अधिशासी निदेशक कॉन्फ्रेंस हॉल में दो दिवसीय सौर ऊर्जा सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य रचनात्मक एवं सकारात्मक संवाद के माध्यम से सौर ऊर्जा परियोजनाओं के सुचारु कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना रहा. सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक अनिमा कुशवाहा एवं मुख्य महाप्रबंधक डी. भंजा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक श्रीनिवास त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक एस.पी. दास सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. परियोजना विभाग, डीएनडब्ल्यू, सीईटी एवं टीए के अधिकारियों ने सम्मेलन में सहभागिता निभाते हुए इस महत्त्वपूर्ण पहल हेतु अपनाए गए अंतर-विभागीय एवं समन्वित दृष्टिकोण को रेखांकित किया. सम्मेलन के दौरान सीईटी के श्री आर. के. गुप्ता द्वारा परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें सौर ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित प्रमुख तकनीकी, परिचालन एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की गई. सम्मेलन में सौर ऊर्जा क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की. इनमें एनफिनिटी ग्लोबल, एम्पिन एनर्जी ट्रांज़िशन प्राइवेट लिमिटेड, स्विचिंग एवीओ इलेक्ट्रोपावर लिमिटेड, जैकसन ग्रीन लिमिटेड, फ्लोटेक्स सोलर प्राइवेट लिमिटेड (दुबई), रवि सोलर, एनवियो इन्फ्रा तथा साइफर क्यूब्स (प्रा.) लिमिटेड शामिल रहीं. संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने परियोजना निष्पादन एवं दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए. साथ ही, शहर क्षेत्र में प्रस्तावित लगभग 50 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्रों के संभावित स्थलों का भ्रमण भी किया गया. कार्यक्रम के दौरान परियोजना कार्यान्वयन की रणनीतियों, प्रक्रियाओं, तकनीकी आवश्यकताओं, समय-सीमा निर्धारण तथा अंतर-विभागीय समन्वय से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक एवं सकारात्मक चर्चा हुई. यह सम्मेलन नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com